सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-207 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 06 जनवरी 2024
23 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# स्वाति ने दिल्ली महिला आयोग को कहा अलविदा

**कार्यकाल**

- स्वाति मालीवाल होंगी आप की राज्यसभा उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की ओर से राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने के बाद दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाती महिवाल ने आज अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

इस्तीफा देने के बाद वह काफी भावुक नजर आईं। उनकी आंखों में आंसू थे जबकि चेहरे पर भी खामोशी साफ तौर पर दिखाई दे रही थी। ऐसा लग रहा था मानो वह अपने पिछले 8 साल के कार्यकाल को लेकर भावनाओं से भरी हुई है। पद से इस्तीफा देने के बाद स्वाति मालीवाल ने एक्स पोस्ट पर अपनी भावनाओं को भी व्यक्त किया है। उन्होंने दिल छू लेने वाला एक पोस्ट भी किया है। अब यह पोस्ट काफी वायरल हो रहा है। अपने पोस्ट के साथ उन्होंने एक वीडियो भी साझा किया है। इस वीडियो में वह काफी भावनात्मक दिखाई दे रही है। उन्होंने लिखा कि पल दो पल मेरी कहानी है आज नम आँखों से दिल्ली महिला आयोग को अलविदा कहा। 8 साल कब बीत गये पता नहीं चला। इलके साथ ही उन्होंने कहा कि यहाँ रहते हुए बहुत उतार चढ़ाव देखे। अपना हर दिन दिल्ली और देश की भलाई को समर्पित किया। लड़ाई ख़त्म नहीं हुई है, अभी बस शुरुआत है। इसके साथ ही उन्होंने एक बयान में कहा कि दिल्ली महिला आयोग ने पिछले आठ वर्षों में बहुत अच्छा काम किया है। हमने 1 लाख 70 हजार शिकायतों पर सीधे काम किया है। हमने केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को 500 से अधिक सुझाव भेजे। उन्होंने दावा किया कि उनके कार्यकाल दे दौरान 60,000 यौन उत्पीड़न पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई। 181 महिला हेल्पलाइन नंबर पर करीब 41 लाख कॉल आई दिल्ली महिला आयोग नहीं डरा और सिस्टम से अहम सवाल उठाए।

## नेवी के मार्कोस कमांडो का कमाल, अगवा जहाज पर बोला धावा

# सभी 21 बंधकों को छुड़ाया

**हौसला**

- 21 चालक दल में 15 भारतीय भी है शामिल
- जहाज को समुद्री लुटेरों ने किया था किडनैप
- सोमालिया के पास हाईजैक किया गया था जहाज

### जहाज पर लगा था लाइबेरिया का झंडा

भारतीय नौसेना के अधिकारियों के मुताबिक किडनैप किए गए जहाज एमवी लीला नॉरफॉक के किडनैप होने के बारे में गुरुवार शाम को जानकारी मिली थी। सोमालिया के तट के पास अगवा किए गए इस जहाज पर लाइबेरिया का झंडा लगा है। भारतीय नौसेना के विमान जहाज पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। क्रू मेंबर के साथ कम्युनिकेशन स्थापित कर लिया गया है।



**नई दिल्ली।** उत्तरी अरब सागर में एमवी लीला नॉरफ़ॉक के अपहरण की कोशिश को भारतीय नौसेना ने तत्काल कार्रवाई करके नाकाम कर दिया है। जहाज पर सवार सभी 21 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, इनमें 15 भारतीय हैं। नौसेना के मार्कोस कमांडो के मुताबिक जहाज पर अपहरण करने वाले मौजूद नहीं थे। भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई कार्गो शिप एमवी लीला नॉरफ़ॉक के करीब मौजूद है। उसके बिजली उत्पादन और उत्पादन और नेविगेशन सिस्टम को बहाल करके अगले बंदरगाह तक अपनी यात्रा शुरू करने में मदद दी जा रही है। इससे पहले अगवा जहाज एमवी लीला नॉरफ़ॉकपर नौसेना के मार्कोस कमांडो का ऑपरेशन शुरू किया गया। नौसेना के कमांडो कमॉडों अगवा शिप पर चढ़ गए और जहाज की तलाशी का काम किया. नौसेना के वॉरशिप आईएनएस चेन्नई ने अपने एंटी पाइरेसी गश्त से हटकर आज आगवा जहाज एमवी लीला नॉरफ़ॉक को रोक लिया था। इसको समुद्री गश्ती विमान, प्रीडेटर एमक्यू9बी और इंटीग्रल हेलोस का उपयोग करके निरंतर निगरानी में रखा गया था। भारतीय नौसेना ने इससे पहले अपहरण करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अगवा जहाज को छोड़ दें।

# टीएमसी नेता के घर छापेमारी करने गई टीम पर हमला

**हड़कम्प**

- गाड़ियों में तोड़फोड़
- बनगांव में भी जांच एजेंसी की कार्रवाई



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखली में शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम पर हमला किया गया। टीम पर तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां के समर्थकों ने शुक्रवार को हमला बोल दिया। इस दौरान बदमाशों ने उनके वाहनों में भी तोड़फोड़ की।

ईडी के अधिकारी राशन वितरण घोटाले की जांच के संबंध में शाहजहां के उत्तर 24 परगना जिला स्थित आवास पर छापा मारने पहुंचे थे। एक अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारी राज्य में 15 स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं और शेख का आवास उनमें से एक है। वहीं, राशन घोटाला मामले में ईडी ने बनगांव में पूर्व बनगांव नगर पालिका अध्यक्ष शंकर आध्या के आवास पर भी छापेमारी की। अधिकारी ने बताया कि जब ईडी अधिकारी सुबह संदेशखली इलाके में शेख के आवास पर पहुंचे तो बड़ी संख्या में तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने ईडी अधिकारियों और उनके साथ आए केंद्रीय बलों के जवानों को घेर लिया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शन किया और फिर उन पर हमला कर दिया।

## सीएम योगी ने 'नो योर आर्मी फेस्टिवल-2024' का उद्घाटन किया

# सुरक्षित संप्रभु राष्ट्र के लिए सेना जरूरी: योगी

**प्रदर्शन**

- हाथ में राइफल, टैंक की सवारी सेना के कार्यक्रम में दिखा सीएम का अलग अंदाज
- 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति का प्रतीक है भारतीय सेना



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेना के मध्य कमान (सूर्या कमान) में आयोजित तीन दिवसीय नो योर आर्मी फेस्टिवल का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर फेस्टिवल का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान सिख रेजिमेंट के जवानों ने साहसिक पंजाबी धुनों पर अपने पारंपरिक शौर्यकला का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें सेना के साजो-सामान के साथ ही अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया। सीएम योगी ने सेना के अधिकारियों से विभिन्न हथियारों और सैन्य सामानों के बारे में जानकारी भी ली। वहीं इससे पहले मुख्यमंत्री ने फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश के 140 करोड़ जनता की शक्ति और साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक सशक्त सेना ही सुरक्षित और संप्रभु राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकती है। पहली बार देश की राष्ट्रीय राजधानी के बाहर आयोजित हो रहे नो योर आर्मी फेस्टिवल के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि समारोह के लिए लखनऊ स्थित सेंट्रल कमांड को चुना जाना गर्व की बात है।

# शरद पवार के पोते रोहित की कंपनी पर ईडी का छापा

**अभियान**

- रोहित पवार की युवा संघर्ष यात्रा को लेकर भाजपा की असुरक्षा के कारण तलाशी ली गई



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को महाराष्ट्र स्थित कंपनी बारामती एग्रो प्राइवेट लिमिटेड के परिसर पर छापा मारा, जिसके सीईओ एनसीपी विधायक और शरद पवार के पोते रोहित पवार हैं। एजेंसी की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पार्टी के शरद पवार गुट ने कहा कि रोहित पवार की हालिया युवा संघर्ष यात्रा को लेकर असुरक्षा के कारण तलाशी ली गई। एनसीपी (शरद पवार समूह) के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी की तलाशी रोहित पवार को नहीं रोक पाएगी।

## इकबाल अंसारी को मिला प्राण प्रतिष्ठा का न्योता

**अयोध्या।** अयोध्या भूमि विवाद मामले के पूर्व वादी इकबाल अंसारी को 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिला। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से, आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने आज उन्हें निमंत्रण कार्ड सौंपा। इसको लेकर इकबाल अंसारी ने अपनी खुशी भी वयक्त की है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि भगवान राम की मूर्ति स्थापित होने जा रही है। अयोध्या हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई सद्भाव की भूमि है। यह हमेशा बरकरार रहेगा सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया और देशभर के मुसलमानों ने इसका सम्मान किया। इकबाल अंसारी ने कहा कि कहीं कोई विरोध या प्रदर्शन नहीं हुआ अयोध्या के लोग खुश हैं, मैं भी खुश हूं।

## सोलन में जेपी नड्डा ने किया भव्य रोड शो, कांग्रेस पर कसा तंज

# झूठ बोलकर नहीं चलती राजनीति

**निशाना**

- ये भारत जोड़ नहीं रहे, तोड़ने में लगे हैं
- बघेल ने गरीबों को दी गई केंद्र की योजनाओं को लटकाया



**शिमला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं। सोलन में उन्होंने भव्य रोड शो किया। इसके साथ ही उन्होंने अभिनंदन समारोह को संबोधित भी किया। नड्डा ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और विपक्ष पर निशाना भी साधा। नड्डा ने कहा कि झूठ बोलकर राजनीति नही चलती है, लोगों को धोखे में रखकर राजनीति नहीं चलती है। लोगों से जुड़ना पड़ता है, उनकी तकदीर बदलनी पड़ती है और ये काम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है, इसलिए हमें राजस्थान में जीत मिली, मध्य प्रदेश में जीत मिली और छत्तीसगढ़ में भी जीत मिली। विपक्ष पर वार करते हुए नड्डा ने कहा कि भूपेश बघेल ने गरीबों को दी गई केंद्र सरकार की योजनाओं को लटकाया इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता ने उन्हें और उनकी सरकार को लटका दिया। राजस्थान में लोगों को समझ आ गया था कि गहलोत की सरकार महिलाओं पर अत्याचार करने वाली सरकार है, युवाओं के साथ अन्याय करने वाली सरकार है। 19 बार पेपर लीक हुआ, कोई भर्ती नहीं हुई इसलिए प्रदेश की जनता ने उन्हें घर बैठा दिया।

# राजस्थान में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा



- सीएम के पास गृह, दीया को मिला वित्त विभाग

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों को विभागों का वितरण किया। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को वित्त मंत्री बनाया गया है। भजन लाल शर्मा ने गृह मंत्रालय समेत अन्य विभाग अपने पास ही रखे हैं। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को कृषि और ग्रामीण विकास विभाग मिला है, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को उद्योग और वाणिज्य, खेल और युवा मामलों का मंत्री बनाया गया है, गजेंद्र सिंह खिमसर को चिकित्सा स्वास्थ्य और विज्ञान (ईएसआई) मिला है। डिप्टी सीएम दीया कुमारी को वित्त विभाग, पर्यटन विभाग और महिला एवं बाल विकास सहित छह विभाग मिले हैं, जबकि डिप्टी सीएम प्रेम चंद बैरवा को उच्च शिक्षा विभाग और सड़क परिवहन और राजमार्ग सहित चार विभाग मिले हैं। मदन दिलावर शिक्षा (प्राथमिक एवं माध्यमिक), संस्कृत शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री हैं।






# श्रीराम के भव्य मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा पर खीरी जिले के सभी मन्दिरों में भजन कीर्तन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा पर खीरी जिले के सभी मन्दिरों में भजन कीर्तन, रामचरित मानस का अनवरत पाठ सहित धार्मिक आयोजन होंगे। इसके लिए सरकार ने आदेश जारी कर दिया है। खीरी जिले के मन्दिरों में धार्मिक आयोजनों के लिए सरकार ने 5 लाख रुपए का बजट भी जारी किया है। हालांकि खीरी जिले के कितने मन्दिरों में यह कार्यक्रम होगा यह प्रशासन अभी तक तय नहीं कर सका है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना है। इससे पहले ही धार्मिक अनुष्ठान व कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में सभी भगवान राम के मन्दिरों, वाल्मीकि मन्दिरों, हनुमानजी के मन्दिरों में रामकथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन की शुरुआत 4 जनवरी को हो जाएगी। सूर्य भगवान के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही धार्मिक आयोजनों की शुरुआत हो जाएगी। मन्दिरों में कार्यक्रमों को लेकर सरकार ने बजट भी जारी किया है। यूपी के 20 जिले ऐसे हैं जिनके लिए सरकार ने 5-5 लाख रुपए इन आयोजनों के लिए जारी किया है। इसमें खीरी जिला भी शामिल है। वाल्मीकि रामायण में उल्लिखित श्रीराम के आर्दशों, मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। मन्दिरों में दीप प्रज्ज्वलन, रामकथा, प्रवचन, रामचरित मानस व सुन्दरकांड का पाठ अनवरत जारी रहेगा। कलाकारों का चयन संस्कृति विभाग व सूचना विभाग पंजीकृत कलाकारों, भजन कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया जाएगा। आयोजनों का अनुश्रवण नोडल व सहायक नोडल अधिकारी करेंगे। इस कार्य के लिए महिला मंगल दल, युवा मंगल दल, आशा, आंगनबाड़ी आदि को जिम्मेदारी दी जा रही है।

# ढमोला किनारे ग्रीन बेल्ट विकसित करेगा नगर निगम

## गिल कॉलोनी के पुराने गेट को रेनोवेट कराने के भी दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम गिल कॉलोनी से सटे ढमोला नदी के किनारे ग्रीन बेल्ट विकसित करेगा। सिंचाई विभाग से एनओसी लेने के बाद निगम ग्रीन बेल्ट का कार्य शुरु करेगा। इस सम्बंध में नगरायुक्त ने आज निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। नगरायुक्त निगम अधिकारियों के साथ आज सुबह गिल कॉलोनी का निरीक्षण कर रही थी।

नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज नगर निगम के अधिकारियों को साथ लेकर आज सुबह वार्ड 37 गिल कॉलोनी पहुंची। पार्षद गौरव कपिल व रेजीडेंट्स एसोसियेशन नारायणपुरी गिल कॉलोनी के अध्यक्ष सुवीर गुप्ता और सचिव राजेश कपूर एडवोकेट सहित कॉलोनीवासियों ने बुके भेंट कर नगरायुक्त का स्वागत किया। नगरायुक्त ने क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए लोगों से साफ-सफाई, जल निकासी व सीवर आदि के सम्बंध में जानकारी ली और उनके समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

पार्षद गौरव कपिल व एसोसियेशन सचिव राजेश कपूर ने नगरायुक्त को



बताया कि उनके पूरे क्षेत्र में कोई पार्क नहीं है। उन्होंने ढमोला नदी के किनारे खाली पड़ी भूमि पर पार्क बनाने का सुझाव दिया जिस पर नगरायुक्त ने सिंचाई विभाग से एनओसी लेकर ग्रीन बेल्ट विकसित करने के निर्देश दिए। लोगों की मांग पर उन्होंने गिल कॉलोनी के कई दशक पुराने गेट (डेरी के बराबर में) के पिलर का निरीक्षण करते हुए गेट के रेनोवेशन हेतु निर्माण विभाग को आगणन बनाने को कहा। घरों से कूड़ा कलेक्शन और पुरान सीवर लाइन चौक की समस्या पर उन्होंने जलकल विभाग के अधिकारियों को सीवर सफाई का अभियान चलाने तथा सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम को आईटीसी के सहयोग से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराने की व्यवस्था बनाने पर जोर दिया।

इसके अलावा पार्षद गौरव कपिल व क्षेत्रीय लोगों ने कोर्ट रोड नाला निर्माण, कॉलोनी क्षेत्र में यूरिनल निर्माण, गली नंबर दो नाले को ठीक कराने, हाथी गेट की पुलिया व नाला सफाई तथा कॉलोनी में कैमरे लगवाने आदि की मांग की।

नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। क्षेत्रीय लोगों ने गली नंबर दो में बनाई गयी सीसी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग की भी शिकायत की। जिस पर नगरायुक्त ने अधिकारियों को उस सम्बंध में कार्रवाई के आदेश दिए। इस दौरान सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम, शिवराज सिंह, अधीक्षण अभियंता जलकल वी बी सिंह, एई राजेंद्र प्रसाद, एई निर्माण रतन पाण्डेय, जेडएसओ राजीव, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व चंद्रपाल के अलावा क्षेत्र के रामकुमार सिंह, मदन गोपाल अरोड़ा, नवदीप, राहुल कपिल, गजेंद्र त्यागी व पूर्व सभासद संजीव सेखरी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## हत्याकांड के फरार आरोपी के घर बुलडोजर लेकर पहुंची पुलिस

**लखीमपुर खीरी।** दो दिन पहले सदर कोतवाली क्षेत्र में हुए हत्याकांड के फरार आरोपी के घर शुक्रवार को पुलिस बुलडोजर लेकर पहुंच गई। पुलिस के साथ गई राजस्व विभाग की टीम ने वहां नपाई शुरू कर दी। पुलिस का कहना था कि फरार हत्यारोपी की अवैध संपत्ति ढहा दी जाएगी। पुलिस के तेवर देखकर आरोपी के घरवाले और आसपास के लोग सकते में आ गए। बता दें कि मंगलवार की रात सदर कोतवाली क्षेत्र के सेठघाट में एक बोर वेल मिस्त्री की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हरियाणा में रहने वाला बलराम नाम का मिस्त्री जल जीवन मिशन के तहत हो रहे काम करने के लिए यहां आया था। रात को शराब पीने के विवाद में दबंगों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। इस हत्याकांड में कुलदीप वाजपेयी समेत तीन आरोपी नामजद किए गए। आरोपी कुलदीप भागा फिर रहा है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। शुक्रवार को पुलिस यहां बुलडोजर लेकर पहुंच गई और घर ढहा देने की चेतावनी देने लगी।

## दो लोगो को कार ने मारी टक्कर, एक की हुई मौत

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र क्षेत्र में एक युवक कार की टक्कर लगने से घायल हो गया जिसे अस्पताल ले जाया गया है। क्षेत्र के गांव खम्हौल निवासी गोविंद कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 24 दिसंबर की शाम उसका भाई सुधीर और आकाश बाइक से अपनी बहन के यहां कोंधवा जा रहे थे। रास्ते में सड़क के किनारे दोनों भाई खड़े थे तभी एक कार चालक से टक्कर मार दी थी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान सुधीर की मौत हो गई।

## चोरी के एक मोबाइल फोन सहित किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मझगई पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 51/23 धारा 380/457/411 भादवि की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त आरुन अली उर्फ प्रधान पुत्र यूनुस अली को चोरी के एक मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# पुलिस ने किया ट्रैक्टर चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा

## एसएसपी ने की पुलिस टीम को 25 हजार रूपये ईनाम देने की घोषणा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** ट्रैक्टर चोरी की घटनाओं में संलिप्त अन्तर्जनपदीय गिरोह के 02 शातिर चोरों को थाना बेहट पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरोह के सदस्य ट्रैक्टर स्वामी व मालिक को विश्वास में लेकर कोलड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर ट्रैक्टर चोरी कर लेते थे। एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रूपये का ईनाम देने की घोषणा की है।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि थाना बेहट पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी की 03 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए अन्तर्जनपदीय गिरोह के 02 शातिर चोर राममेहर सिंह पुत्र फूल सिंह व सचिन पुत्र सतपाल को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे व निशानदेही पर चोरी के 03 ट्रैक्टर व 02 ट्राली बरामद की गई। पूछताछ



करने पर अभियुक्त राम मेहर सिंह ने बताया कि पह किराये पर ट्रैक्टर मालिको से सामान ढोने के बहाने अधिक पैसो का लालच देकर ट्रैक्टर की बुकिंग कर लेता है तथा उसे बुकिंग पर ले जाता है। रास्ते मे किसी भी सुनशान स्थान पर ट्रैक्टर मालिक व चालक को कोल्ड ड्रिन्क व शराब पिलाने के बहाने बैठाता लेता तथा कोल्ड ड्रिन्क या शराब मे नशीला पदार्थ मिलाकर वाहन मालिक या चालक को पिला देता है, जिससे वह बेहोश हो जाता है। उसके बेहोश होने के पश्चात उसको किसी भी सुनशान जगह पर नशे की हालत मे छोडकर उसका ट्रैक्टर ट्राली चोरी करके ले जाता है। इसके बाद चुराये गये ट्रैक्टर व उसके पार्ट्स को अलग-अलग किसी भी व्यक्ति को बेच देता है। उसने योजना बनाकर इसी तरह जनपद शामली मे ग्राम खेडी करमो से पुरा महादेव तक कोल्हु लाने के बहाने ट्रैक्टर बुक कराया था व ट्रैक्टर मालिक को रास्ते में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पद्धार्थ मिलाकर पिला दिया। फिर उसे रास्ते मे इकरी गांव के पास छोडकर ट्रैक्टर लेकर भाग गया। इसी तरह उसने बडगांव से बेहट बुकिंग कराने के बहाने ट्रैक्टर चोरी कर चालक को रास्ते मे फेंक दिया। इसी प्रकार उसने किराये पर ट्रैक्टर ट्राली ले जाकर रास्ते मे ट्रैक्टर मालिक व चालक खिला पिलाकर ट्रैक्टर चोरी किये थे। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि घटना के अनावरण करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने 25000 रूपये का ईनाम की घोषणा की है। चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मेहर सिंह, उपनिरीक्षक सतीश रौसा, हैड कांस्टेबल सुनील राणा, राजीव पंवार, कांस्टेबल कुलदीप कुमार व मोहित धाम शामिल रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने वृद्ध महिलाओं का किया सम्मान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज महिला मोर्चा कार्यकत्रियों ने जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सौ वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी महिलाओं से संपर्क साधा और उन्हें पटका पहना सम्मानित कर कम्बल भी वितरित किए। इस दौरान मोदी सरकार की योजनाओं से भी लाभान्वित होने को प्रेरित किया। आज प्रदेश व्यापी आह्वान के तहत भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकत्रियों ने जगह-जगह जनसंपर्क अभियान चलाया और घर-घर जकर लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान किया। भाजपा महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष आरती शर्मा के नेतृत्व में 100 साल ज्यादा की उम्र की महिला से मुलाकात की गई और उसका पटका पहनाकर स्वागत सम्मान भी किया गया और चाय पर उनसे मोदी की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो गरीबों के लिए योजनाएं चलाई है, उनका आमजन को बहुत लाभ मिल रहा है। मोदी सरकार ने गरीबों को मकान, राशन, गैस सिलेंडर, पक्के मकान आदि देकर उनका मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। इसके अलावा आयुष्मान योजना का भी सभी वर्गो को ऐतिहासिक लाभ मिल रहा है और अब अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण हो रहा है।

# जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने विभिन्न कीटनाशी विक्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्रीमती शिप्रा द्वारा अपनी टीम के साथ जनपद के कीटनाशी विक्रय केन्द्रों गागलहेडी, कैलाशपुर, चमारी खेडा, हरौडा, मथाना, एंव जंटपुरा क्षेत्र मे स्थित कीटनाशी विक्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विक्रय के लिये रखे कीटनाशी से सम्बन्धित अभिलेख एंव बिल का अवलोकन किया गया। इसी क्रम में गौरी पेस्टीसाइड चमारीखेडा का विक्रय लाइसेंस अभिलेख एंव कृषको को बिक्री उपरान्त बिल ना देने के कारण लाइसेंस निलम्बित किया गया। इसके अतिरिक्त साई पेस्टीसाइड एण्ड ट्रेडर्स चमारीखेडा, शिवशक्ति पेस्टीसाइड, किसान टेऊडर्स मथाना, एच0ए0एम पेस्टीसाइड सम्भालकी रोड,सैनी खाद भंडार एंव पेस्टीसाइड जटपुरा रोड, सर्वोत्तम पेस्टीसाइड चमारी खेडा, लक्ष्मी बीज भण्डार हरोडा लाइसेंस

# नववर्ष 2024 का एसआईए ने किया हर्षोल्लास से स्वागत

## प्रख्यात कवि अनामिका व हास्य कलाकार जूनियर जसपाल भट्टी ने सभी का किया मनोरंजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने नववर्ष 2024 का हर्षोल्लास से स्वागत किया। इस दौरान गीत, संगीत के साथ-साथ कवियों ने अपनी रचनाओं तथा हास्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को जमकर गुदगुदाया और देर रात तक अपने फन से श्रोताओं को बांधे रखा।

दिल्ली रोड स्थित एक बैंकट एसआईए द्वारा नववर्ष 2024 कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस दौरान प्रख्यात कवि डॉ..अनामिका अंबर जैन ने अपनी रचनाओं के माध्यम से धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और आपसी संबंधों पर तीखें व्यंग कर श्रोताओं को तालिया बजाने पर विवश कर दिया और उनकी जमकर दाद बंटोरी। साथ ही फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े जूनियर जसपाल भट्टी ने भी हास्य प्रस्तुतियों से



श्रोताओं को लोटपोट कर दिया।

देश की जाने-माने देश की जानी-मानी कवित्री डॉक्टर अनामिका अंबर ने अपने विशिष्ट अंदाज में धर्म, समाज राजनीति व पारिवारिक ताने-बाने पर खुलकर पढा -दिल में जगह नहीं थी बिल्कुल, हर धड़कन पर लिखे थे। मन के कोरे कागज पर दो ही अक्षर लिखे थे। रावण से कैसे उठ जाता, महादेव का धनुष भला। अगर सिया के भाग्य में अंबर , केवल रघुवर लिखे थे। सत्ता की अभिलाषा में, जिन्ना भारत तोड़ गए। गंगा जमनी तहजीब छोड़ गए। मेरे अंदाज को अलग अंदाज दे देना, चली आऊंगी मैं आवाज दे देना। हिम्मत के धागे टूटे तो, उसके पास चले जाना। दोस्त हौसलों के दर्जी हैं, मुफ्त में रफूकर देते हैं। डॉ.अनामिका अंबर ने देर रात तक श्रोताओं को अपनी रचनाओं से बांधे रखा और समाज व राजनेताओं को सीख भी दी। डॉ.अनामिका अंबर ने कार्यक्रम का लकी ड्रा इंडियन हर्ब्स के पंकज कपूर व अशोक धीमान एवं बेस्ट ड्रेस एवार्ड शिवांग गौड, रमन मक्कड़, पंकज गुप्ता एवं गरिमा मल्होत्रा को प्रदान किया।

इस दौरान मुख्य रूप से जिला उद्योग केंद्र की संयुक्त निदेशक श्रीमती अंजू रानी, सहारनपुर इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवकुमार गौड, महामंत्री उदित अरोड़ा, कोषाध्यक्ष परम बत्रा, संरक्षक दिनेश सेठी, लघु उद्योग भारती अध्यक्ष अनुपम गुप्ता, सीआईएस अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी, संजय मल्होत्रा, अमर गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सरदार दलजीत सिंह कोचर, शरद भार्गव, सुमन राजपूत, प्रशांत कपिल, सोम गोयल, देवेंद्र बंसल, मुकेश शर्मा दीपक बंसल, डॉक्टर एके जैन समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जननी सुरक्षा योजना के भुगतान को करें शीघ्रः डीएम

## जनपद की सभी पैथोलॉजी लैब की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्रा ने नियमित टीकाकरण और हेल्थ डेस्क रैंकिंग में जनपद की प्रथम रैंक आने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि इसकी निरंतरता बरकरार रखें। उन्होंने जनपद में बिना लाइसेंस के चल रहे पैथोलॉजी लैब की एसडीएम और एमओआईसी को जांच करने के बाद एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी एमआईआईसी को निर्देश दिए की उनके क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना में इंपेनल्ड चिकित्सालयों की नियमित रूप से जांच करे ताकि किसी तरह कार्ड का दुरुपयोग न हों।

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक ले रहे थे। जिलाधिकारी ने मातृत्व सुरक्षा योजना, बाल



स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आशा कार्यक्रम समीक्षा, रोगी कल्याण, परिवार कल्याण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, स्कूल आई स्क्रीनिंग कार्यक्रम, प्रतिरक्षण कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर आदि की समीक्षा की। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत किए जाने वाले भुगतान को समय से करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा आवश्यक सुविधाओं के लिए उपलब्ध टाइड फंड को खर्च करने के साथ जो खर्च हुआ है उसको सत्यापित करने के निर्देश दिए। डॉ.दिनेश चंद्र ने समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि संस्थागत प्रसव को बढाया जाए। उन्होने कहा कि सभी चिकित्सक अपने दायित्वों का भली प्रकार से निर्वहन करते हुए अगले माह संस्थागत प्रसवों में बढोत्तरी लाना सुनिश्चित करें। जिन कारणों से संस्थागत प्रसवों में कमी आ रही है उनकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर स्वास्थ्य संबंधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही साफ-सफाई एवं शत-प्रतिशत विद्युत कनेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। परिवार कल्याण के अन्तर्गत जन सामान्य को जागरूक करते हुए प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आशाओं के मानदेय का भुगतान समय से किया जाए। आशाओं एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों की डोर-टू-डोर विजिट बढाई जाए ताकि नियमित टीकाकरण का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो सके।

डॉ.दिनेश चन्द्र ने स्कूल आई स्क्रीनिंग कार्यक्रम के तहत वितरित किये जाने वाले चश्मों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शीघ्रता से वितरित किया जाए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में लगी टीमों को निर्देश दिये कि स्कूलों में प्रतिमाह विजिट करें तथा आच्छादन सख्या को बढाएं एवं चिन्हित बच्चों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# किसानो की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत का प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** गन्ना मूल्य वृद्धि समेत किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के आह्वान पर आज किसानों ने प्रदर्शन किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री



को संबोधित 14 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा।

भाकियू टिकैत से जुड़े किसान खनन कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए और वहां पर एक पंचायत का आयेजन किया। पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव चौधरी विनय कुमार ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानो से किए गए वादो को दो वर्ष पूरे होने को है, लेकिन अभी तक सरकार अपने घोषणा पत्र में किये गये वायदों को पूरा नहीं कर पाई है। प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना मूल्य घोषित न होने के कारण, गन्ना मूल्य भुगतान, मुफ्त बिजली, आवारा पशु, भूमि अधिग्रहण व फसलों के भाव को लेकर किसान नाराज है। सरकार को इस पर तुरंत एक्सन लेना चाहिए वरना किसान आंदोलन को तैयार बैठा है। जिला अध्यक्ष चौधरी राजपाल ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आज किसानों के मुद्दों को लेकर आज पूरे प्रदेश भर में किसान प्रदर्शन कर रहे है। पंचायत के पश्चात सभी किसान जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और किसानों की समस्याओं को लेकर जमकर नारेबाजी की और प्रदेश मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए कहा कि गन्ना मूल्य भुगतान, मुफ्त बिजली, आवारा पशु, भूमि अधिग्रहण व फसलों के भाव तय किये जाय।

मंडल सचिव आरिफ मलिक ने कहा कि सरकार वोट लेने के नाम पर किसानों से लुभाने वादे करती है और फिर मुकर जाती है। सरकार को अपने वादे जल्द से जल्द पूरे करने चाहिए। इस दौरान प्रदेश सचिव चौधरी सुदेश पाल, पश्चिम प्रवक्ता चौधरी रघुवीर सिंह, मण्डल सचिव आरिफ मलिक, महानगर अध्यक्ष मुकेश तोमर, अजय कंबोज, ओमवीर सिंह, सरदार जगतार सिंह, परवेज, आदिल, आशीष, पारित, अनूप सिंह यादव, राजवीर सिंह, कालू राम प्रधान, रविंद्र, राव नौशाद, अजनीश कुमार, प्रवीण कुमार, राजकुमार, ललित, पहल सिंह, उस्मान, जावेद मलिक, संजय करसनिया, अंकित सैनी, आलम आदि मौजूद रहे।

धरने का संचालन जिला महासचिव जिले सिंह, अशोक कुमार मण्डल प्रभारी ने किया अध्यक्षता सरदार अजीत सिंह ने की।

# संदिग्ध परिस्थितियों गंभीर अवस्था में युवक के मिलने से हड़कंप मचा


*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के शिवगढ़ मार्ग पर बीती देर रात हसनपुर गांव के पास संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लतफत गंभीर अवस्था में एक युवक मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने पहले इसकी सूचना पुलिस को दी, उसके बाद 108 एंबुलेंस को फोन किया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस के द्वारा घायल को सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, अग्रिम विधि कार्यवाही की जा रही है। आपको बता दें कि, थाने से प्राप्त विवरण के मुताबिक घटना गुरुवार की रात लगभग 8 बजे की है। हसनपुर गांव के पास राजविंदर (32) पुत्र संतलाल पासी निवासी कोटवा मदनिया को ग्रामीणों ने खून से लतफत गंभीर रूप से घायल संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क के किनारे देखा। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई और ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस को फोन करके घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से ग्रामीणों ने घायल राजविंदर को सीएचसी महराजगंज पहुंचा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल बालेंदु गौतम का कहना है कि, अभी किसी प्रकार की कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, अगर तहरीर मिलेगी तो नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। उधर चर्चा है कि, गुरुवार को कोटवा मदनिया गांव का मेला था, युवक साइकिल से मेला गया हुआ था, उसे नशे की लत थी, जिसकी वजह से वह हसनपुर गांव नशा करने के लिए गया था, वहां से वह अपनी साइकिल से वापस लौट रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल सड़क के किनारे पड़ा हुआ था, कुछ दूरी पर उसकी साइकिल पड़ी मिली थी।

# सैकड़ो ग्रामीण हुए मायूस आने-जाने का नहीं है रास्ता

*अवधनामा संवाददाता*

**डलमऊ, रायबरेली।** ग्राम सभा चांदपुर लूक के पूरे कुंजन में ग्रामीणों का बुरा हाल ग्रामीण बद से बत्तर जिंदगी जीने को है ।मजबूर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि आने-जाने का हमारा मेन रास्ता जो की नहर विभाग की माइनर के बगल से है जो की माइनर की सही तरीके से सफाई न होने के कारण वह पूरी माइनर को ना साफ करने की वजह से आधी माइनर साफ करके छोड़ देते हैं और लास्ट का हिस्सा नहीं साफ करते जिस कारण पानी आगे नहीं बह पाता और रास्ता के बगल तक ही साफ किया जाता है। इस वजह से आगे माइनर पटी होने के कारण पानी आगे नहीं जा पाता और जब पानी आगे नहीं जाएगा तो मजबूरन बगल से माइनर फूट जाएगी और माइनर कट जाएगी जब माइनर कट जाती है तब रास्ता को बहा ले जाती है और फिर ग्रामीणों का जो रास्ता है। वह माइनर के कट जाने के कारण रास्ता पूरा बह जाता है। इस वजह से ग्रामीण रामनरेश राकेश राम



नारायण रामकुमार राम लखन कमलेश कुमार दिनेश कुमार मोहनलाल जगतपाल धनुष पाल ओमप्रकाश ओम शंकर हरि शंकर रामधनी राजबहादुर हरिलाल देवराज भोला यादव अशोक रंजीत रामसनेही राम सजीवन प्रेमचंद रामचंद्र मूलचंद संतोष कुमार ने आरोप लगाया है की हमने कई बार शिकायत की है। लेकिन किसी ने इसको अपनी जिम्मेदारी नहीं समझा और आज दिन तक हमारा रास्ता किसी ने नहीं बनवाया जिससे हम लोगों को आने-जाने में बहुत दिक्कत हो रही है।

## संघ प्रचारक आशुतोष का किया स्वागत

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर प्रचारक आशुतोष ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के हम साक्षी बन रहे है, यह हमारे लिए अत्याधिक गौरवशाली बात है, क्योंकि 500 वर्षो के बाद यह सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि सभी लोग 22 जनवरी को दीपावली जैसा उत्सव मनायें। महानगर प्रचारक आशुतोष दिल्ली रोड स्थित आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे, जहां उनका संघ कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ने सभी हिन्दू परिवार तक अक्षत पहुँचाने का अभियान चलाया है। अयोध्या में बनने वाले श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिषठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत द्वारा किया जाएगा।

## परिषदीय स्कूल के पास मिला 11 फीट लंबा अजगर



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** परिषदीय स्कूल के पास सड़क किनारे 11 फीट निकले अजगर को देख ग्रामीणों में दहशत फैल गयी। ग्रामीणों ने पुलिस व वन विभाग को जानकारी दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गांव में पहुंच कर अजगर को पकड़ लिया। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। थाना कंपिल क्षेत्र के गांव पहाड़पुर के ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय के समीप झाडियों में एक जीव देखा। पहले तो ग्रामीण समझ नही पाए जब थोड़ा पास पहुंचे तो देख कर हैरान रह गए। वह विशालकाय अजगर था। ग्रामीण घबरा गए। अजगर निकलने की खबर गांव व आसपास क्षेत्र में फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों ने अजगर की लंबाई लगभग 11 फीट के आसपास आंकी है। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस व वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के दरोगा महेश चंद्र ने टीम के साथ अजगर को कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ लिया। वन विभाग टीम अजगर को पकड़कर साथ ले गई।

## अंबेडकर प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** अराजक तत्वों ने कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम पखना बिहार में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने से इलाके में सनसनी फैलने से रोष व्याप्त हो गया। ग्राम प्रधान श्रीमती सरोजनी देवी शर्मा सदर कोतवाली के सिंधी कॉलोनी में परिजनों के साथ रहती हैं। उन्हें शुक्रवार की सुबह 7 बजे ग्रामीणों ने फोन पर सूचना दी कि रात में किसी शरारती व्यक्ति द्वारा बाबा साहेब की मूर्ति की कुछ तोड़फोड़ कर दी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीते माह ही गांव में स्थापित बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति का चबूतरा बाउंड्री का निर्माण कराकर पेंटिंग कार्य करवाया था। प्रधान की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। मुकदमे की जांच पखना चौकी इंचार्ज अजय सिंह सिंह को पहुंची गई जिन्होंने तुरंत ही मौके पर जाकर जांच पड़ताल की।

## भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन डीएम को सौंपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। बाद में 14 सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा । उन्होंने बताया कि गन्ने की पेराई सत्र को शुरु हुए दो माह से भी अधिक का समय हो गया है। लेकिन गन्ने का भाव घोषित नहीं किया गया है जबकि पिछले 4 वर्षों में मात्र 25 प्रति कुंतल बढ़ाकर किसानों को और गरीब बनाने का काम किया गया। गन्ने की खेती पर बढ़ते हुए खर्च को देखते हुए। प्रदेश सरकार 500 प्रति कुंतल गन्ने का भाव घोषित करें। गन्ने के भुगतान को डिजिटल प्रणाली भुगतान से आने वाले पेराई सत्र 2023, 24 में जोड़ा जाए। इस मौके पर लक्ष्मी शंकर जोशी जिला महासचिव मुकेश शर्मा डॉक्टर संजीव अरविंद प्रभाकांत मिश्रा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह सहित किसान संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लावारिस वाहनों की कोतवाली में हुई नीलामी

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली में लावारिस वाहनों की नीलामी संपन्न हुई। जिसमें 19 लावारिस दोपहिया वाहनों को 60 हजार रुपये की सर्वाधिक बोली में खरीदा गया। कोतवाली परिसर में खड़े 19 लावारिस वाहनों की नीलामी गुरुवार को होनी थी। नायब तहसीलदार गौरव कुमार व कोतवाल विमलेश कुमार की उपस्थिति में नीलामी की प्रक्रिया शुरु हुई। नीलामी में भाग लेने के लिए 28 लोग पहुंचे थे। 50 हजार रुपये से नीलामी की बोली की शुरुआत हुई। जिसमें जालौन निवासी शाहरुख ने सर्वाधिक 60 हजार रुपये की बोली लगाकर नीलामी अपने नाम की। कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि 19 लावारिस दोपहिया वाहनों की नीलामी की गई है। नीलामी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन 9 को

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** प्र. जिला रोजगार सहायता अधिकारी विकास मिश्रा जनपद के समस्त हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आई.टी.आई. एवं डिप्लोमाधारी योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किय है कि दि. 09 जनवरी को कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करहल रोड में किया जायेगा, जिसमें निजी क्षेत्र के लगभग 25 नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जायेगी। उन्होने बताया कि माधवी इन्टरप्राइजेस, पॉलीमिडिकेयर प्रा.लि., याजाकी इण्डिया, चाय पॉइन्ट, एम.एस. वर्कफोर्स प्रा.लि., कमपास इण्डिया फूडसर्विस प्रा.लि., पेडगेट इलैक्ट्रोनिक्स प्रा.लि., हल्दीराम रेस्टोरेट, के.बी.एम. स्टाफिग सोल्यूशन प्रा.लि., फिलिपकार्ड, कृष्णा मारुति शीट डिवीजन लि., मिन्डा फूरूकरवा लि., बेस्ट कोकी प्रा.लि., पुखराज हर्बल केयर प्रा.लि., रक्षा सिक्योरटी, एल.आई.सी. लि., केस्ट फिनकेयर लि., अप टू स्किल, इनोविजन लि., एल एण्ड टी फाईनेन्स लि., ए.एस.वर्ड ग्रुप, ओ एण्ड जी स्किल्स इण्डिया प्रा.लि., टेली परफारमेन्स, डिक्सन इण्डिया लि., सुब्रोज इण्डिया लि., कोडपाडा नई दिल्ली द्वारा विभिन्न पदो पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति, बायोडाटा एवं फोटो सहित प्रातः 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करहल पर उपस्थित होकर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, रोजगार मेले मे चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस छह को

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस दि. 06 जनवरी को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह तहसील सदर में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील सदर में आयोजित सर्मपूण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील कुरावली में एवं अपर जिलाधिकारी तहसील भोगांव में उपस्थित रहकर जन-समस्याएं सुनेंगे।

# रोज चल रहा अभियान, कम नहीं हो रहे छुट्टा जानवर

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** अवारा पशुओं को संरक्षित करने के लिए शासन के निर्देश पर संचालित अभियान को 16 जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया है। सभी खंड विकास अधिकारियों को प्रतिदिन अवारा पशुओं को संरक्षित कराने के निर्देश दिए हैं। अवारा पशुओं को संरक्षित करने के लिए शासन के निर्देश पर दो महीने से अभियान चल रहा है सफाई कर्मियों को रात दिन ड्यूटी करनी पड़ रही है।

शाम को सफाई कर्मियों की ड्यूटी उस सड़क के किनारे के गांव में लगाई जाती है जिधर से सी डी ओ और राज्य सरकार के मंत्रियों अथवा शासन के उच्चाधिकारियों का मूवमेंट होता है।रात के अंधेरे में कई सफाई कर्मी दुर्घटनाओं के शिकार भी हो चुके हैं। अभियान के बावजूद छुट्टा जानवरों की संख्या कम नहीं हो रही है। नगर में तमाम छुट्टा जानवर दिन भर विचरण करने के बाद देर शाम अलाव स्थलों के पास खड़े हो जाते हैं और यही उनकी रात बीतती है। सब्जी और फल विक्रेता रोज नुकसान उठा रहे हैं। ठंड के मौसम में अवारा पशु खेतों के साथ बस्तियों में भी दौड़ रहे हैं। सफाई कर्मियों के साथ पशु चिकित्सा विभाग के डाक्टर और कर्मचारी पशुओं के संरक्षित करने में कोई सहयोग नहीं कर रहे। किसान और सब्जियों की खेती करने वाले लोग रात में खेतों में मचान बनाकर फसलों की रखवाली कर रहे हैं।अवारा पशुओं के संरक्षित करने के अभियान से किसानों को कोई खास लाभ नहीं हो रहा छुट्टा जानवर अब आधी रात के बाद गांवों में घर-घर तक जा रहे हैं। कमासिन गांव के कई लोगों ने बताया कि रात दस बजे के बाद 30-35 छुट्टा जानवर अम्बेडकर पार्क में जाकर बैठ जाते हैं ।आधी रात होने पर जब लोग सो रहे होते हैं तो घर -घर तक पहुंच कर जो भी सामग्री द्वार पर मिलती है उसे नष्ट कर देते हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी पशु चिकित्साधिकारी और सफाई कर्मी इन्हें संरक्षित करने के मामले में उदासीन हैं।

## कोटेदारों ने दिया सांकेतिक धरना

**उरई (जालौन)।** तहसील परिसर में धरने की अनुमति न मिलने पर पांच सूत्रीय मांगों को लेकर उचित दर विक्रेताओं ने पूर्ति कार्यालय के बाहर अपना प्रदर्शन जारी रखा। उचित दर विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री से अपनी पांच मांगों को पूरा करने की मांग की। फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के तत्वावधान में उचित दर विक्रेता एक जनवरी से 15 दिवसीय कार्य बहिष्कार पर हैं। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर उचित दर विक्रेता तहसील परिसर में धरने की योजना बना रहे थे। लेकिन तहसील परिसर में धरने की अनुमति न मिलने के कारण कोटेदार स्थान बदल कर आंदोलन कर रहे हैं। चौथे दिन कोटेदारों ने पूर्ति कार्यालय के बाहर अपना धरना जारी रखा। प्रशासन के डर के कारण कोटेदार पूरे समय तक धरना नहीं कर सके लेकिन उन्होंने वहां सांकेतिक धरना दिया। फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि कोटेदारों 200 रुपये प्रति क्विंटल लाभांश अथवा 30 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय देने, मिड डे मील और आंगनबाड़ी केंद्र पर जाने वाले राशन के लंबित देयों के शीघ्र भुगतान, खराब हो चुकी ईपॉस मशीनों को बदलने समेत राशन के ऑनलाईन वितरण की दशा में सारी जानकारी ऑनलाइन रहती है।

# निर्मला सीतारमण से मिले सुरेश खन्ना



- समान उत्पादन क्षमता आधारित समाधान योजना को जीएसटी व्यवस्था के अन्तर्गत लागू किये जाने की व्यवस्था करने हेतु किया आग्रह
- टैक्स पेयर को डबल टैक्सेसन से निजात दिलाने हेतु किया आग्रह

**लखनऊ।** भारत की वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण से उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री सुरेश खन्ना ने आज नई दिल्ली में मुलाकात की। मुलाकात के पश्चात उन्होंने माननीय वित्त मंत्री को उत्तर प्रदेश में ईंट भट्ठों से प्राप्त होने वाली राजस्व एवं उसमें आ रही समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीणांचलों में ईंट-भट्ठे कुटीर उद्योग के रूप में कार्यरत हैं जो कि बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराते हैं। साथ ही ये राज्य के राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

श्री सुरेश कुमार खन्ना ने माननीय वित्त मंत्री से ईंट-भट्ठों के सम्बंध में पूर्व प्रचलित व्यवस्था के समान उत्पादन क्षमता आधारित समाधान योजना को जीएसटी व्यवस्था के अन्तर्गत लागू किये जाने की व्यवस्था करने हेतु आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट की सुविधा के 6 प्रतिशत तथा इनपुट टैक्स क्रेडिट सुविधा के साथ 12 प्रतिशत निर्धारित व्यवस्था के बावजूद राजस्व संग्रह पूर्व के समतुल्य नही है। उन्होंने कहा कि उक्त व्यवस्था लागू करने से राजस्व बढ़ने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हो सकती है। श्री खन्ना ने अवगत कराया कि जी0एस0टी0 व्यवस्था का प्रारंभ एक राष्ट्र एक कर के सिद्धांत के आधार पर किया गया था।

इस प्रणाली में आईटीसी के निर्बाध प्रवाह के लिए प्रावधान किए गए थे जिससे पंजीकृत करदाताओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। परंतु जी0एस0टी0 व्यवस्था लागू होने के पश्चात भी जहां प्राप्तकर्ता द्वारा पर्याप्त सावधानी बरतने के बाद भी, बिना किसी गलती के आपूर्तिकर्ता के गलत कार्यो का परिणाम भुगतना पड़ता है। उन्होंने अवगत कराया कि उन परिस्थितियों में जहां प्राप्तकर्ता द्वारा प्राप्त की गई पूर्ति के सम्बंध में आपूर्तिकर्ता को माल के मूल्य के साथ देय जी0एस0टी0 का भी भुगतान किया जाता है तथा इससे संबंधित टैक्स इनवाइस भी प्राप्त की जाती है, परंतु आपूर्तिकर्ता द्वारा इन इनवाइस को अपने रिटर्न में घोषित नहीं किए जाने पर परिणाम प्राप्तकर्ता को भुगतना पड़ता है। ऐसी दशा में प्राप्तकर्ता को पुनः एक बार कर तथा इसके साथ-साथ ब्याज एवं अर्थदंड का भी भुगतान करना पड़ता है। श्री खन्ना ने माननीय वित्त मंत्री से आग्रह किया कि पूर्व में जी0एस0टी0 काउन्सिल द्वारा इस संबंध में क्रेता एवं विक्रेता दोनों ही पर कार्यवाही किए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया था परंतु जेनविन टैक्स पेयर्स के समक्ष आ रही समस्याओं के दृष्टिगत प्रकरण पर पुनः सहृदयता पूर्वक विचार किया जाए, जिससे किसी भी करदाता को एक ही कर दो बार जमा करने की स्थिति उत्पन्न न होने पाए ।

# समाजवादी पार्टी कांग्रेस का ही दूसरा रूप है: वसीम राईन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मुखिया हों या उनकी पार्टी, सपने दिखाने में इनका कोई सानी नही। इनकी सारी राजनीति झूठ पर टिकी हुई है। सबकुछ किनारे कर सिर्फ पीडीए की ही बात की जाए तो सच सामने आ जाता है। न कोई एजेंडा न कोई घोषणापत्र बस कोरी बयानबाजी।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी कांग्रेस का ही दूसरा रूप है। एक जैसे नेता एक जैसी विचारधारा और करनी भी एक। झूठ बोलने में बेहद माहिर। शायद कांग्रेस समाजवादी पार्टी की जनक है। कोरी बयानबाजी कर सपा के नेताओं ने पसमांदा मुसलमान को दशकों तक बरगलाने का काम किया। जब यहां फेल हो गए तब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए के भले की सोंच रखकर एक बड़े समाज को अपने पक्ष में करने का प्रयास शुरू लिया। सपा के मुखिया यह क्यों भूल जाते हैं कि किसी भी समाज का वोट हासिल करने के लिए पुराने सिद्धांत अब बेकार हो गए हैं अब बिना किसी प्लान व एजेंडे के इतने बड़े समाज को उल्लू नही बना सकते। इन दोनों कामो में समाजवादी पार्टी अब तक फेल नजर आई है। पीडीए को लक्ष्य तो बना लिया पर उनके लिए अब तक किया कुछ भी नही और न ही कोई स्पष्ट नीति ही है। इससे जाहिर है कि सपाई एक बार फिर पीडीए समाज को वोटबैंक बनाने के फेर में हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि पसमांदा मुसलमान को दलित से बदतर बनाने वाली कांग्रेस की राह पर चलते हुए सपा ने भी वही चोला ओढ़ लिया। 85 फीसदी पसमांदा समाज को सिर्फ वोटबैंक बनाकर रख दिया अब पिछड़ा दलित व अल्पसंख्यक को बेवकूफ बनाने की तैयारी है। पसमांदा मुसलमान ने सपा के आधार वोट यादव से भी दो गुना वोट दिया सत्ता में लौटने की चाभी दी पर बदले में उसे कुछ हासिल नही हुआ। हैरत की बात तो यह है कि श्री अखिलेश यादव जब सत्ता के सिंघासन पर विराजते हैं तब उन्हें पीडीए की याद क्यों नही आई अब जब लोकसभा चुनाव सर पर है तब यह शिगूफा आज तक यादव से दो गुना वोट देने वाले पसमांदा मुसलमान को राज्यसभा नहीं भेजा सिर्फ़ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया हैं।

# शिक्षक की लापरवाही से छात्रा की परीक्षा छुटी

- डीएम को शिकायती पत्र दिया था नहीं मिला न्याय

**अवधनामा संवाददाता**

**कौशांबी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण ले रही वित्तीय वर्ष की छात्रा को शिक्षक की लापरवाही से परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया गया। परीक्षा से वंचित छात्रा ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में हंगामा किया। इससे प्रबंधक सहित कई लोगों में अफरा तफरी मच गई। पीड़ित छात्रा ने डायल 112 को कॉल कर मौके पर बुला लिया। पुलिस ने छात्रा की शिकायत दर्ज कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में वर्ष 2022-23 में छात्र-छात्राओं का ट्रेनिंग प्रशिक्षण चल रहा है। कुछ समय पहले एक छात्र स्कूल पहुंची तो देखा कि प्रशिक्षण देने वाले अनुदेशक छात्रा के साथ कंधे पर हाथ रखकर अश्लील हरकत कर रहा है। इस मामले की जानकारी छात्रा ने अन्य छात्राओं को दिया इससे छात्राओं में आक्रोश बढ़ने लगा। आक्रोश को देखकर छात्रा के साथ हमेशा प्रशिक्षक द्वारा अभद्र व्यवहार किया जा रहा था। छात्रा स्कूल के घटनाक्रम की जानकारी 11 दिसंबर 2023 को जिलाधिकारी से मिलकर शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया। लेकिन जिलाधिकारी द्वारा शिकायत का कोई संज्ञान नहीं लिया गया। छात्रा का आरोप है कि स्कूल में जांच करने आए जेडी को भी शिकायती पत्र दिया गया। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई।प्रशिक्षित छात्रा को प्रशिक्षक द्वारा प्रताड़ित किया गया। छात्रा प्रशिक्षक का दुर्व्यवहार झील रही थी। कि स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अन्य उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। लेकिन छात्रा को सम्मान नहीं मिला। इससे छात्रा आक्रोशित हो गई छात्रा ने प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंधक को भी शिकायती पत्र दिया तो उन्होंने छात्रा को एडमिट कार्ड जनरेट करने का आश्वासन दिया।

# राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर पश्चिमशरीरा में 118 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**




**कौशाम्बी।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अक्षय लाल के मार्गदर्शन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर,पश्चिम शरीरा में आज निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 118 रोगियों का निःशुल्क परीक्षण करने के उपरांत औषधियां भी निःशुल्क वितरित की गयीं।बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनीता त्रिपाठी एवं वर्तमान उपाध्यक्ष अजय पाण्डेय तथा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अक्षय लाल ने भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर आज के कार्यक्रम का शुभारंभ किया आज के चिकित्सा शिविर में लगभग 118 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, कौशांबी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर सिंह ने क्षारसूत्र विधि द्वारा बवासीर और भगंदर के लगभग 25 मरीजों का निन्शुल्क इलाज किया।

अपने उद्बोधन के दौरान अनीता त्रिपाठी ने कहा की आयुर्वेद सबसे प्राचीन और सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा पद्धति है धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि अपने हाथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे आयुर्वेद सभी चिकित्सा पद्धतियों की जननी है लोगों को सबसे पहले आयुर्वेद में इलाज लेना चाहिए। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी आयुर्वेद के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। अपने उद्बोधन में वर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा अजय पांडे ने कहा की जिले में आयुर्वेद विलुप्त सा हो गया था लेकिन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पश्चिम शरीरा में जब से डॉ भूपेंद्र मणि त्रिपाठी ने कार्यभार संभाला है तब से पूरे क्षेत्र में लोग आयुर्वेद का इलाज लेने लगे हैं और निरंतर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिछले तीन वर्षों में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पश्चिम शरीरा की ख्याति पूरे क्षेत्र में दिनों दिन बढ़ती जा रही है अब यहां दूसरे जनपदों से भी लोग इलाज के लिए आने लगे हैं।

**पक्षियो के संरक्षण के लिए आगे आए लोग**

# अपने मनोरंजन व स्वार्थ के लिए पक्षियो को ना करें कैद: महेश साहू

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** राष्ट्रीय पक्षी दिवस के अवसर पर मेरी प्यारी गौरैया संरक्षण समिति के अध्यक्ष पंक्षी प्रेमी महेश साहू ने आम जनमानस से पक्षीयो के संरक्षण के लिए आगे आने की अपील करी। पंक्षी प्रेमी महेश साहू ने कहा कि पक्षी असमान के रंग बिरंगे रंग है इन्हें बचना हम का कर्तव्य है। हम अपने मनोरंजन व स्वार्थ के लिए बेजुबान पंक्षीयो को पिंजड़े में कैद कर रखते हैं। लेकिन उन्हे भी आजाद रहने का अधिकार है। तो आज ही संकल्प लें कि हम ना पक्षियो को कैद करेंगे और करने वाले लोगों को जागरूक भी करेंगे साथ ही आवश्यकता पड़ने पर विरोध भी करेंगे। क्योंकि पक्षी, मनमोहक जीव जो आकाश की शोभा बढ़ाते हैं, स्वतंत्रता और प्राकृतिक सुंदरता के प्रतीक हैं। वे पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। पक्षी केवल आकर्षक प्राणी नहीं हैं। वे पौधों को परागित करके, बीजों को फैलाकर, कीड़ों की आबादी को नियंत्रित करके और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के संकेतक के रूप में कार्य करके हमारे ग्रह के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

## दिव्यांग के आशियाने पर चला बुलडोजर

**अवधनामा संवाददाता**

**कौशांबी।** जिस कड़कड़ाती ठंड में सरकार गरीबों को लेकर संजीदा है वो हर मुमकिन कोशिश में जुटी है जिससे इस कड़कड़ाती ठंड में कठिनाइयों से जीवन बसर न करने पड़े। लेकिन वहीं सिराथू तहसील का प्रशासन है जिसे इस कड़कड़ाती ठंड में बेरहम प्रशासन के कान में एक दिव्यांग दंपत्ति रामसिंह मौर्या की आवाज नहीं सुनाई पड़ी और जेसीबी से उसके सामने ही उसके आशियाने को जमींदोज कर दिया गया। शुक्रवार की दोपहर जिला पंचायत के कर्मचारी दिव्यांग के घर पहुंचे नायब तहसीलदार संजय ने बिना अग्रिम नोटिस दिए भीषण ठंड में बुलडोजर लगाकर उस गरीब का आशियाना ढहा दिया। जिला पंचायत की खाली पड़ी भूमि पर दिव्यांग ने विगत 25 साल से मकान बना कर निवास कर रहा था। मकान देखने के बाद ही उसकी गरीबी का अंदाजा लगाया जा सकता है की 25 सालों में ईंट की केवल दीवार ही उठ सकी थी लेकिन उस दीवार पर पक्की छत नही पड़ सकी थी बल्कि टीन शेड डालकर किसी तरह परिवार के साथ गुजर बसर कर रहा था। हालांकि एक बार कई माह पहले मिले नोटिस के बाद दिव्यांग ने जिलाधिकारी की चौखट पर अपनी व्यथा सुनाई थी।

# पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति की प्रक्रियाओं को अपनाये जाने को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति की प्रक्रियाओं को अपनाये जाने को लेकर टाउनहाल आडिटोरियम में जनपद के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो के साथ जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जागरुकता कार्यशाला आयोजित हुई।

इस दौरान सभी प्रधानाचार्यो से त्रुटिरहित छात्रवृत्ति आवेदन की प्रक्रियाओं को अपनाये जाने की विशेष रुप से अपेक्षा की गयी। जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते समय कुछ प्रक्रियागत त्रुटियां हो जाती है, जिससे उनकी छात्रवृत्ति प्रभावित हो जाती है तथा उससे वे वंचित हो जाते हैं। इसके प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की गलतियों की गुन्जाइश न रहे इस पर सभी प्रधानाचार्य व शिक्षण संस्थाये गंभीरता बरतें और जो भी समय सारणी समयबद्धता व प्रक्रिया सुनिश्चित की गयी है, उसका अक्षरशः पालन कराते हुए प्रयास हो कि कोई भी पात्र छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। छात्रवृत्ति की धनराशि बच्चों के भविष्य को आगे बढाने में अहम भूमिका निभाती है व उनका भविष्य संवारने में भी उपयोगी रहती है। इसकी महत्तता को समझते हुए सभी प्रधानाचार्य कार्य कर छात्रवृत्ति का लाभ पहुँचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। सभी पात्र बच्चों का पंजीकरण अवश्य ही सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने अभ्युदय योजना पर भी प्रकाश डालते हुए प्रधानाचार्यो से कहा कि जनपद में मेधा की कोई कमी नही है।

बस आवश्यकता है उन्हे सामान्य अवसर उपलब्ध कराने की, जिससे कि ऐसे प्रतियोगी बच्चे भी अच्छा मुकाम हासिल कर सके। प्रतिभाशाली अभ्यर्थी जो संसाधनों के अभाव में सफलता से वंचित रह जाते है, उनके लिए अभ्युदय कोचिंग की सुविधा संचालित की गयी। आप सभी छात्रों को इसके लिए प्रेरित करें और अधिक से अधिक बच्चो को इस कोचिंग से जोडे। साथ ही ऐसे अध्यापक जिन्हे किसी न किसी विषय में विशेषज्ञता हासिल है वे उसका उपयोग बच्चो का भविष्य सवारने के लिए अभ्युदय कक्षा में प्रयोग कर सकते है। कोचिंग हेतु अभ्यर्थी बढेगें तो अन्य विद्यालयों में भी अभ्युदय कोचिंग की व्यवस्था बनायी जायेगी। उन्होने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रबुद्वजनों की चर्चाओं के मंथन के बाद जो निकलेगा, उससे देवरिया के बच्चों को लाभ मिलेगा।

मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने कहा कि छात्रवृत्ति की प्रक्रियाओं के संबंध में दी गयी जानकारी को पूरी गंभीरता व दृढ निश्चयता के साथ उसे अपनाने की जरुरत है ताकि त्रुटिरहित प्रक्रिया का पालन हो। अधिक से अधिक पात्र बच्चे लाभान्वित हो। उन्होंने अभ्युदय कोचिंग में भी अपना सहयोग व बच्चो में जागरुकता लाये जाने पर प्रधानाचार्यो व शिक्षण संस्थओं से अपेक्षा की।

# रामकोला चीनी मिल के उप महाप्रबंधक सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अवधनामा ब्यूरो**



- डीएम ने निर्देश पर डीसीओ ने दर्ज करायी कसया थाने में प्राथमिकी

**कुशीनगर।** रामकोला पंजाब चीनी मिल द्वारा संचालित क्रय केन्द्र पर घटतौली की पुष्टि के बाद जिला गन्ना अधिकारी ने चीनी मिल के उप महाप्रबंधक, वरिष्ठ गन्ना प्रबन्धक व तौल लिपिक सहित पांच के खिलाफ कसया थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई। जनपद में चीनी मिलों द्वारा मिल गेट व वाह्य क्रय केन्द्रों पर की जा रही गन्ने की खरीदारी के दौरान घटतौली की लगातार मिल रही शिकायतों को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने गंभीरता से लेते हुए क्रय केन्द्रों पर निगरानी रखते हुए अभियान चलाने व जांचकर कार्रवाई करने का निर्देश विभाग को दिया है। इसी कड़ी में बीते मंगलवार को नए साल के दुसरे दिन चीनी मिल रामकोला (पी.) द्वारा संचालित क्रय केन्द्र खरदेवा का गन्ना विकास निरीक्षक व सचिव, सहकारी गन्ना विकास समिति रामकोला देवेन्द्र नाथ पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया, जहां खरदेवा केन्द्र पर 45 किलो गन्ना की घटतौली पायी गयी। डीएम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए रामकोला चीनी मिल के जिम्मेदारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के आदेश का अनुपालन में जिला गन्ना अधिकारी द्वारा शुक्रवार को रामकोला पंजाब चीनी मिल के अध्यासी यशराज सिंह, उप महाप्रबन्धक (गन्ना) सतीश बालियान, वरिष्ठ गन्ना प्रबन्धक नरेन्द्र कुमार फोगाट, प्रभारी ईडीपी अनीश रन्जन तथा चीनी मिल के तौल लिपिक राजन सिंह के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत कसया थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। गन्ना अधिकारी का कहना है कि घटतौली किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही की जायेगी। इस मामले में जिलाधिकारी का रुख कड़ा है। डीएम ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि जिले में चीनी मिल व क्रय केन्द्रों पर घटतौली व अन्य किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।


**कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग, लखनऊ

पत्रांकः 1862/ई0ई0(एच0क्यु0)/2023-24
दिनांकः 05/01/2024


**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 12/01/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 12/01/2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 12/01/2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड नं0-8, अम्बेडकर वार्ड द्वारा मनोज गुप्ता के घर के पास श्रमविहार गढ़ी कनौरा के निकट नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00

अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

# मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने 75 और भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किया



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने आयुक्त कार्यालय सभागार में पेइंग गेस्ट योजना के 75 और आवेदकों भवन स्वामियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। अब तक 500 से अधिक भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट योजना से जोड़ा जा चुका है तथा और नये भवन स्वामियों को योजना से जोड़ने का कार्य निरन्तर प्रगति पर है। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने उपस्थित भवन स्वामियों से अपील की कि वे अपने यहां आने वाले अतिथियों को अच्छी से अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराएं, जिससे उन्हें घर जैसा महसूस हों। उन्होंने कहा कि अयोध्या वासी होने के नाते सभी का कर्तव्य अतिथिभाव की अच्छी सुविधा अतिथियों को प्रदान करना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना से जुड़कर सभी को आतिथ्य संस्कार की परम्परा को जीवन्त रूप देना है। हम उन्हें बेहतर सुविधायें देंगे तो हमारा सांस्कृतिक सम्बंध प्रांगण होगा तथा और बड़ी संख्या में लोग आयेंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें, अतिथियों के प्रति व्यवहार अच्छा करें तो यहां से वे सुखद एहसास लेकर जाएंगे तथा पुनः वे आपके यहां आयेंगे इससे आप आर्थिक रूप से मजबूत होंगे और विचारों, संस्कृति आदि का आदान प्रदान भी होगा। गौरतलब है कि अतिथि देवों भवः की भावना से प्रेरित होम स्टे पेइंग गेस्ट योजना उ0प्र0 सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो पर्यटन विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। अयोध्या होम स्टे पेइंग गेस्ट योजना के तहत ऐसे भवन स्वामी जिनके मकान में 2 से 5 तक अतिरिक्त कमरे हो वो इस योजना से जुड़ कर अतिरिक्त आय सृजित कर लाभ उठा सकते है। उनके कमरों की सुविधा के अनुसार यात्री श्रद्धालुओं के ठहरने पर प्रतिदिन प्रति कमरे 1500 से 2500 किराया प्राप्त होगा। अयोध्या के जो भी भवन स्वामी इस योजना का लाभ उठाना चाहते है वो अयोध्या विकास प्राधिकरण में स्थापित कन्ट्रोल रूम से सम्पर्क कर सकते है या मोबाइल नं0 7607778924, 7607778926 पर फोन करके योजना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकतें है।

# कण-कण में व्याप्त राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएगी योगी सरकार

## रामायण से जुड़े प्रसंगों पर बनेंगे मंच, नई प्रतिभाओं को भी राममय प्रस्तुति का अवसर होगा उपलब्ध


*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्याधाम।** योगी सरकार कण-कण में व्याप्त राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएगी। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध परंपरा को और निखारकर पूरे प्रदेश को राममय करेगी। इसी क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बनाए जाने वाले मंच भी रामायण से जुड़े प्रसंगों पर होंगे।

योगी सरकार प्रतिदिन उत्तर प्रदेश समेत देश के नामचीन व नवोदित 500 प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराएगी। साथ ही रामनगरी के कई प्रमुख स्थानों, 25 पौराणिक स्थलों-चौराहों पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएंगे।

**रामायण से जुडे प्रसंगों पर बने मंचों पर होंगे आयोजन**

योगी सरकार की कल्पना है कि अयोध्या के प्रमुख स्थानों पर रामायणकालीन प्रसंगों पर आधारित मंच भी बने, जिससे नई पीढ़ी भी श्रीराम की सदाशयता से अवगत हो। योगी सरकार की तरफ से श्रीराम मंदिर उद्घाटन के अवसर पर राम की पैड़ी पर पुरुषोत्तम मंच, भजन संध्या स्थल



पर सरयू मंच, सांस्कृतिक संकुल प्रेक्षागृह में भरत मंच, रामकथा पार्क में कागभुशुन्डि मंच, तुलसी उद्यान में तुलसी मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुर सरिता बहाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही शहर के प्रमुख 25 पौराणिक स्थलों- चौराहों पर भी सांस्कृतिक आयोजन होंगे। इसमें नामचीन व नवोदित प्रतिभाएं भी अपनी कला दिखाएंगी।

**इन प्रमुख आयोजनों पर योगी सरकार का फोकस**

योगी सरकार श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर संतों द्वारा रामकथा, अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय रामलीलाओं का मंचन, रामायण परंपरा पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां, शास्त्रीय-उप शास्त्रीय, लोकगायन-वादन व नृत्य की प्रस्तुतियां, रंगोली-चित्रकला, रामायण पर आधारित क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन कराएगी। लोक में राम पर आधारित नाट्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देगी। इसका उद्देश्य पूरे यूपी को राममय करना है।

**अयोध्या के प्रमुख मंदिरों में 14 से रामायण, कीर्तन, रामचरित मानस का होगा पाठ**

बीते दिनों लखनऊ में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण, कीर्तन, रामचरित मानस के आयोजन कराने के निर्देश दिए थे। अयोध्या के दिगंबर अखाड़ा, वाल्मीकि मंदिर नया पुरवा, वेद मंदिर, मौनी बाबा मंदिर, जानकी महल, रामजानकी मंदिर भरत कुंड, जालपा मां मंदिर, गुप्तार घाट, रामानंद आश्रम निकट छोटी छावनी, वाल्मीकि भवन, सूर्यकुंड समेत कई स्थानों पर 14 जनवरी से 24 मार्च तक भजन-कीर्तन, रामायण-रामचरित मानस पाठ, सुंदरकांड आदि कार्यक्रम के आयोजन पर भी जोर है।

**सामूहिक शंख वादन का बनेगा विश्व रिकॉर्ड**

प्राचीन मान्यताओं के अनुसार किसी भी शुभ कार्य के आरंभ से पहले शंख बजाने से ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसकी ध्वनि से सभी बाधाओं व दोषों को दूर करते हुए सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार श्रीराम जन्मभूमि में 1111 शंखों का वादन करते हुए विश्व रिकॉर्ड किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए एनसीजेडसीसी व आईजीएनसीए की मदद ली जाएगी। इसके अलावा सामूहिक सरयू आरती व सौष्ठव कलाओं के प्रदर्शन का विश्व रिकॉर्ड बनेगा।

## कंबल वितरण कर गरीबों में बांटी खुशियां

**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज ने नव वर्ष के अवसर पर ठंड को देखते हुए फाउंडेशन अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी ने संरक्षक बसंत राम के नेतृत्व में सदस्यों के साथ शहर में भ्रमण कर निर्धन असहाय जरूरतमंदों को कंबल वितरण कराया। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अत्यधिक ठंड को देखते हुए संस्था संरक्षक के साथ सदस्यों ने शहर में भ्रमण कर कंबल वितरण किया। ठंड में कंबल पाने से निर्धन असहाय जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिली है और उनके चेहरे पर एक मुस्कान और खुशी दिखाई देती है। कंबल का सहयोग नरेश अग्रवाल, महाराज रामदास, श्रीमती रचना गोस्वामी द्वारा प्राप्त हुआ। इसी क्रम में संस्था संरक्षक बसंत राम ने बताया कि मानव जीवन का उद्देश्य सेवा होना चाहिए कंबल वितरण के समय अत्यंत निर्धन लोग मिले जिनके पास कंबल नहीं था कंबल पाकार खुशियां जताई और सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिया हम सभी नववर्ष की खुशियां रात्रि में शहर के विभिन्न मोहल्ले जैसे चौक, नाका, सिविल लाइन, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रिकाबगंज,दिल्ली दरवाजा, सहित विभिन्न क्षेत्रों में चाय एवं कंबल वितरण कर मनाई।

# बलात्कार का आरोपी दोषी करार सजा पर फैसला 6 जनवरी को

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पहले जबरदस्ती बलात्कार करने फिर शादी का झांसा देकर 22 वर्षीय किशोरी से कई बार बलात्कार करने के आरोपी सतीश यादव को फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश यशपाल ने दोषी करार देते हुए शुक्रवार को मंडल कारागार भेजे जाने का आदेश सुनाया।

अभियोजन पक्ष से एडीजीसी ज्ञानेश चंद्र पाण्डेय के अनुसार अयोध्या जनपद के थाना हैदरगंज के एक गांव निवासिनी पीड़िता से हैदरगंज निवासी सतीश यादव ने मई वर्ष 2016 में घर पर उसे अकेली पाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया।पीड़िता ने जब घटना की सूचना अपनी मां को दिया तो लोक लाज के कारण कोई कार्यवाही नहीं की गई । उसके बाद आरोपी सतीश पीड़िता से शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया और जमीन दिलाने के नाम पर उसकी मां से 23 हजार रुपए भी हड़प लिया। पीड़िता ने आरोपी सतीश से जब शादी करने के लिए कहा तो उसने विवाह करने से इंकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर थाना हैदरगंज में बलात्कार व धन हड़पने सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ। न्यायालय में परीक्षण के दौरान वादी पक्ष से सात गवाह पेश हुए।

न्यायालय ने आरोपी सतीश यादव को बलात्कार , धन हड़पने व गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में सबूत पाते हुए दोषी करार दिया। अभियुक्त सतीश यादव जमानत पर था जिसे दोषी करार होने पर जेल भेज दिया गया। सजा के बिंदु पर 6 जनवरी को फैसला सुनाया जाएगा।

# पिता के संकल्पों को पूरा करना पुत्र का दायित्वः चंपत राय

## कार्यक्रम में मंत्रियों सहित विधायक व संगठन के नेता मौजूद

*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार -अयोध्या।** कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने कहा कि शिवेंद्र सिंह व दीपेंद्र सिंह ने अपने पूज्य पिताजी की पावन स्मृतियों को सहेजने एवं जीवंत करने के लिए गरीबों असहाय व दिव्यांगों तथा जरूरतमंदों की सहायता का जो संकल्प लिया है वह अनुकरणीय एवं सराहनीय है उन्होंने कहा कि समाज के संपन्न लोग गरीबों की आवश्यकता पूरी करने के लिए आगे आए चंपत राय ने कहा कि 22 जनवरी को प्रत्येक राम भक्त घरों पर दीपावली मनाये और 26 जनवरी के बाद दर्शन की लालसा रक्खे उन्होंने कहा कि अयोध्या में शबरी ,विश्वामित्र ,निषाद राज, अहिल्या व जटायु के मंदिर भी बनाए जाएंगे उन्होंने जल शक्ति और



सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह लोक निर्माण मंत्री जितेंद्र प्रसाद विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के साथ जरूरतमंदों को कंबल साइकिल व अन्य सामग्री वितरित किया। कार्यक्रम में जल शक्ति व सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद प्रदेश महामंत्री संजय राय हनुमत निवास के आचार्य मिथिलेश नंदनी शरण जी प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह महानगर अध्यक्ष कमलेश कुमार श्रीवास्तव पूर्व महानगर अध्यक्ष ऋषिकेश उपाध्याय पूर्व महानगर मंत्री स्वाति सिंह पूर्व किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता पूर्व विधायक शोभा सिंह चौहान अवध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अजय प्रताप सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के आयोजन दीपेंद्र सिंह व शिवेंद्र सिंह की सराहना किया कार्यक्रम का संचालन अवधेश पांडे बादल ने किया कार्यक्रम के आयोजक दीपेंद्र सिंह व ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने अतिथियों एवं लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# फोटो अधिवक्ताओं को शांत कराते अध्यक्ष पारस नाथ पाण्डेय

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या के पूर्व कोषाध्यक्ष खजांची लाल त्रिपाठी के आकस्मिक निधन पर संघ के सभागार में उपाध्यक्ष केशव राम वर्मा की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई। वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन के कारण शुक्रवार को वकील न्यायिक कार्य से विरत रहे। शोक सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता तथा पूर्व कोषाध्यक्ष खजांची लाल त्रिपाठी के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अधिवक्ताओं ने उनके जीवन शैली की सराहना किया। खजांची लाल त्रिपाठी मूलतः अंबेडकर नगर के हंसवर क्षेत्र के रहने वाले थे तथा फैजाबाद कचहरी में लगभग तीन दशक से वकालत पेशे से जुड़े रहे। शहर के नियावा स्थित मकान में गुरुवार की रात उनका निधन हो गया। श्री त्रिपाठी कैंसर रोग से पीड़ित थे तथा मुंबई के एक अस्पताल में ऑपरेशन भी कराया था। संघ के कोषाध्यक्ष मुन्ना सिंह ने बताया कि नियमावली के अनुसार अंतिम संस्कार के लिए श्री त्रिपाठी के घर पर 35 हजार रुपए की धनराशि उपलब्ध करा दी गई है।अंतिम संस्कार उनके गृह जनपद किया गया। शोक सभा के दौरान संयुक्त मंत्री राजेश श्रीवास्तव श्रीवास्तव सहित कार्यकारिणी के दीपक तिवारी राम किशोर यादव ओम प्रकाश सिंह जयप्रकाश शर्मा रणधीर पाण्डेय योगेश पाण्डेय अधिवक्ता विवेक सिंह समर बहादुर सिंह शिव बहादुर यादव राम बहादुर मौर्य केशव राम गुप्ता दिवाकर दुबे अश्वनी सक्सेना सहित कई अधिवक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। वही दूसरी ओर अधिवक्ता के निधन पर सदन में पारित न्यायिक कार्य से विरत रहने के प्रस्ताव पर कंप्लायंस के दौरान संघ के मंत्री व एक अधिवक्ता से तू तू मैं मैं हो गई जिससे काफी संख्या में अधिकता एकत्रित हो गए और माहौल गर्म हो गया।

# विवाहिता ने ससुर के भाई पर जड़े गम्भीर आरोप रिपोर्ट

*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** एक विवाहिता ने ससुर के भाई पर अकेला पाकर बुरी नियत से छेड़छाड़ करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का गम्भीर आरोप लगाया है। पीड़िता के ससुर व पति बाहर रहकर मजदूरी करते हैं।

थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके ससुर के भाई शिव बरन उस पर काफी दिनों से बुरी नजर रखते आये है तथा मौका पाते ही छेड़छाड़ करते हैं। विरोध करने पर बेजा आरोप लगा देते हैं। उसके ससुर व पति बाहर रहकर मजदूरी करते हैं जबकि सास की मृत्यु हो चुकी है। वह अपनी 2 साल की पुत्री के साथ अकेली घर में रह रही है। 2 जनवरी को करीब 11 बजे दिन पर शिवबरन चोरों की भांति घर में घुस आये व उसके साथ बिस्तर पर लेट गया और छेड़छाड़ करने लगा।

उसने इस हरकत का विरोध कर शिवबरन को थप्पड़ मारा तो वह भाग निकला।

दूसरे दिन शिवबरन व उसकी पत्नी ने अभद्रता की। उसने पुलिस को फोन कर बुला लिया तब जाकर वह बच पाई। पुलिस के जाने के बाद शिव बरन ने उसे व उसकी बच्ची को जान से मारकर लाश गायब करने की धमकी दी।04

## फतेहपुर बार एसोसिएशन चुनाव कार्यक्रम घोषित

**बेलहरा बाराबंकी।** दि बार एसोसिएशन फतेहपुर की वार्षिक चुनाव को लेकर ईल्डर्स कमेटी की बैठक बार सभागार में की गई। जिसमे चुनाव का कार्यक्रम की तिथियों का निर्धारण करते हुए संपूर्ण चुनाव को लेकर रणनीति तय की गई।

बार सभागार में ईल्डस कमेटी की बैठक चेयरमैन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में की गई। जिसमे दि बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर पांच जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन, आपत्तियों का निस्तारण। छह को प्रतिभूति शुल्क का प्रकाशन, आठ को नामांकन पत्रों की बिक्री एंव प्रत्याशियों का दाखिला किया जायेगा।

नौ को नामांकन पत्रों की जांच एंव वैध प्रत्याशियों के नामों की सूची का प्रकाशन होगा। 10 को परिचर्चा बैठक 12 को मतदान व मतगणना का कार्यक्रम होगा।

15 जनवरी को नव निर्वाचत पदाधिकारियों एंव कार्यकार्यरिणी सदस्यों की घोषणा एंव प्रमाण पत्रों का वितरण किया जायेगा। इस बैठक में चुनाव अधिकारी मुरलीधर वर्मा, सहायक चुनाव अधिकारी हरीश मार्य, पौरूष कुमार श्रीवास्तव व इल्डर्स कमेटी के सभी सदस्य मौजूद थे।

## सांसद ने योजनाओं के लाभार्थियों से किया संवाद



**बाराबंकी।** विकास खण्ड सिद्धौर के ग्राम पंचायत सरसा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का सरल व प्रभावी माध्यम बन रही है। विकसित भारत का निर्माण और अंत्योदय का मोदी जी का संकल्प इस यात्रा के माध्यम से साकार हो रहा है और यह देश के जन-जन में मोदी की गारंटी का प्रत्यक्ष प्रमाण बन कर उभर रही। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा रोहित सिंह, मण्डल अध्यक्ष प्रवीण सिंह, रामकुमार मिश्रा, ब्रजभान वर्मा, पवन मिश्रा, दिनेश शर्मा, यदुनाथ द्विवेदी, रोनू सिंह, राजू रावत, बृजेश सिंह, अनमोल सिंह, वरुण पाल मनोज, धर्मेन्द्र कुमार, अंशकुमार सिंह, सत्या पंडित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 29 प्रतिष्ठानों पर हलाल उत्पाद बिक्री की जांच

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य पदार्थों के निर्माण, भण्डारण, वितरण एवं विक्रय पर प्रतिबन्ध के दृष्टिगत जॉच, निरीक्षण के लिए अभियान चलाया गया।

सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमल कुमार, ओंकारनाथ यादव, अनिल कुमार पाल, डॉ0 राकेश कुमार सिंह, सुश्री कंचनलता तिवारी, श्रीमती अन्जू यादव, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी द्वारा जाँच, निरीक्षण की कार्यवाही खाद्य कारोबार कर्ताओं के प्रतिष्ठान पर की गयी परन्तु खाद्य विकय प्रतिष्ठान पर हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य पदार्थ नहीं पाया गया। इस सम्बंध में आगे भी निरन्तर नियमानुसार कार्यवाही प्रचालित रहेगी। अभियान के दौरान कुल 29 प्रतिष्ठानों की जांच की गई।



## दुराचार के मामले में 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा

**बाराबंकी।** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने नाबालिग से दुराचार की घटना में दोषसिद्ध अभियुक्त को 10 वर्ष कठोर कारावास व 20 हजार रुपए अर्थदंड अदा करने की सजा सुनाई है।

पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत बाराबंकी पुलिस व अभियोजन विभाग की समन्वित प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय ने एक मामले में सजा सुनाई। थाना जहांगीराबाद पर नाबालिग से वलात्संग के सम्बन्ध में दुराचार व पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले से सम्बन्धित अभियुक्त भोदू उर्फ प्रदीप पुत्र विश्वनाथ निवासी ग्राम झिलहा थाना जैदपुर को उपरोक्त धाराओं में अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या 44 द्वारा दोष सिद्ध करते हुए अभियुक्त को 10 वर्ष कारावास व 20 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।


## भाकियू ने पंचायत कर किया प्रदर्शन, उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेशानुसार भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या द्वारा गांधी पार्क में पंचायत करके प्रदर्शन किया गया और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित 14 समस्याओं का ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय को सौंपा गया।पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों को फ्री बिजली देने का वादा किया था परंतु श्री बिजली नहीं दे रही है विपरीत में ट्यूबेलो पर मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है, चीनी मिलों को चलते 2 महीना हो गये है परंतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा एमएसपी गारंटी कानून नहीं बनाया जा रहा है इसके विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है। किसाने की जमीनों को छीना जा रहा है।

# योजनाओं के लाभार्थियो को वितरित किया गया प्रमाण पत्र

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगज।** विकास खंड मिठौरा के ग्राम सभा सोहगौरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि सदर विधायक जय मंगल कन्नौज्जिया ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में आई आईसी वैन के माध्यम से लोगों ने प्रसारण देखा। कार्यक्रम में कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, जलजीवन मिशन, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यकर्ताओं ने लोगों को जानकारी दी। योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया।गरीबो में कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक जय मंगल कन्नौज्जिया ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी नागरिक शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित थे तो यह पिछली सरकारों पर गंभीर प्रश्न था। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, उज्ज्वला योजना, एलईडी बल्ब वितरण योजना, आयुष्मान भारत योजना, हर घर नल से जल योजना, जीवन ज्योति बीमा सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना जैसी अनेक योजनाएं करोडों लोगों की जीवन में खुशहाली का माध्यम बनी हैं।कहा कि पीएम मोदी



के संकल्पों के अनुरूप सरकार की योजनाएं वंचितों, गरीबों, दलितों को लाभ दिलाते हुए उनके जीवन मे परिवर्तन का माध्यम बन रही हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाकर हम सबको 2047 तक भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने के पीएम मोदी के संकल्प में अपना योगदान देना है। इस अवसर पर जिला महामंत्री ओम प्रकाश पटेल ने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबो के हक पर डाका डालने का कार्य किया ।पिछली सरकारों के भ्र्ष्टाचार के कारण गरीबो को मूलभूत आवश्यकताओं के लिए जूझना पड़ता था। योगी मोदी की सरकार बनने के बाद भ्र्ष्टाचार पर लगाम लगी तो आज गरीबो को घर,शौचालय, बिजली, राशन ,खाद बीज, छोटी मोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए किसानों के खाते में 6000 आदि जनकल्याणकारी योजनाये शुरू हुई।

इस अवसर पर जिला पंचययत अध्यक्ष रविकांत पटेल,उप जिलाधिकारी ,खण्ड विकास अधिकारी पंकज कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि राम हरख गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अशोक पटेल, मंडल महामंत्री राधेश्याम कन्नौज्जिया ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर अनिल मधेशिया, राम चन्द्र चौधरी, पप्पू खान, राकेश गौड़, राम विजय सहित विभिन विभागो के कर्मचारी और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन पार्क का जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर दिया निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने पुरानी तहसील स्थित निर्माणाधीन पार्क का स्थलीय निरीक्षण संबंधित अधिकारियों के साथ किया। जिलाधिकारी ने पार्क के नक्शे का अवलोकन किया और कार्य के प्रागति की जानकारी ली।

ईओ नगर पालिका आलोक कुमार ने बताया कि कार्यादेश जारी हो चुका है। निर्माण सामग्री भी आ चुकी है और कार्य कल से आरंभ हो जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्माण सामग्री का अवलोकन किया और कड़ा निर्देश दिया कि सुनिश्चित करें, निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध हो। उन्होंने ईओ नगर पालिका को पार्क में योग अभ्यास केंद्र, ओपन जिम, पाथवे, अंबेडकर पार्क को निर्माणाधीन पार्क से जोड़ने के लिए गलियारा, वेंडिंग जोन, पार्किंग और गार्ड रूम सहित नक्शे के अनुरूप सभी सुविधाओं को विकसित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पार्क में हाई मास्ट तिरंगा लगवाने के लिए भी निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में स्तरीय सार्वजनिक स्थल से स्थानीय लोगों को काफी मदद मिलती है। साथ ये पार्क लोगों को परिवार के साथ समय बिताने के लिए जगह भी उपलब्ध कराते हैं।

इसीलिए सुनिश्चित करें कि लोगों को एक दर्शनीय पार्क उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी शांत कुमार श्रीवास्तव सहित संबंधित लोग उपस्थित रहे।



## पानी टँकी निर्माण को चिन्हित भूमि पर अवैध कब्जा, पैमाइश में डाली खलल

**बाराबंकी।** जल जीवन मिशन के तहत पानी टँकी निर्माण के लिए चयनित जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया। राजस्व टीम जब जमीन के पैमाइश करने पहुंची तो कब्जेदारों ने अड़ंगा लगा दिया। लेखपाल की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

तहसील नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम करन्द के लेखपाल प्रवेश कुमार तिवारी द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्राम करन्द के भौमिक अभिलेखों में दर्ज गाटा संख्या 969/0240 हेक्टेयर नवीन परती को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पानी टंकी के निर्माण हेतु जुलाई 2023 में चिन्हित किया गया था। जल जीवन मिशन टीम पानी टंकी निर्माण हेतु 29 नवम्बर को कार्य प्रारंभ करने के लिए जब वह गांव में गए तो पता चला कि उक्त नवीन परती भूमि पर राम नरेश पुत्र पूरन, रामतीरथ रामहरख पुत्र रामऔसान व राधेलाल पुत्र नत्था द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था। सभी को सूचित कर दिया गया कि यह भूमि नवीन परती की भूमि है, इस भूमि से अपना अपना अवैध कब्जा हटा लें। इसके बावजूद नवीन परती से अवैध कब्जा नहीं छोड़ा गया। नायब तहसीलदार नवाबगंज के नेतृत्व में राजस्व टीम व जल जीवन मिशन टीम की उपस्थिति में तय भूमि पर पानी टंकी निर्माण का कार्य प्रारंभ कराने के लिए 13 दिसंबर को पहुंचे तथा पानी टंकी निर्माण हेतु नापने जोखने का कार्य प्रारम्भ किया गया तभी सभी अवैध कब्जेदारो ने इकट्ठा होकर भूमि को नापने नहीं दिया गया, जिससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई तथा उक्त ग्राम समाज भूमि पर क्षति कारित करके अवैध कब्जा बनाए रखा।

# धूमधाम से निकली पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा

## रामदरबार की झांकियों संग रथ निकली अक्षत कलश यात्रा, पूरा नगर हुआ भगवामय



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह लेकर अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत निमंत्रण के रूप में घर-घर पहुंचाने से पहले शुक्रवार को डुमरियागंज में भव्य रथ व शोभा यात्रा निकाली गई। बैदोला चौराहा से रामलीला प्रांगण परिसर तक पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई। काफी संख्या में महिलाओं, पुरुषों व युवाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

काफी संख्या में श्रीराम भक्त जय श्रीराम लिखे ध्वजा लेकर जयकारे लगाते हुए इस शोभा यात्रा में शामिल रहे। इस दौरान पूरा क्षेत्र श्रीराम के उद्घोषों से गूंजता रहा। बैदौला चौराहा पर पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने पूजित अक्षतों का विधि-विधान के साथ पूजन किया। झांकी में प्रभु श्रीराम का जगह जगह लोगों पुष्प वर्षा व आरतीकर स्वागत किया।

यात्रा के विश्व हिंदू परिषद, भाजपा व समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोग इस यात्रा में शामिल रहे। 51 पोरोहित पूजित अक्षतों को लेकर शोभा यात्रा में शामिल हुए। श्रीराम भक्तों द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा जहां से निकली वहां लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। बच्चों, युवाओं महिलाओं, बुजुर्गों ने भी बढ़चढ़ कर इस यात्रा में शामिल होकर जय श्रीराम के नारे लगाए। कार्यक्रम के अंत में पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने 51 पुरोहितों को शाल, अंगोछा व दक्षिणा देकर सम्मानित किया।

इस दौरान पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों में भगवान श्रीराम की आराधना-पूजन करें। अपने अगल बगल के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, महाआरती व रात्रि में अपने-अपने घरों में दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया, ताकि अयोध्या जैसा उत्साह यहां भी देखने को मिले। पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा में लवकुश ओझा, चंद्र प्रकाश चौधरी, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, अमरेंद्र त्रिपाठी, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, नीरा दुबे, शत्रुहन सोनी, वेद प्रकाश पाण्डेय, मोहित कुंवर श्रीवास्तव, दिनेश पांडेय, शिवमूर्ति, अजीत आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रधानाचार्य सुरेश लाल सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**आलापुर अम्बेडकर नगर।** शिवपुर, गयासपुर के मूल निवासी, राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव को गोपाल किरण समाज सेवी संस्था, ग्वालियर,मध्यप्रदेश द्वारा उज्जैन में आयोजित समारोह के दौरान उनके मानव अधिकार, भारतीय संविधान, शिक्षा, समाज एवं जीवन मूल्यों पर आधारित लेखों तथा काव्य सृजन सन्दर्भ में कॉन्सिटिट्यूशनल ग्लोबल प्राइड अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया। संस्था के सचिव आर. के. मेहरा, डी.एफ.ओ. (फारेस्ट प्रोटेक्शन जयपुर)कैलाश चन्द मीणा तथा संस्था अध्यक्ष प्रकाश सिंह निमराजे ने इस अवसर पर कहा कि श्री सुरेश लाल श्रीवास्तव को उनके मानव अधिकार, भारतीय संविधान, शिक्षा, समाज एवं मानवीय मूल्यों पर आधारित सराहनीय लेखों एवं काव्य सृजन सन्दर्भ में यह सम्मान दिया गया है।इसके अलावा सुरेश लाल को भारत अभिनंदन संगठन एवं स्वदेश संस्थान भारत द्वारा भरत कुण्ड महोत्सव न्यास, जिला प्रशासन अयोध्या तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित पाँच दिवसीय ÷अयोध्या कला संस्कृति महा कुम्भ÷में ÷काव्य विभूति सम्मान-2023÷ एवं ÷स्वदेश भारत गौरव सम्मान-2023÷से सम्मानित किया गया।श्री श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों तथा क्षेत्रवासियों ने खुशी का इज़हार किया है।आपने अपनी समस्त उपलब्धियों के लिए माँ उर्मिला और पिता स्वर्गीय रामेश्वर लाल श्रीवास्तव को श्रेय दिया है।

# प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि को महोत्सव तथा निमंत्रण स्वरूप किया जा रहा अक्षत का वितरण



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ दीपोत्सव मनाया जायेगा जिसके लिए घर -घर अयोध्या से आएं अक्षत, रामलला का चित्र व पत्रक वितरण कर सभी को महोत्सव में आमंत्रित किया जा रहा है। उक्त बातें विहिप के पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजीव मौर्या ने कहा है। शुक्रवार को विकास खण्ड बढ़नी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बसावन पाकर उर्फ मदरहिया प्रखंड में प्रत्येक गांव में अक्षत, श्री प्रभु का चित्र व पत्रक वितरित किए जाने की जिम्मेदारी सौंपी है कहां कि प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि को सभी सनातन धर्म के लोग दीपावली कि तरह अपने -अपने घरों में दीप जलाकर उत्सव की तरह मनाएंगे इस दौरान। राम पाठक, दिनेश सिंह, राम प्रकाश गुप्ता, इंद्र बहादुर मौर्य, साधू शरण, छोटे लाल, रामनरेश, मंगनी राम, चिन्कू आदि ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# मेहमान का एहतेमाम ज़रूरी: मौ. मोहम्मद अब्बास शारिब





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** लोगों को तौबा करने की आदत डालनी चाहिए ताकि उसके इस अमल से ये ज़ाहिर होता रहे कि वो खुदा से डरने वाला है और उस को क़यामत पर यकीन है जिस तरह इंसान के लिए खुदा पर ईमान रखना ज़रूरी है बिल्कुल उसी तरह क़यामत और मरने के बाद हिसाब किताब के होने पर यकीन और ईमान रखने की ज़रूरत है चूँकि क़यामत और उसमें होने वाले हिसाब किताब का यकीनी जानना इंसान को बुरे काम करने से रोकता है।

उक्त उदगार तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित जामा मस्जिद के इमाम जुमा व जमात मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब ने जुमा का खुतबा देते हुए कही। मौलाना शारिब ने सोसाइटी के मसाएल को बयान करते हुए कहा कि हज़रत मोहम्मद साहब ने अपनी बेटी जनाबे फातिमा स अ से यह कहा कि जो शख्स खुदा पर ईमान और क़यामत पर यकीन रखे उसके लिए ज़रूरी है कि मेहमानों का एहतेमाम और इकराम करे। जो शख्स अपने बुलाए हुए मेहमानों के साथ अच्छा बर्ताव करता है वो खुद को खुदा का दोस्त बनाता है और जो शख्स बिना बुलाए हुए मेहमान की भी खातिरदारी कर ले तो खुदा उसको अपना दोस्त बनाता है। इस दौरान फजले अली, अब्बास अली, वजीहुल हसन, इन्तेज़ार, तशबीब हसन, ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर, जलाल अहमद, शमशुल, बशीर हसन, मंज़र, जमाल बीके, असगर मेंहदी, सुहेल अहमद, जलाल हैदर, अज़ीम हैदर, गुड्डू, कामयाब हैदर, काज़िम रज़ा, राहिब रिज़वी, फहीम हैदर, पप्पू, असगर जमील सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक

# आईजीआरएस के निस्तारण के लिए संबधित अधिकारी स्पष्ट आख्या अपलोड करेः डीएम



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** आईजीआरएस की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने निर्देश देते हुए कहा कि आई.जी.आर.एस. के निस्तारण के लिए संबधित अधिकारी स्पष्ट आख्या अपलोड करे। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा निर्देश दिया गया है कि जन सुनवाई समाधान प्रणाली का समुचित लाभ जनमानस को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निस्तारण के उपरान्त आवेदक के असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने पर अधीनस्थ अधिकारी के निस्तारण से सहमत होने के बावजूद सन्दर्भ स्पेशल क्लोज करने के स्थान पर एल 2, एल 3 और एल 4 स्तर के अधिकारी अधीनस्थ की आख्या को ही पुनः दोबारा पोर्टल पर अपलोड कर रहे है। तहसील स्तर से संबधित प्रकरणों के निस्तारण में नोटिस की प्रति उपलोड न करे बल्कि अन्तिम निस्तारण आख्या जो सक्षम स्तर से हस्ताक्षरित हो, की प्रति अपलोड की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कोई उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा अग्रसारित होकर आपको प्राप्त होता है परन्तु वह आपके कार्यालय से संबधित नही है तो उसे सन्दर्भ प्रेषक अधिकारी को वापस किया लायेगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कल देर सायं जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को स्कूलों का मासिक निरीक्षण बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खंड शिक्षा अधिकारी माह में साठ, खंड विकास अधिकारी बीस तथा एडीओ पंचायत दस दस विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी भी विद्यालयों का निरीक्षण बढ़ाये। जिलाधिकारी ने विद्यालयों के चाहरदीवारी निर्माण कार्य को भी प्राथमिकता के साथ कराये जाने पर बल देते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में अभी तक बाउन्ड्रीवाल का निर्माण नही हो पाया है, उसे शीघ्रता के साथ बनवाये। यदि इसमें कही कोई भूमि संबंधित समस्या हो तो उसे बीएसए व जिला प्रशासन के संज्ञान में लाये, ताकि उसका समाधान कराया जा सके।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने कस्तूरबा विद्यालय में भी अवकाश का किया अनुरोध



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शीत लहर और हाड़ कंपाती ठंड के चलते जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की शिक्षिकाओं ने शुक्रवार को डीएम पवन अग्रवाल से इन विद्यालयों में भी शीतकालीन अवकाश किये जाने का अनुरोध किया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष आदित्य शुक्ला की अगुवाई में केजीबीवी संघ की पदाधिकारी ममता सिंह, निशा सिंह, शशिकिरण, नीलम चतुर्वेदी, नीता वर्मा, गीता यादव आदि ने डीएम को पत्र में लिखकर कहा है कि जिले के सभी स्कूल ठंड के चलते बंद हो गए हैं। जबकि कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चियों के स्कूल अभी भी संचालित हो रहे हैं। अभिभावक लगातार बच्चियों को घर ले जाने की जिद कर रहे हैं, इससे विद्यालय की व्यवस्था बिगड़ रही है। इसके पूर्व इन लोगों ने बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय को भी ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान हरिशंकर सिंह, संतोष पांडेय, अभय, विनय सिंह, सुनील गुप्ता, सितारा, सरोज आदि मौजूद रहे।

# दो सफाईकर्मियों के आकस्मिक निधन पर शोक



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मिठवल ब्लाक क्षेत्र के दो सफाई कर्मियों कर आकस्मिक निधन हो जाने पर शुक्रवार को ब्लाक कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन किया गया। सफाईकर्मी रमाशंकर गौड़ ग्राम पंचायत पिपरा मिश्र में तैनात थे तथा महराजगंज जनपद के पिपरिया गांव के निवासी थे इनका निधन शुक्रवार की शाम में हुआ है। वहीं छरहठा में तैनात सफाईकर्मी जो ब्लाक क्षेत्र के कटबंध गांव के निवासी थे का निधन बुधवार को हुआ था। दोनो सफाईकर्मियों के आकस्मिक निधन से सफाई कर्मी काफी दुखी है। शोक सभा में जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष अजीत कुमार, ब्लॉक मंत्री राज कपूर चौधरी राजेश कुमार, रामकिशोर जख्मी सहित तमाम सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार के योजनाओ का उठाये लाभ



अवधनामा संवाददाता

**पौली।** विकास खंड पौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत माझा खड़गपुर और पंडरिया मे शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रहे धनघटा विधायक गणेश चंद चौहान ने लाभार्थियो के समक्ष सीधा संवाद करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियाँ दी।

मौजूद लोगो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं मे प्रधानमंत्री आवास , शौचालय, किसान सम्मान निधि जैसी तमाम कल्यकारी योजनाएं पहुंचाने के लिए सरकार दृढ संकल्पित है। समाज कल्याण विभाग से रोहित,स्वास्थ विभाग से मानवी पाल, सीमायादव, गीता नायक, बैंक सहयोग रामभरोस, शिक्षा विभाग से प्रिंस कुमार, उज्जवला गैस योजना से राहुल चौधरी सहित मौजूद सभी विभागो से आये जिम्मेदारो से सरकार द्वारा योजनाओ कि जानकारियाँ दी। सहित् संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इस मौके पर रजनी पाण्डेय,ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष राममिलन यादव, एडीओ पंचायत दल सिगार यादव, कपिल देव कनौजिया उमेश सिंह, भुवनेशमणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश यादव, सचिव बृजेश यादव, संजयसिंह राठौर, प्रदीप पाल, जगदीश निषाद, राम इकबाल प्रजापति, हीरालाल निषाद, चन्दशेखर, उमेश यादव, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ देना मक़सदः अरविन्द



अवधनामा संवाददाता

**आलापुर (अंबेडकरनगर)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बिना भेदभाव किए सरकार का जनहितकारी योजनाओं को गांव गांव पहुंचा रही है जो सरकार का सराहनीय कदम है। उक्त बातें पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता अरविन्द उपाध्याय ने बतौर मुख्य अतिथि देवरिया पंडित में विकसित भारत संकल्प यात्रा में कही।

मालूम हो ग्राम पंचायत सचिव प्रियंका श्रीवास्तव एवं खण्ड विकास अधिकारी अनिल कुमार कुशवाहा के संचालन में ग्राम प्रधान श्रीमती धनवता देवी की अध्यक्षता में विकसित भारत यात्रा का भव्य आयोजन ग्राम पंचायत में पूर्व प्रधान विजय प्रताप यादव की देखरेख में किया गया। मुख्य अतिथि अरविन्द उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा विशाल सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य एवं गरीबों और पात्र व्यक्तियों को शासन से मिल रही योजनाओं के बारे मे विस्तार से प्रकाश डाला । ग्राम पंचायत देवरियापंडित में विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता विशाल सिंह ने कहा कि जरूरतमंदो को योजनाओं का लाभ मिले सरकार की यही मंशा है। कार्यक्रम में सहायक श्रम आयुक्त राजबहादुर यादव,कृषि विभाग से डा कमलेश कुमार निषाद,मनोज कुमार सिंह,अरूण कुमार गुप्ता, समाज कल्याण विभाग से सहायक विकास अधिकारी चंद्रभूषण राव, सिंचाई विभाग से अवर अभियंता लघु सिंचाई एसएफ अशरफ, उद्योग सेवा एवं व्यवसाय विभाग से पीडी राय, मुख्य सेविका कर्मावती देवी आंगनबाड़ी सहायिका कार्यकत्री उषा देवी यादव, संतरा देवी, आशा शशिकला यादव, बिंदू देवी, समरथी, आशासंगिनी साधना सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में शामिल विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा ग्राम पंचायत में योजनाओं का लाभ उठा रहे ग्रामीणों को पीएम किसान सम्मान निधि,आवास, शौचालय, पेंशन योजना,आदि उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र व बच्चों को निपुण प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा किया गया तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया । इस मौके पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा ऊषा पत्नी अजय की गोद भराई का रस्म अदा किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान विजय प्रताप यादव उर्फ साधू ,केयर टेकर रीता देवी,प्रधानाध्यापक, शिक्षक शिक्षिकाऐं,पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रवींद्र कुमार चक्रवर्ती, पंचायत सहायक आंचल गुप्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला, पुरुष मौजूद रहे।

# गरीब असहायों व जरुरतमंदो में कम्बल वितरण



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को दुबौलिया विकास क्षेत्र के धरमूपुर में स्थित एडी एकेडमी विद्यालय के संस्थापक एवं पूर्वांचल के प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ तथा पूर्व एमएलसी. स्वर्गीय डा. वाईडी0 सिंह के जयंती के अवसर पर उनकी पत्नी डा. गीता दत्त सिंह व उनके पुत्र श्वेतांक शेखर सिंह के द्वारा गरीब,असहाय व जरुरतमंद लोगों में कम्बल वितरण कर सहभोज का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। डा गीता दत्त सिंह ने कहा डा.साहब जब तक जीवित थे उन्होंने बिना भेदभाव के लोगों को एक साथ लेकर चलते थे। वह हमेशा गरीब व असहाय की मदद के लिए खड़े रहते थे आज उन्हीं की जयंती पर असहाय व गरीब लोगों में कंबल वितरण किया गया। इस दौरान सुरंगमा सिंह, अजय सिंह, सुनील सिंह, शैलेंद्र विक्रम सिंह, अनिल सिंह, प्रवीण कुमार, नबी हुसैन, राकेश राजभर, राजेंद्र राजभर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी को प्रशस्ति पत्र



**जलालपुर, अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने थाना संम्मनपुर जनपद अंबेडकर नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया थाना संम्मनपुर में थाना कार्यालय प्रभारी निरीक्षक कक्ष होमगार्ड बैरक आरक्षी बैरक की साफ-सफाई उच्च कोटि की पाई गई थाना कार्यालय के अभिलेख क्रमवार रखा गया था थाना क्षेत्र की दुराचारियों की प्लाई शीट तैयार कर चस्पा किया किया गया था तथा थाना प्रांगण की साफ सफाई व सौन्दयीकरण अच्छी स्थिति में पाया गया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने संम्मनपुर कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी की के कार्य की प्रशंसा की डॉक्टर कौस्तुभ ने कहा कि विश्वास है कि आप इसी दक्षता/ योग्यता परिश्रम/ एवं मनोयोग अपना योगदान देते रहेंगे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दीपक सिंह रघुवंशी को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

# न. पं. अध्यक्ष किछौछा नेसीसी कार्य का किया उदघाटन



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** किछौछा नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा से स्वीकृत पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत स्वीकृत कर वार्ड संख्या 6 बसखारी पश्चिम में रामधनी निषाद के दक्षिण मेराज के घर तक कार्य संख्या -3 अनु0लागत 24.87 लाख से सीसी का कार्य का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता के द्वारा किया गया जिसमें वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, मोनू निषाद, रोशन लाल, शिवम अग्रहरी, दिलीप निषाद, लिपिक अभिषेक यादव, राकेश प्रजापति,कार्यालय सहाय अखिलेश रावत व समस्त सम्मानित सभासद एवं स्थानीय लोगों के साथ किया गया। जिससे उपरोक्त कार्य हो जाने से नगर का चौमुखी विकास तथा जल निकासी की समस्या का समाधान हो सकेगा।

# डीएम ने किया विभिन्न उत्पादों के प्रदर्शनी का शुभारंभ

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** ग्राम चौपाल के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य न्यायालय के बगल परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत गठित समूहो के उत्पादों के प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन किया गया। विभिन्न विकास खण्डों के 20 समूहो द्वारा विभिन्न उत्पादों (जिसमें पिज़्ज़ा, बर्तन साफ करने वाला, फ्रूट, सब्जी, झाडू ,मसाले, बेकरी तथा अन्य उत्पाद), जिला उद्योग, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभाग का स्टाल लगाया गया। उक्त प्रदर्शनी तथा मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, डीएफओ ,जिला विकास अधिकारी, डीसीएनआरएल, परियोजना निदेशक की उपस्थिति में किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न उत्पादों के स्टालों का जायजा लिया गया। अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा उप मुख्यमंत्री एवं ग्राम्य विकास मंत्री माननीय ने ग्राम स्वराज की संकल्पना को साकार करने हेतु ग्राम चौपाल के माध्यम से गांव की समस्या गांव में ही समाधान के अभिनव प्रयोग का शुभारम्भ दिनांक 30.12.2022 को किया था।

# मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का फूल मालाओं के साथ हुआ भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** कुदरहा किकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत माझा कला व सुअरहा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे रामभेज यादव, गोपाल चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी व चंद्रशेखर सिंह ने फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली शुक्रवार को पहली पाली में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी ग्राम पंचायत माझा कल के भगवंतपुर प्राथमिक विद्यालय पर पहुंची जहां उपस्थित लोगों से एडीओ आईएसबी चंद्रशेखर सिंह ने संवाद स्थापित किया। रामभेज यादव ने 2047 तक देश को विकसित बनाने में लोगों के सहयोग के लिए उन्हें शपथ दिलाई। दूसरी पाली में अपराह्न 2 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा सुअर्हा ग्राम पंचायत में पहुंची जहां पर ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे ने वहां की चालक को माला पहनकर उसका अभिनंदन किया। अपनी संबोधन में अनिल दुबे ने कहा कि देश की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार सीधे लोगों तक जन कल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही है पहले की सरकारों में गिनी चुनी योजनाएं चलती थी और उसका लाभ भी कुछ गिने चुने लोगों को मिलता था लेकिन वर्तमान की सरकार में बिना भेदभाव के तब तक जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाई जा रही हैं। उपस्थित लोगों को ब्लॉक प्रमुख ने विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई। दोनों जगह पर उपस्थित लोगों को नववर्ष के कैलेंडर और जनकल्याणकारी योजनाओं की बुकलेट बांटी गई। कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी चंद्रशेखर सिंह संयोजक विजय शंकर मिश्राग्राम पंचायत सचिव घनश्याम यादव धर्मेंद्र चौधरी रामभेज यादव, गोपाल चौधरी रेखा मिश्रा मनसा मिश्रा शीला विमल कुमार आनंद सोनमती सुनील कुमार पटेल अफजल खान दिलीप कुमार पटेल रवि पांडे दुर्गेश अग्रहरि विक्कू मनोज यादव सहित सैकड़ो ग्रामीण महिला और पुरुष मौजूद रहे।

# आयोजित हुआ नियुक्ति पत्र वितरण

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कौशल विकास मिशन के अंतर्गत नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा जिला समन्वयक व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, जिला कौशल प्रबन्धक की उपस्थिति में प्रशिक्षण प्रदाता शोभा प्रौद्योगिकी एवं प्रबन्धन संस्थान के प्रशिक्षण केन्द्र पर अपैरल सेक्टर के अन्तर्गत Self Employed Tailor में प्रशिक्षित 58 प्रशिक्षार्थियों को नियोक्ता वर्धमान, बद्दी हिमाचल प्रदेश के द्वारा चयनित को नियुक्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी महोदय के द्वारा हेल्थकेयर सेक्टर के अन्तर्गत जनरल ड्यूटी असिस्टेंट ट्रेड में आन जॉब ट्रेनिंग प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके 175 प्रशिक्षार्थियों को ओ0जे0टी0 प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बिन्धित प्रशिक्षण प्रदाता शोभा प्रौद्योगिकी एवं प्रबन्धन संस्थान एवं कौशल विकास विभाग के समस्त टीम की सराहना भी किया गया।

# उ.प्र. वॉलीबाल टीम का चयन ट्रायल्स 10 को

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि खेलो इण्डिया यूथ गेम्स-2023 के अन्तर्गत 24 जनवरी 2024 से 28 जनवरी 2024 तक (चेन्नई) तमिलनाडु में वॉलीबाल बालक वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 वॉलीबाल बालक वर्ग की टीम का चयन ट्रायल्स 10 जनवरी 2024 को अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स म्योहाल प्रयागराज में किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रतियोगिता हेतु इच्छुक खिलाड़ी की जन्मतिथि 01 जनवरी 2005 या उसके पश्चात होनी चाहिए एवं पात्रता के सम्बन्ध में आधार कार्ड पासपोर्ट हाईस्कूल की अंकतालिका तथा नगर निगम या ग्राम पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र जो 01 जनवरी 2018 के पहले का हो के साथ चयन ट्रायल्स में प्रतिभाग कर सकते है।

## यादव, साय, म.प्र. और छत्तीसगढ़

मध्य प्रदेश में बम्पर जीत और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को हटाकर दोनो राज्यों के लिये मुख्यमंत्री के चुनाव में केन्द्र ने स्पष्ट कर दिया बांस कौन है। दोनो राज्यों में मुख्यमंत्री के चुनाव में नये प्रतिमान स्थापित किये। म.प्र. में शिवराज चौहान बहुत शक्तिशाली और सफल मुख्यमंत्री रहे है। इस विधानसभा के चुनाव में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये महत्वपूर्ण बम्पर जीत दिलायी। जब कि कयास यह था कि 16 साल 6 महीने के मुख्यमंत्री के खिलाफ इनकम्बेसी का मसला है। भाजपा ने नये खून साफ सुथरा छवि वाले एमएलए को नेतृत्व देकर यह भी सन्देश दिया कि वह नये खून, साफ सुथरा छवि वालो को मौका देती रहेगी। इसे नया खून जो महत्वपूर्ण पदों पर पुराने नेताओं के आने जाने से निराश थे। उनमें नया सन्देश गया है। सही काम करो सही छवि बनाओं मौका मिलेगा।

मध्य प्रदेश में चुने गये यादव बाहरी व्यक्ति है, जब उन्होंने अपना नाम सुना तो कुछ देर तक उनके मुंह से कोई बोल नहीं निकला। शिवराज सिंह ने शालीनता से सब स्वीकार कर किया। अन्य लोगो की तरह स्थान पाने के लिये दिल्ली नहीं भागे। उन्होंने यादव को सफलता के लिये आर्शिवाद दिया। यादव सबसे आर्शिवाद ले रहे थे। शिवराज सिंह दिल्ली से सीएम के लिये भेजे गये थे। किसी को कयास नही था। कि वे मजबूत और कुशल सफल सीएम बनके उभरेगे। किसी को कयास नही था कि वे मजबूत और कुशल सफल सीएम होगे और इतने लम्बे समय तक सीएम बने रहेगे। यादव तीन बार के एमएलए है सिर्फ तीन साल मंत्री रहे है।

छत्तीसगढ़ आदिवासी प्रदेश है कभी म.प्र. का हिस्सा रहा है। अलग राज्य बनने पर वहां आईएएस नौकरशाह अजित जोगी मुख्यमंत्री रहे। अब भाजपा ने आदिवासियों और ओबीसी को साधने के लिये विश्नू देव साय आदिवासी को चुना। इस समय राजनीति पर ओबीसी नरेटिव जोरो पर है। केन्द्र के सूझ बूझ की प्रशंसा करनी होगी वह 2024 के लिये कोई कसर नही छोड़ रही है। साय की छवि बेदाग है। नया खून है। प्रथम हिन्दू सीएम होगे। उनके खिलाफ कोई कान्ट्रोवर्सी नही है। पर उन्हें आदिवासियों और ओबसी को सांध ने के लिये कांग्रेस द्वारा जो ज्वलन्त समस्याये दबाके रखा थी उन समस्यायों से उनको निजात दिलाना पहला काम होना चाहिये। जैसे खाद्यानों के लिये जंगलो में अनुमति देना, जल, जंगल जमीन पर आदिवासियों का अधिकार। पहले की अनुमति समाप्त करना होगा और दूसरे के अधिकार के लिये स्वीकृति देना होगा।

भाजपा 2024 के मद्देनजर म.प्र. यादव को सीएम बना एमपी, बिहार, यूपी, हरियाना में यादवो को अकर्षित करने का दांव चला है। छत्तीसगढ़ में आदिवासियों और ओबीसी को साधने के लिये आदिवासी को सीएम बना कर अपने को मजबूत करने का दाव खेला है। भाजपा की सोच, रणा की शैली, प्रचार की शैली मौलिक और असरदायक होती है यह मोदी के आने के बाद से देखा जा रहा है।

म.प्र. और छत्तीसगढ़ के लिये चुने गये मुख्यमंत्रियों में बहुत कुछ अलग भी है और एक भी है। दोनो पहली बार मुख्यमंत्री बने है। दोनो की छवि बेदाग और इमानदार नेता की है। यादव तलवार बाज है तो सायं लाठीबाज है। यादव एमवीए है पीएचडी है यादव तीख प्रवक्ता है पर सायं मधुरवाणी वाले है। दोनो पहली बार सीएम बने है केन्द्रीय नेतृत्व के निगाह में काबलियत साबित करने की बड़ी जिम्मेदारी है। 2024 के चुनाव में भी अपने अपने राज्य में उनकी भूमिका परखी जायेगी। कुछ लोग इन्हें पीछे ढकेल अपने को आगे बढ़ाने के लिये जिस तरह की भीतरी चाले चलते रहेगे। उनसे इन दोनो को अपने को बचाना होगा। अखबार मंगल और सफलता की कामना करते हुये बधाई देता है।

## कम नहीं है समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका

वर्ष 2023 राजनीतिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टिकोण से भारत के लिए ऐतिहासिक रहा है। धरती से लेकर अंतरिक्ष तक भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। लगभग हर क्षेत्र में भारत पहले से बदल गया है। लेकिन अगर किसी चीज़ में बदलाव नहीं आया है, तो वह है महिलाओं और किशोरियों के प्रति समाज की सोच में बदलाव। भले ही 21वीं सदी का लगभग एक चौथाई हिस्सा गुजरने को है, लेकिन महिलाओं और किशोरियों के प्रति पुरुषसत्तात्मक समाज अपनी सोच को बदलने के लिए तैयार नहीं है। वह आज भी परंपरा और संस्कृति के नाम पर उन्हें चारदीवारी के पीछे खड़ा देखना चाहता है। भले ही शहरी क्षेत्रों में ऐसी सोच अब कम होने लगी है।



निशा दानू

लेकिन ग्रामीण भारत की सामाजिक स्थिति में ज़्यादा बदलाव नहीं आया है। यहां समाज आज भी महिलाओं और किशोरियों के प्रति वही पुरानी सोच का हिमायती है जहां वह उन्हें सामाजिक बेड़ियों में ही बंधे देखना चाहता है। शहर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में जहां परिवर्तन आने लगा है लेकिन देश के दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक ताने-बाने में बहुत अधिक बदलाव नहीं आया है। इसकी एक मिसाल पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का दूर दराज़ गांव जगथाना है। कपकोट ब्लॉक से करीब 30 किमी और जिला बागेश्वर से करीब 35 किमी दूर यह गांव सामाजिक और आर्थिक रूप से पीछे रहने के साथ साथ वैचारिक रूप से भी पिछड़ा हुआ है। इस गांव में आज भी महिलाओं को अपनी मर्ज़ी से जीने का अधिकार नहीं है। जहां लड़कों को वंश का उत्तराधिकारी तो लड़कियों को बोझ समझा जाता है।

इन क्षेत्रों में महिला समानता से अधिक रूढ़िवादी धारणाएं हावी हैं। लड़कियों की तुलना में लड़कों को प्राथमिकता दी जाती है। उसके लिए शिक्षा के विशेष प्रयास किये जाते हैं, जबकि लड़कियों के सपनों को घर की चारदीवारियों तक सीमित कर दिया जाता है। उसे पढ़ाई करने के लिए भी स्कूल कम ही भेजा जाता है जबकि लड़कों की शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। हालांकि नई पीढ़ी की किशोरियां अब इस सोच पर सवाल उठाने लगी हैं। इस संबंध में गांव की एक 16 वर्षीय किशोरी पूजा प्रश्न करती है कि आखिर एक महिला को उसके अधिकारों से वंचित क्यों रखा जाता है? लड़कियों को पढ़ने और आगे बढ़ने से क्यों रोका जाता है? समाज उसे बोझ क्यों समझता है? जबकि समाज निर्माण में उसकी भूमिका पुरुषों से कहीं अधिक होती है? लड़के से वंश आगे बढ़ाने का सपना देखने वाला यही समाज भूल जाता है कि उस वंश की नींव एक औरत ही रखती है। इसके बावजूद समाज लड़कियों को बोझ समझता है और उसे कोख में ही मार देना चाहता है?

सिर्फ इतना ही नहीं जाति, समुदाय और रंग के आधार पर भी लड़कियों के साथ भेदभाव किया जाता है। शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले स्कूल में लड़कियों को प्रोत्साहित करने की जगह उसका मनोबल तोड़ा जाता है। स्कूल के वार्षिक समारोह में मंच पर भाषण देने के लिए शिक्षक लड़कियों से अधिक लड़कों को प्राथमिकता देते हैं। उनकी संकुचित सोच होती है कि लड़कों की तुलना में लड़कियां बोल नहीं सकती हैं, अपनी बात नहीं रख सकती हैं। जबकि हकीकत इसके विपरीत होता है। यदि लड़कियों का उत्साहवर्धन किया जाए तो वह पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख सकती हैं। लेकिन घर से लेकर स्कूल और समाज तक उसके मनोबल को केवल लड़की होने के नाम पर तोड़ा जाता है। इस संबंध में गांव की एक 52 वर्षीय महिला महादेवी कहती हैं कि वह लड़कियों के आगे बढ़ने और उनके आत्मनिर्भर बनने की पक्षधर हैं, लेकिन किशोरियों के प्रति समाज की बेतुकी बातें उनका मनोबल तोड़ देती हैं और वह चाह कर भी अपनी बेटियों का हौसला बढ़ा नहीं पाती हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है।

# धरती की सुरक्षा निहित है श्रीराम के प्रकृति-प्रेम में

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीराम मन्दिर का उद्घाटन 22 जनवरी, 2024 को करेंगे, निश्चित ही श्रीराम के इस पांच सौ वर्ष के टेंटवास के वनवास से स्व-मन्दिर में स्थापित होने की घटना वास्तविक दीपावली एवं खुशी का अवसर है, जिससे भारत एक नये युग में प्रवेश करेगा। जितनी आस्था एवं भक्ति से जन-जन ने श्रीराम के प्रति भक्ति एवं आस्था व्यक्त की है, उतनी ही आस्था एवं संकल्प से अब हर व्यक्ति को श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा, स्वयं को श्रीराममय एवं प्रकृतिमय बनाना होगा। श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है। आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है।



ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुनः प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं



पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा। आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। अनेक स्थानों पर तुलसीदासजी एवं वाल्मीकिजी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया है। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। मजबूत जड़ों वाले फल तथा फूलों से लदे वृक्ष पूरे क्षेत्र में फैले हुये थे। श्रीराम के राज्य में वृक्षों की जड़ें सदा मजबूत रहती थीं। वे वृक्ष सदा फूलों और फलों से लदे रहते थे। मेघ प्रजा की इच्छा और आवश्यकता के अनुसार ही वर्षा करते थे। वायु मन्द गति से चलती थी, जिससे उसका स्पर्श सुखद जान पड़ता था। इसलिए जो कुछ हम सब रामायण से समझ पाते हैं, वह ही मनुष्य के जीवन जीने की सनातन परंपरा है। वही परंपरा ही हम सबको यह बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है।

हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, प्रकृति-प्रेम को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, सर्वोत्तम चेतना के शिखर है, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। प्रभु श्रीराम ने तो प्रकृति के संतुलन के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। प्रकृति के कण-कण की रक्षा के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा और प्रकृति एवं पर्यावरण के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। प्रकृति को बचाने के लिये संयमित रहना और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते।

प्रकृति, पर्यावरण और प्रगति के मध्य अन्तः सम्बन्ध है जिनके प्रति मानवीय दृष्टिकोण सांस्कृतिक विरासत एवं श्रीराम के जीवन से निर्मित एवं विकसित होता है और इस संदर्भ में भारतीय हिन्दू संस्कृति की वैश्विक भूमिका प्राचीनकाल से ही मानी गयी है। बाल्मीकि रचित रामायण से लेकर तुलसीदास रचित रामचरित मानस में प्रकृति चित्रण, पर्यावरण संचेतना, पर्यावरण संरक्षण का विस्तृत उल्लेख किया गया है। वास्तव में हिन्दू धर्म एक विशिष्ट पूजा पद्धति, आस्था तक ही सीमित नहीं है वरन जैसा कि भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी हिन्दू धर्म को परिभाषित करते हुए कहा है कि हिन्दूधर्म एक जीवनशैली है। हिन्दू धर्म की इस जीवनशैली में धर्म तथा पर्यावरण में सह-सम्बन्ध माना गया है। जिसके अन्तर्गत पर्यावरण प्रकृति के साथ मानव द्वारा उचित, संवेगात्मक, संवेदनात्मक एवं सामन्जस्यपूर्ण सम्बन्ध निभाना ही उसका धर्म है। पृथ्वी को धरती माता के रूप में पूजित माना गया तथा सूर्य, जल, वायु, वृक्ष, अग्नि सभी को देवता मानकर पूजनीय माना गया। केवल यही नहीं विभिन्न देवी-देवताओं के वाहक के रूप में विभिन्न पशु-पक्षियों की भी आराधना की पद्धति विकसित की गयी। जल, वायु को दूषित करना, वृक्षों का अनावश्यक रूप से काटने को पाप माना जाता था क्योंकि उस समय ऋषि, मुनियों को पर्यावरण के इन महत्त्वपूर्ण घटकों के महत्त्व का ज्ञान था। तत्कालीन भारतीय सामाजिक जीवन में पर्यावरणीय तत्त्वों के साथ सामंजस्य की भावना धर्म से जुड़ी हुई थी।

रामराज्य वन क्षेत्रों से भरा था। सभी वृक्ष हरे-भरे पुष्प तथा फल सम्पन्न थे। समृद्ध वन में वन्यजन्तु स्वाभाविक रूप से रहा करते थे। सभी वन्यजीव ऐसे वन क्षेत्र में प्रफुल्लित थे। शेर, हाथी, विविध प्रकार के रंग-बिरंगे पक्षी तथा विभिन्न प्रजातियों के हिरण आदि जीवन को जीवन्त बनाया करते थे। रामराज्य में सभी जीव-जन्तु प्रसन्न मन से अपना स्वाभाविक जीवन जीते थे। प्रकृति के किसी भी अवयव से किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जाती थी।

# कानून को मुंह चिढ़ाते दो मुख्यमंत्री

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी को जमीन घोटाले और अवैध खनन मामले में पूछताछ करनी है। ईडी उन्हें सात समन भेज चुकी है। लेकिन हेमंत लगातार पूछताछ से भाग रहे हैं। ईडी ने अपने सातवें समन में मुख्यमंत्री से यह पूछा था कि वो स्वयं पूछताछ के लिए जगह तिथि व समय बता दे, ताकि पूछताछ की जा सके। लेकिन मुख्यमंत्री ने जो जवाब भेजा है उसमें जगह तिथि व समय का जिक्र नहीं है। केजरीवाल और सोरेन ही नहीं विपक्ष के जिस नेता के यहां जांच एजेंसियां पहुंचती हैं, वो इसे राजनीति से प्रेरित बताकर राजनीतिक ड्रामा करने लगता है।

इन दिनों देश में दो मुख्यमंत्री कानून और जांच एजेंसियों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। इनमें पहले मुख्यमंत्री दिल्ली के अरविंद केजरीवाल और दूसरे झारखंड के हेमन्त सोरेन हैं। दोनों मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार से जुड़े अलग-अलग मामलों में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी कई दफा नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुला चुकी है। लेकिन दोनों ईडी के सामने पेश न होने के बहाने बना रहे हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत को ईडी सात बार और केजरीवाल को तीन बार समन भेजी चुकी है। लेकिन दोनों पूरी ढिठाई और बेशर्मी से इस मामले में पॉलिटिकल विक्टिम कार्ड का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। दोनों ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हैं। और केंद्र की मोदी सरकार पर अपने विरोधियों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हैं। असल में राजनीतिक आरोपों के आड़ में ये दोनों खुले तौर पर कानून और जांच एजेंसियों का मजाक उड़ा रहे हैं।



आशीष वशिष्ठ

बीती 3 जनवरी को अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाला केस में ईडी ने तीसरा नोटिस देकर बुलाया था। लेकिन केजरीवाल ने ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया। उन्होंने ईडी को जवाब भेजकर समन को अवैध करार दिया। जिस शराब घोटाले में केजरीवाल से पूछताछ होनी है, उस मामले में उनके दो बड़े नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह महीनों से तिहाड़ में बंद हैं। मामला गंभीर है। जांच में केजरीवाल का नाम सामने आने के बाद से यह साफ है कि एजेंसी के पास उनके खिलाफ ठोस सुबूत होंगे। इस मामले में सीबीआई उनसे पूछताछ कर चुकी है। केजरीवाल अक्सर मीडिया और सार्वजनिक मंचों से छाती ठोककर खुद अपने को ईमानदारी का प्रमाण पत्र देते हैं। दस साल पुरानी आम आदमी पार्टी के दिल्ली और पंजाब के लगभग 20 नेता विभिन्न मामलों में जेल की सैर कर चुके हैं। इन दोनों राज्यों में आप की सरकार है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी को जमीन घोटाले और अवैध खनन मामले में पूछताछ करनी है। ईडी उन्हें सात समन भेज चुकी है। लेकिन हेमंत लगातार पूछताछ से भाग रहे हैं। ईडी ने अपने सातवें समन में मुख्यमंत्री से यह पूछा था कि वो स्वयं पूछताछ के लिए जगह तिथि व समय बता दे, ताकि पूछताछ की जा सके। लेकिन मुख्यमंत्री ने जो जवाब भेजा है उसमें जगह तिथि व समय का जिक्र नहीं है। केजरीवाल और सोरेन ही नहीं विपक्ष के जिस नेता के यहां जांच एजेंसियां पहुंचती हैं, वो इसे राजनीति से प्रेरित बताकर राजनीतिक ड्रामा करने लगता है। बीते दिनों झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से इनकम टैक्स की छापेमारी के दौरान 353 करोड़ से ज्यादा की नगदी बारामदगी हुई है। इस मामले पर भी जमकर



राजनीति हुई। पश्चिम बंगाल में बीती जुलाई में, टीएमसी नेता एवं राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को स्कूल नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। इस साल की शुरुआत में, टीएमसी सांसद और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी से पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती और कोयला तस्करी मामलों के संबंध में पूछताछ की गई थी। राशन वितरण घोटाले में ममता सरकार के राज्य मंत्री मलिक को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

फरवरी 2019 में सीबीआई की एक टीम कोलकाता के पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार से शारदा चिट फंड घोटाले में पूछताछ करने आई तो सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र की मोदी सरकार पर सीबीआई का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और धरने पर बैठ गई थी। शारदा समूह ने पश्चिम बंगाल में कई पोंजी योजनाओं के जरिये कथित तौर पर लाखों लोगों को ठगा। इसमें तृणमूल कांग्रेस नेताओं के नाम सामने आए थे। सीबीआई उसकी जांच कर रही है तो राज्य सरकार ने राजनीतिक कारणों से उसे रोकने का काम किया।

बिहार में लालू यादव और उनके परिवार के सदस्य भ्रष्टाचार के मामले में जांच का सामना कर रहा है। भ्रष्टाचार और अपराध में लिप्त पक्ष और विपक्ष के तमाम नेता जांच एजेंसियों के राडार पर हैं। कई नेता जेल की सजा भी काट रहे हैं। सीधी सी बात है अगर किसी का दामन पाक साफ है तो उसे जांच एजेंसी पूछताछ के लिए क्यों बुलाएगी? अगर कोई बेगुनाह है तो उसे अदालत सजा क्यों देगी? अदालत या जज किसी पार्टी के कार्यकर्ता या नेता नहीं हैं। दिल्ली शराब घोटाले में सिसोदिया और संजय सिंह को कोर्ट जमानत नहीं दे रहा। मतलब अदालत यह समझती है कि इन दोनों के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, अगर इनको जमानत दी गई तो ये लोग जांच को प्रभावित कर सकते हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री आजम खां, उनकी पत्नी और बेटा जेल में बंद हैं। लालू प्रसाद यादव चारे घोटाले में सजायाफ्ता हैं। क्या बिना किसी कसूर के अदालत ने उन्हें सजा सुनाई है।

भ्रष्टाचार के एक मामले में बीती 22 दिसंबर को यूपी में बसपा सरकार में षिक्षा मंत्री रहे राकेश धर त्रिपाठी को 3 साल कैद की सजा हुई है। बीती 21 दिसंबर को मद्रास हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के मामले में डीएमके नेता और तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी को दोषी ठहराते हुए तीन साल की कैद और 50 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पोनमुडी की पत्नी विशालाक्षी को भी दोषी ठहराया गया है।

सवाल यह है कि, क्या इन नेताओं को अदालत से मिली सजा राजनीति से प्रेरित है? वास्तव में, राजनीतिक भ्रष्टाचार पर राजनीतिक दलों के बीच गजब का आपसी तालमेल और सहमति का इतिहास रहा है। सार्वजनिक मंचों से एक दूसरे के खिलाफ चाहे कितना भी कीचड़ उछाला जाए, लेकिन चुनाव बाद भ्रष्टाचार की बात नहीं होती थी। लेकिन 2014 में केंद्र की मोदी सरकार आने के बाद से भ्रष्टाचार खासकर राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ चली आ रही सहमति और तालमेल पर जोरदार प्रहार किया गया। नतीजतन, आज कई भ्रष्ट नेता और प्रभावशाली लोग जेल की रोटियां खा रहे हैं।

जब कानून के हाथ तथाकथित प्रभावशाली लोगों और नेताओं की गर्दन तक पहुंचने लगते हैं, तो वो जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और राजनीतिक प्रतिशोध का बाजा बजाने लगते हैं। जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग कानून और जांच एजेंसियों से बचने के लिए जब तरह–तरह के हथकंडे अपनाते हैं तो इससे समाज में गलत संदेश जाता है। इससे आम आदमी के मन में कानून और जांच एजेंसियों के प्रति अनादर का भाव उपजता है। और कानून का राज स्थापित करने में कठिनाइयां आती हैं। राजनीतिक दल और नेता अपनी गिरेबां में झांकने की बजाय सत्ता पक्ष पर जांच एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाते हैं। एजेंसियां का दुरुपयोग हर दल की सरकार करती है, यह कड़वी हकीकत है।

# डीपफेक के लगातार बढ़ते खतरे

डीपफेक उस ऑडियो, वीडियो, फोटो मीडिया को कहा जाता है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए छेड़छाड़ कर किसी के चेहरे पर दूसरे का चेहरा लगा दिया जाता है। डीपफेक तकनीक में वास्तविक फुटेज के ऑडियो और वीडियो से छेड़छाड़ की जाती है। इसका इस्तेमाल ज्यादातर नेताओं और प्रसिद्ध हस्तियों की छवि को धूमिल करने के लिए किया जाता है। डीपफेक का शिकार कोई भी हो सकता है, लेकिन महिलाएं खासकर इसके निशाने पर होती हैं।

डीपफेक दुनिया भर में एक बढ़ती हुई समस्या बन गई है क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति अब इंटरनेट पर यूजर के लिए आसानी से उपलब्ध है। दुनिया के कई दूसरे देशों की ही तरह भारत में भी डीपफेक का इस्तेमाल कर ऐसे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है जो सेलिब्रिटी हैं या फिर राजनीति से ताल्लुक रखते हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ प्रसिद्ध व्यक्तियों के डीपफेक वीडियो ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के दुरुपयोग पर चिंता जताई है। कुछ समय पूर्व एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था और उसके तुरंत बाद कैटरीना कैफ की एक डीपफेक तस्वीर सामने आई थी।



रोहित माहेश्वरी

एआई तकनीक की मदद से बनाई गई या रूपांतरित की गई अन्य छवियां भी देश और विदेश में प्रसारित हुई हैं। छवियां कृत्रिम रूप से लगभग पूर्णता के साथ इस तरह से बनाई गई हैं कि वे देखने और सुनने में वास्तविक जैसी ही वास्तविक लगती हैं। वास्तविकता से छेड़छाड़ एआई से की जाती है जो पिछले कुछ वर्षों में काफी आगे बढ़ चुका है। मॉर्फिंग और ऐसी शरारती गतिविधियां कई वर्षों से प्रचलन में हैं, लेकिन सतर्क आंख या कान और निश्चित रूप से प्रौद्योगिकी द्वारा उनका पता लगाया जा सकता है। लेकिन एआई की मदद से बनाई गई चीजों के मामले में सबसे अच्छी तकनीक भी अक्सर नकली और असली में अंतर करने में असमर्थ होती है। डीपफेक उस ऑडियो, वीडियो, फोटो मीडिया को कहा जाता है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए छेड़छाड़ कर किसी के चेहरे पर दूसरे का चेहरा लगा दिया जाता है। डीपफेक तकनीक में वास्तविक फुटेज के ऑडियो और वीडियो से छेड़छाड़ की जाती है। इसका इस्तेमाल ज्यादातर नेताओं और प्रसिद्ध हस्तियों की छवि को धूमिल करने के लिए किया जाता है। डीपफेक का शिकार कोई भी हो सकता है, लेकिन महिलाएं खासकर इसके निशाने पर होती हैं। जानकारों का कहना है कि सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले लोग साइबर अपराधियों का ज्यादातर निशाना बनते हैं और डीपफेक बनाने वाले सोशल मीडिया से ही लोगों के वॉयस सैंपल और तस्वीरें निकाल लेते हैं।

जानकारों के अनुसार, भारतीय समाज बिल्कुल असमान है। इसके पितृसत्तात्मक मूल्यों, जातिवाद और बहुसंख्यकवाद को देखते हुए डीपफेक का उपयोग हाशिए पर रहने वाले समूहों के लोगों को ज्यादा गंभीरता से प्रभावित करेगा। डीपफेक के जरिए किया जाने वाले अपराधों का अधिकांश हिस्सा क्रिमिनल और सिविल लॉ के मौजूदा प्रावधानों के दायरे से बाहर होगा जो इंपर्सनेशन, हेट स्पीच या अश्लीलता को प्रतिबंधित करते हैं। उचित कानूनी प्रावधान के अलावा कानूनों को जमीनी स्तर पर लागू करने में कमी का मामला भी तो है।

राजनीतिक दलों, राजनेताओं और सार्वजनिक



अधिकारियों; सभी को आसानी से डीपफेक का शिकार बनाया जा सकता है। यह भी गंभीरता से सोचने लायक है कि कैसे सत्ता के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार को उजागर करने वाली खोजी पत्रकारिता के खिलाफ आसानी से संदेह पैदा किया जा सकता है क्योंकि पत्रकारों के ऑडियो या वीडियो साक्ष्य को डीपफेक करार दिया जा सकता है। कुल मिलाकर, यह सब मिलकर चुनावों में हेरफेर से नुकसान पहुंचाएगा, सामाजिक विभाजन बढ़ाएगा और संस्थानों पर भरोसे को बट्टा लगाएगा।

एक संभावित जोखिम यह भी है कि पर्याप्त फंडिंग और मोबलाइजेशन के साथ कई प्रतिकूल ताकतों द्वारा सिंथेटिक कंटेंट का पूरा खजाना तैयार किया जाएगा, जो पूरी तरह से वैकल्पिक वास्तविकता को सामने लाने के लिए डीपफेक की एक सीरीज का निर्माण करेगा। इतनी बड़ी चुनौती पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या रही है? 21 जुलाई, 2023 के एक संसदीय प्रश्न के उत्तर में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आईटी रूल्स, 2021 के प्रावधानों का हवाला दिया जिसके तहत शिकायत मिलने पर आपत्तिजनक सामग्री को वर्चुअल वर्ल्ड से हटाने का आदेश संबंधित इंटरनेट कंपनी को दिया जाता है। यह प्राथमिक प्रतिक्रिया सीमित और सेंसरशिप वाली है। यह एक निष्प्रभावी मॉडल पर टिका है जो एक तो नुकसान को केवल व्यक्तियों के नुकसान के रूप में देखता है और दूसरा केस-टू-केस आधार पर सोशल मीडिया से डीपफेक को हटाने के लिए एक कानूनी आधार प्रदान करता है। यह बताता है कि भारत सरकार एआई बेस्ड टेक्नॉलजी का गंभीरता से और निरंतर मूल्यांकन में पिछड़ रही है।

डीपफेक के उपयोग के मामले में भारत छठे सबसे असुरक्षित देश के रूप में सूचीबद्ध है। केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर ऐसे कंटेंट को हटाने का निर्देश दिया है. इसने प्रभावित व्यक्तियों को लक्षित होने के तुरंत बाद एफआईआर दर्ज करने की सलाह दी है। आईटी अधिनियम, 2000, इन समस्याओं से निपटने के लिए उपाय प्रदान करता है। लेकिन कई अन्य देशों की तरह, बढ़ते खतरे से निपटने के लिए कानूनी उपाय अपर्याप्त माने जाते हैं।

लगभग सभी देशों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक को विनियमित करने पर विचार हो रहा है। ऐसे में भारत सरकार भी ऐसे कदम उठाए, यह लाजिमी है। केंद्र सरकार ने इस समस्या को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है। केंद्र सरकार ने सभी सोशल मीडिया कंपनियों को सूचना प्रौद्योगिकी नियमों का पालन करने की सलाह दी है। इससे पहले भी इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एक एडवाइजरी जारी कर चुका है। ताजा एडवाइजरी में मंत्रालय ने कहा है सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को यूजर्स को आईटी नियमों के तहत बैन कंटेंट को पब्लिश न करने के बारे में जागरूक करना चाहिए। साथ ही कहा गया है कि यूजर्स को फर्जी वीडियो, मैसेज या कंटेंट डालने से रोकने का काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का है ताकि इससे अन्य यूजर्स को नुकसान ना हो। एडवाइजरी के मुताबिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स यूजर्स को यह भी बताएंगे कि आईटी कानून के नियम का पालन नहीं करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

इससे पहले दिल्ली में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) को संबोधित करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीपफेक के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जाहिर की थी। पीएम ने कहा था कि डीपफेक देश के सामने खड़े बड़े खतरों में से एक है. मोदी के मुताबिक एआई जेनरेटिव वीडियो और तस्वीरों में बढ़ोत्तरी के बीच लोगों को नई तकनीक से सावधान रहने की जरूरत है। तथ्य यह भी है कि हाल ही में पारित डेटा प्रोटेक्शन लॉ में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटा के इस्तेमाल की छूट मिली हुई है। यानी सोशल मीडिया पर किसी व्यक्ति की सहमति के बिना ली गई तस्वीरों को डीपफेक के लिए प्रशिक्षण डेटा के रूप में उपयोग करने का रास्ता खुला है। इस पर कोई कानूनी शिकंजा नहीं होगा।


# लखनऊ सहित आसपास के इलाकों में बारिश से और बढ़ी ठिठुरन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ सहित आसपास के जिलों में शुक्रवार दोपहर हुई बूंदाबांदी ने ठिठुरन बढ़ा दी है। लोग घरों में दुबक गए हैं। आसमान में छाए बादलों और पछुआ पवनों के कारण पहले से ही लोग ठंड से परेशान थे। बारिश के बाद गलन बढ़ गई है। हाल ये है कि मफलर, टोपी, जैकेट लादने के बाद भी लोग ठिठुर रहे हैं। सुबह और शाम के वक्त कई इलाकों में घना कोहरा रहता ह।

इसके पहले, लखनऊ के रात के पारे में लगातार वृद्धि और दिन के पारे में गिरावट हो रही थी। शुक्रवार को बारिश से दिन के हालात भी बदल गए। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले कई दिनों तक मौसम ऐसे ही रहने के आसार हैं।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के





मुताबिक, बृहस्पतिवार को दिन का तापमान 17.2 और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस रहा। एक जनवरी को अधिकतम व न्यूनतम तापमान 19.3 व 8.4 डिग्री रहा, दो जनवरी को क्रमशः 18.4 व 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा। बृहस्पतिवार सुबह 8.30 बजे तक घने कोहरे के चलते दृश्यता 50 मीटर तक रही।

प्रदेश में आगरा और इटावा सबसे ठंडा रहा। लखनऊ में अधिकतम तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, मौसम विभाग का कहना है कि गुरुवार से मौसम साफ रहेगा और धूप भी निकलने के आसार हैं। लेकिन,

**10.8** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा

शीतलहर की वजह से ठंड से बहुत राहत नहीं मिलने वाली है। राजधानी में न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया। प्रयागराज दो दिन से बादलों के घेराबंदी के बीच बुधवार सुबह गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। इसका असर तापमान पर पड़ेगा और खासतौर पर दिन के तापमान में कमी आएगी।

मौसम विभाग के अनुसार, बारिश का यह दौर पांच जनवरी तक चलेगा। इसकी वजह से रात के तापमान में गिरावट का दौर थमेगा। बारिश की वजह से 200 से ऊपर चल रहे एक्यूआइ में कुछ सुधार आया और रियल टाइम डाटा में अनुसार यह 175 दर्ज किया गया।

# कल्याण सिंह का राम मंदिर निर्माण में बहुत योगदान रहा

## प्रदेश अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ नेताओं ने कल्याण सिंह की प्रतिमा पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं पद्म विभूषण से सम्मानित श्रद्धेय कल्याण सिंह 'बाबू जी' की जयंती पर लखनऊ नगर निगम के सामने स्थित उनकी प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, एमएलसी मुकेश शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि श्रद्धेय बाबूजी जी की जयंती के अवसर पर उनको हम सब श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं उन्होंने प्रभु राम लला के भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए



अपना सर्वस्व निछावर करने का कार्य किया। उनके राजनीतिक जीवन के दौरान भी प्रदेश में विकास के जो कार्य हुए उसके लिए भी हम उनको याद कर रहे हैं और श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। आज अयोध्या में रामलला का जो भव्य मंदिर बनकर तैयार हो रहा है उसमें उनका बहुत बड़ा योगदान है। आज जो राम राज्य जैसा माहौल पूरे देश और प्रदेश में है, सभी तरफ बदलाव दिख रहा है एक सांस्कृतिक बयार है और अयोध्या सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकसित हो रही है।

भूपेंद्र सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नायक श्रद्धेय कल्याण सिंह बाबू जी जी जयंती पर कृतज्ञता पूर्वक नमन करता हूं। श्रद्धेय बाबूजी का संघर्ष, व्यक्तित्व, राजनीतिक व संगठनात्मक कौशल सदैव हमें प्रेरित करता रहेगा। राम मंदिर निर्माण के लिए उनकी भूमिका और त्याग को प्रदेश हमेशा याद करेगा। भारतीय जनता पार्टी के हम सभी कार्यकर्ता उनके दिखाए हुए मार्ग पर चल रहे हैं और जो सपना कल्याण सिंह जी का था उसको हम सभी मिलकर पूरा करेंगे।

लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, महामंत्री त्रिलोक सिंह, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, घनश्याम अग्रवाल विवेक तोमर, सुशील तिवारी पम्मी,अभिषेक खरे, सीता नेगी, रीना चोरसिया, आनंद पांडे, पंकज सक्सेना सहित पार्षद गणो, व बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# महिलाओं ने ठेके से लूटी शराब की बोतलें...

**आगरा।** गांव के पास खुले शराब ठेके के कारण गांव के पुरुष शराबी हो गए और दिन भर नशे में धुत रहने लगे। पुरुषों की हालत देख कर महिलाओं के सब्र का बांध टूट गया।

गुस्साई महिलाओं ने शराब के ठेके पर जाकर हंगामा और तोड़फोड़ की और शराब की बोतलें लूट कर हाइवे पर ले जाकर फोड़ दीं। इसके बाद सड़क जाम कर दी। कागरौल के गांव नगला हीरामन के बाहर कागारौल-फतेहपुर सीकरी मार्ग पर विश्वेंद्र का देशी और एक अन्य महिला का अंग्रेजी शराब का ठेका संचालित है। हीरामन गांव की महिलाओं का कहना है कि गांव के पास में ठेका होने के कारण युवाओं से लेकर बुजुर्ग पुरुष सभी शराब के आदी हो गए हैं।

पास में ही दुकान होने के कारण सुबह से ही शराब पीने लगते हैं। खेतों और अन्य काम की बजाय शराब पीकर घरों में मारपीट और गाली गलौज करते हैं। कई बार मांग करने

■ हाईवे पर ले जाकर तोड़ दी, वजह पूछने पर दिया हैरान करने वाला जवाब



के बाद भी शराब ठेका यहां से स्थानांतरित नहीं किया गया। शुक्रवार को महिलाओं के सब्र का बांध टूट गया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शराब ठेके पर पहुंच गई और हंगामा व तोड़फोड़ कर दी। महिलाओं ने शराब के कार्टून लूट लिए और सड़क पर फेंक कर शराब की बोतलें तोड़ डाली। इसके बाद सड़क पर जाम लगा दिया। काफी देर हंगामा चलता रहा पर पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। ठेका संचालक महिलाओं के खिलाफ तहरीर देने की बात कह रहे हैं।

# सिपाही भर्ती : यूपी सरकार कर रही पुख्ता तैयारी

**लखनऊ।** आगामी फरवरी में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 के लिए प्रदेश सरकार तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों के साथ उनकी क्षमता के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रस्ताव के तहत सरकार करीब 6.5 हजार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन कर सकती है।

इन परीक्षा केंद्रों की कुल क्षमता 31.75 लाख से भी ज्यादा होगी। परीक्षा केंद्रों का चयन आधारभूत मानकों पर किया जाएगा। साथ ही परीक्षा भवन संबंधी मानकों पर खरे उतरने वाले केंद्रों को ही अंतिम सूची में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने हाल ही में 60 हजार से अधिक पदों के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 का नोटिफिकेशन जारी किया है। 18 फरवरी को परीक्षा प्रस्तावित है।

## लखनऊ जोन में बनाए जा सकते हैं सर्वाधिक 836 परीक्षा केंद्र



### जोन और कमिश्नरेट में परीक्षा केंद्रों का प्रस्ताव

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया में कुल 6484 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता 31.75 लाख से अधिक है। जोन में 4844 तो कमिश्नरेट में 1640 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। जोन की बात करें तो सर्वाधिक 832 परीक्षा केंद्र लखनऊ में होंगे, जिनकी कुल क्षमता 4 लाख से ज्यादा है। बरेली में 741 परीक्षा केंद्र (कुल क्षमता 3.43 लाख से अधिक), गोरखपुर में 699 (कुल क्षमता 3.49 लाख से अधिक), वाराणसी में 647 (कुल क्षमता 3.47 लाख से अधिक), आगरा में 540 (कुल क्षमता2.61 लाख से अधिक), कानपुर नगर में 527 (कुल क्षमता 2.31 लाख से अधिक),मेरठ में 464 (कुल क्षमता 2.39 लाख से अधिक) और प्रयागराज में 394 (कुल क्षमता 1.94 लाख से अधिक) परीक्षा केंद्र प्रस्तावित हैं। वहीं कमिश्नरेट में सर्वाधिक 488 परीक्षा केंद्र प्रयागराज में प्रस्तावित हैं जिनकी कुल क्षमता 2.25 लाख से अधिक है। इसी तरह कानपुर नगर में 271 (कुल क्षमता 1.05 लाख से अधिक), आगरा में 261 (कुल क्षमता 1.23 लाख से अधिक), वाराणसी में 237 (कुल क्षमता 1.29 लाख से अधिक), लखनऊ में 148 (कुल क्षमता 1.05 लाख से अधिक), गाजियाबाद में 127 (कुल क्षमता 58 हजार से अधिक) और गौतमबुद्धनगर में 108 (कुल क्षमता 53 हजार से अधिक) परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं।

### आधारभूत मानकों पर खरे उतरने वाले केंद्रों को ही मिलेगी मान्यता

सभी परीक्षा केंद्रों को आधारभूत मानकों पर खरा उतरने के बाद ही हरी झंडी दी जाएगी। इसमें परीक्षा केंद्र का प्रकार यानी केंद्र शासकीय है या शासकीय सहायता प्राप्त है या फिर निजी के आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा। वहीं केंद्र का पिछला प्रदर्शन भी देखा जाएगा, जिसमें पूर्व में आयोजित परीक्षाओं में यदि कोई प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में आया होगा या फिर विद्यालय संदेहास्पद होगा तो ऐसे संस्थानों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त इन केंद्रों में विगत 3 वर्षों में विभिन्न चयन आयोगों द्वारा आयोजित परीक्षाओं का विवरण भी देखा जाएगा। कोचिंग संस्थानों को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित नहीं किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों का वर्गीकरण भी किया गया है। इसमें श्रेणी ए में निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाले एवं शहर के अंदर, नजदीक स्थित सभी शासकीय विद्यालयों को रखा गया है।

### सीसीटीवी कैमरों से लैस होंगे परीक्षा हॉल

बोर्ड द्वारा परीक्षा भवन संबंधी मानक भी तय किए गए हैं। इनमें परीक्षार्थियों के बैठने की क्षमता एवं कक्षों की संख्या के साथ परीक्षा केंद्रों में बाउंड्रीवाल एवं गेट अनिवार्य है। परीक्षा हॉल, मेन गेट समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगा होना चाहिए। इसके अलावा परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे से युक्त एक अलग कक्ष अनिवार्य है। साथ ही परीक्षा केंद्र के करीब वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी होनी चाहिए। पीने के पानी की व्यवस्था एवं महिला व पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था होगी। अधिक क्षमता के परीक्षा केंद्रों को प्रशासनिक सुविधा के लिए खंडों में विभाजित किए जाने की व्यवस्था भी होगी। परीक्षा केंद्र की कोषागार, रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड से दूरी भी मानकों में शामिल है। परीक्षा केंद्र तक आवगमन के लिए भी मानक निर्धारित किए गए।

# एनकाउंटर राज जारी है : सीपीआई

**लखनऊ।** सीपीआई (एमएल) ने कहा है कि प्रदेश में एनकाउंटर राज बदस्तूर जारी है। कानून का शासन तब चरमरा गया जब पुलिस ने शुक्रवार तड़के सुल्तानपुर जिले में हुई एक मुठभेड़ में राज्य सरकार द्वारा सूचीबद्ध शीर्ष दस अपराधियों में से एक विनोद उपाध्याय को गोली मार कर ढेर कर दिया।

आज जारी एक बयान में पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने कहा कि इस मुठभेड़ के साथ, योगी सरकार ने अपनी उपलब्धियों में एक और तमगा जोड़ लिया है। सरकार द्वारा ठोक दो की नीति अपनाए जाने के कारण, राज्य मुठभेड़ हत्याओं में शीर्ष पर है और एनकाउंटर प्रदेश के रूप में कुख्यात हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार न्यायपालिका को कमजोर कर कानून अपने हाथ में ले रही है और मुठभेड़ में हत्या कर मौके पर ही फैसला दे रही है। न्याय के हित में, घटना की उचित जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी, जैसे कि मानवाधिकार आयोग द्वारा की जानी चाहिए।

# अयोध्या के 24 गांवों को मिला तोहफा

## 22 जनवरी से पहले शुरू होगा काम, राम मंदिर से है खास कनेक्शन

**अयोध्या।** अयोध्या में मंदिर बनने के अलावा अयोध्या के 24 गांवों को एक और सौगात मिली है। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के निर्णय के अनुसार, राम मंदिर की परिधि में बनने वाली रिंग रोड के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए अधिग्रहण की गई भूमि की 29 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर दी गई है।

गजट में आपत्ति करने वालों को 21 दिन का समय दिया गया है। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय की जारी अधिसूचना के अनुसार, एनएच-27 पर फोरलेन चौड़ीकरण बाईपास (रिंग रोड) निर्माण के लिए 29 दिसंबर 2023 सरकार ने निर्माण के लिए अंतिम मुहर लगा दी है।

22 जनवरी को भव्य दिव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री इस उत्सव में शामिल होंगे। तैयारी है कि उससे पहले रिंग रोड का निर्माण प्रारंभ करा दिया जाए। सोहावल तहसील के 11



और सदर तहसील के 14 राजस्व गांवों से गुजर रही इस रिंग रोड में 596 किसानों की 47.887 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है, जिनसे होकर रिंग रोड गुजरेगी। अभी भी आपत्तिकर्ता किसानों को प्रकाशन से 21 दिनों के भीतर आपत्ति करने का अंतिम अवसर दिया गया है, जो विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी अयोध्या को दे सकते है।

सोहावल तहसील के कटरौली, मगलसी उपरहार, जगनपुर, रसूलपुर, भिटौरा, चिर्रा, हंसेपुर, बिछिया, मऊ यदुवंशपुर, सोफियापारा, खानपुर गांव से होकर रिंग रोड गुजरेगी।

इसी तरह सदर तहसील के रामदत्तपुर, अतरावा, रामपुर हलवारा उपरहर, बिरौली, शिवदासपुर, भदोखर, उदरपुर, सुखापुर, इटौरा, ददेरा, वैसिंग, समहाखुर्द, पाराखान आदि गांव की भूमि रिंग रोड निर्माण में शामिल है।

# 15 को ही मनाई जाएगी मकर संक्रांति

**लखनऊ।** विगत वर्षों में तिथि व राशियों के गणित के हिसाब से अधिकतर तीज-त्योहारों का मान दो दिन होने से लोगों में काफी असमंजस रहने लगा है। 2024 की यह शुरुआत इस लिहाज से काफी बेहतर है, क्योंकि मकर संक्रांति को लेकर ज्योतिषाचार्यो में किसी तरह का कोई असमंजस नहीं है। तिथियों और राशि की स्थिति को देख सभी यह कह रहे हैं कि मकर संक्रांति 15 को ही मनाई जाएगी।

वैदिक ज्योतिष शोध परिषद के अध्यक्ष महामहोपाध्याय डॉ. आदित्य पांडेय व ज्योतिषाचार्य धीरेन्द्र पांडेय के मुताबिक, वैदिक ज्योतिष में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। मकर संक्रांति का पुण्य काल 15 जनवरी को 7 बजकर 15 मिनट से शाम 5:46 बजे तक है। इस दौरान पूजन-दान और सूर्योपासना विशेष फलदायी होगी। इस बार 14 को सूर्य धनु राशि में ही हैं। यह अगले दिन सुबह 8:30 बजे मकर राशि में प्रवेश करेंगे, इसी के बाद पुण्य काल शुरू होगा। साथ ही इसी दिन खरमास खत्म होगा और शुभ काम शुरू होंगे।


डॉ. आदित्य पांडेय कहते हैं कि वेंकटेश्वर व शताब्दी पंचांग के मुताबिक, 14 जनवरी को मकर संक्रांति पहली बार 1902 में मनाई गई थी। 18वीं शताब्दी में 12 और 13 जनवरी को मनाई जाती थी। 1664 में संक्रांति पहली बार 15 जनवरी को मनाई गई थी। इसके बाद हर तीसरे साल अधिकमास होने से दूसरे व तीसरे साल 14 को, चौथे साल 15 जनवरी को संक्रांति होने लगी। हालांकि तारीख तय होने के बावजूद दो दिन पर्व पड़ने से लोगों में काफी असमंजस रहा है बीते वर्षों में।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में ज्योतिष विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अश्विनी पांडेय के मुताबिक, इस दिन खिचड़ी खाने व खिलाने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन से देवताओं का दिन और राक्षसों की रात्रि प्रारंभ होती है।

# टूटा रिकॉर्ड : नौ महीने में पहुंचे 32 करोड़ से अधिक पर्यटक

**लखनऊ।** दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर उत्तर प्रदेश साल दर साल नये रिकॉर्ड के साथ अपनी मजबूत स्थिति दर्ज करा रहा है। यूपी हर गुजरते हुए साल के साथ अपने रिकॉर्ड को ही तोड़ रहा है। 2022 में यूपी आने वाले पर्यटकों की संख्या जहां 31.85 करोड़ थी तो वहीं 2023 के शुरुआती 9 महीने में ही 32 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यूपी को एक्सप्लोर किया है। इसमें बड़ी संख्या विदेशी पर्यटकों की भी है। वहीं प्रदेश में सर्वाधिक पर्यटकों ने काशी का रुख किया, जबकि प्रयागराज और अयोध्या आने वाले सैलानियों की संख्या भी करोड़ों में रही।

2023 कई मायने में यूपी के लिए नये कीर्तिमान स्थापित करने वाला साल रहा। जहां एक ओर केंद्र और प्रदेश की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं में यूपी प्रथम पायदान पर रहा तो वहीं पर्यटन का क्षेत्र भी इससे



■ सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन बना यूपी

अछूता नहीं है। साल 2023 में जनवरी से लेकर सितंबर तक उत्तर प्रदेश आने वाले देसी सैलानियों की संख्या 31,91,95,206 रही वहीं 9,54,866 विदेशी पर्यटक भी यूपी पहुंचे। इनमें भी सर्वाधिक संख्या वाराणसी पहुंचने वाले पर्यटकों की रही। जनवरी से सितंबर तक वाराणसी कुल 8,42,04,814 पर्यटक वाराणसी पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या 8,40,71,726 जबकि विदेश पर्यटकों की संख्या 1,33,088 रही।

काशी के बाद सैलानियों की दूसरी पसंद प्रयागराज रही। यहां कुल 4,49,95,996 पर्यटक साल 2023 में जनवरी से सितंबर तक पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या जहां 4,49,93,289 रही वहीं 2,707 विदेशी पर्यटक भी प्रयागराज पहुंचे। इसी प्रकार तीसरे नंबर पर अयोध्या आने वाले पर्यटकों की संख्या रही।

# कविता पाठ प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्र को

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-2 के प्रतिभाशाली छात्र नील बंसल ने कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता का संचार मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में डाक विभाग द्वारा किया गया।

यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने बड़े आत्मविश्वास से कविता पाठ करके अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया। नील को प्रथम पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र के



उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता छात्रों के हिन्दी ज्ञान को परखने एवं उनकी अभिव्यक्ति क्षमता व आत्मविश्वास के विकास हेतु आयाजित की गई। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के साथ ही जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है।

# टीएमयू में बॉलीवुड थीम पर खूब थिरके फिजियो स्टुडेंट्स

## कुल्हड़ ग्रेसपिंग में सौम्या ठकरान, फहाद अब्बासी और शाने आलम विजेता

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथैरेपी विभाग की ओर से आयोजित नववर्ष उत्सव में बीपीटी के सेकेंड, थर्ड और फोर्थ ईयर के स्टुडेंट्स ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा। बॉलीवुड की थीम पर आयोजित इस उत्सव में ग्रुप डांस, डुएट डांस, एक्टिंग, गेम्स, शायरी आदि मनमोहनी प्रस्तुतियों पर जूनियर साथियों समेत सभी अपनों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में फिजियोथैरेपी विभाग की प्रधानाचार्या डॉ. शिवानी एम कौल ने स्टुडेंट्स को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, नया साल आप सबके जीवन में बहुत-सी खुशियां और नए अवसर लेकर आए। उन्होंने विजेता स्टुडेंट्स को पुरस्कार वितरित किए। कुल्हड़ ग्रेसपिंग खेल प्रतियोगिता में बीपीटी सेकेंड ईयर की सौम्या





ठकरान, थर्ड ईयर के फहाद अब्बासी और फोर्थ ईयर के शाने आलम विजेता रहे। एक्टिंग में स्टुडेंट्स सिदरा, अंजली, जय प्रवेश और तनय ने बाजी मारी। संचालन फोर्थ ईयर की स्टुडेंट्स आंचल चौधरी और संस्कृति शर्मा ने किया।

सेकेंड ईयर की स्टुडेंट्स सृष्टि सिंह, सौम्या जैन, विकसित तोमर, नूर उल हुदा, अक्षत दुबे और निरझरा जैन ने कोई मिल गया... गाने पर नृत्य प्रस्तुत करके खूब तालियां बटोरीं। चतुर्थ वर्ष के शुएब और द्वितीय वर्ष के अनादिल ने अपनी शायरी से सभी का दिल जीत लिया। तृतीय वर्ष की प्रांजल जैन और ईशा ने कजरा रे.... गाने पर नृत्य करके सभी को झूमने पर मजबूर किया। स्टुडेंट्स जयप्रवेश और तनय जैन ने मुन्ना भाई एमबीबीएस फिल्म के पात्रों- मुन्ना भाई और सर्किट के संवाद सुनाएं और सभी को खूब हंसाया। फोर्थ ईयर की सिदरा ने कभी खुशी, कभी गम मूवी में करीना कपूर के किरदार पू की एक्टिंग की, जबकि थर्ड ईयर की अंजलि ने तनु वेड्स मनु में कंगना रनौत के किरदार की मिम्रिकी की और जो ना करना था करगी... गाने पर डांस भी किया। थर्ड ईयर की माही कश्यप ने जब वी मेट की अंजलि की एक्टिंग की और डायलॉग बोले। नववर्ष कार्यक्रम में संयोजिका डॉ. हिमानी, डॉ. नन्द किशोर शाह, डॉ. कोमल नागर, डॉ. प्रिया शर्मा, डॉ. कामिनी शर्मा, डॉ. रंजीत तिवारी, डॉ. नीलम चौहान आदि मौजूद रहे।

# 5000 महिलाएं एक साथ करेंगी सुंदरकांड का पाठ



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सत्य सनातन नारी शक्ति द्वारा सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल पूरे भारत में महिलाओं को सनातन धर्म के ज्ञान का पाठ सीखा रही हैएपूरे भारत में अब तक कई प्रदेश कई जिलों में महिलाओं का संगठन गठित कर जिलों के एक. एक मंदिर में सुंदरकांड का पाठ कराती है। इसी क्रम में आज सावित्री प्लाजा भूतनाथ मार्केट इंदिरा नगर लखनऊ में 51 शक्तिपीठ महिलाओं के साथ मिलकर आगामी 22 जनवरी राम लला के मंदिर में आगमन की खुशी में आज से ही सभी जिलों में गरीबों को कंबल वितरत किया जाने एवम् 10 मार्च को झूलेलाल वाटिका गोमती तट हसनगंज में एक साथ 5000 महिलाएं सुंदरकांड का पाठ करेंगी का संकल्प लिया। साथ ही जनता से यह अपील की वह ज्यादा से ज्यादा इस धर्म के कार्य में उपस्थित हो और प्रत्येक मंगलवार को अपने निकट मंदिर में पहुंचकर सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें एवं अपने आसपास के लोगों को भी जागृत करें जिससे हमारा सनातन धर्म आगे बढ़ सके।साथ ही सरकार से यह प्रार्थना की लखनऊ को अधिकारिक नाम लक्ष्मणपुरी का दर्जा दिया जाए।

# कविताओं और गीतों के माध्यम से इटावा को जगा गए डॉ. कुमार विश्वास

- मोहब्बत एक एहसासों की पावन सी कहानी है...
- हिन्दी काव्य मंचों के ब्रांड डॉ.कुमार विश्वास के नाम रही महोत्सव की एक शाम

वहाज अली निहाल

**इटावा।** हिंदी काव्य मंचों का बड़ा ब्रांड बन चुके डॉ.कुमार विश्वास ने 13 वर्षों बाद इटावा महोत्सव मंच पर अपनी काव्य और व्यंगात्मक प्रस्तुति के जरिए महोत्सव पंडाल में होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक नया इतिहास कायम किया। अभूतपूर्व उत्साह और श्रोताओं से भरे महोत्सव पंडाल में एक शाम डॉ. कुमार विश्वास के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ववलन के साथ किया। एक बेहतरीन संचालन के साथ डॉ.कुमार विश्वास ने मंच पर अपने चिर परिचित अंदाज में अपनी कविताओं व गीतों के जरिए हिंदी काव्य गंगा का सैलाब ला दिया देर रात तक श्रोता उसी में डूबे रहे मौसम मंच पर उन्होंने कोई दीवाना कहता है कोई पागल समझता है मगर धरती की बेचैनी तो बस बादल समझता है अपनी कविता को लोगों के साथ मिलकर गुनगुनाया इसके अलावा उन्होंने कब तक गीत सुनाऊं राधा, कब तक गीत सुनाऊं मथुरा छूटी, द्वारिका छूटी, इंद्रप्रस्थ ठुकराऊ, अपने कवि बनने की प्रारंभिक अवस्थाओं के बारे में बताते हुए उन्होंने तुम्हारे बिन गीत भी प्रस्तुत किया। इसमें भी उन्होंने श्रोताओं की वाह वाही और तालियों की ताल के साथ सुर में सुर मिलाया। उन्होंने बीच-बीच में अपने चुटकुले अंदाज में लोगों को खूब गुदगुदाया। राजनीतिक विमर्श के साथ राजनीतिक दलों को भी उन्होंने अपने अंदाज से आईना दिखाया। महोत्सव मंच से उन्होंने 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के सामने घटित हुयीं अखिल भारती कवि सम्मेलन की घटना को भी दोहरा और बाद में घर पहुंचने से लेकर अन्य कार्यक्रमों में मिलने तक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की सहृदयता की भी जमकर सराहना की। स्वर्गीय नेताजी समेत इटावा के साहित्य रतन गोपाल दास नीरज, महाकवि देव, गंग, बाबू गुलाब राय आदि का स्मरण कर उन्हें कविताओं और संस्मरण के जरिए संजोया। उनके अंतिम गीत पर लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाई जिससे अभिभूत होकर डॉ.कुमार विश्वास ने इटावा की जनता को धन्यबाद दिया प्रदर्शनी समिति की ओर से सांसद डॉ राम शंकर कठेरिया, सदर विधायक सरिता भदौरिया, पीएम अवनीश राय एसपी संजय कुमार वर्मा समेत अन्य अधिकारियों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह शॉल आदि भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का संचालन डॉ.कुश चतुर्वेदी ने किया। जिन्होंने इटावा की साहित्यिक चेतना और इतिहास की चर्चाओं के जरिए डॉ.कुमार विश्वास के हृदय में भी जगह बनाई।



### हास्य और व्यंग्य के साथ प्रेम रस का लिया श्रोताओं ने स्वाद

**इटावा।** डॉ कुमार विश्वास के साथ महोत्सव मंच पर कवि गजेंद्र प्रियांशु ने भी काव्य पाठ किया उन्होंने अपनी प्रसिद्ध रचनाओं से नारी सौंदर्य और एंटी रोमियो समेत उत्तर प्रदेश पुलिस पर व्यंग्यात्मक कविताएं प्रस्तुत की। कवि रमेश मुस्कान ने भी अपने अनोखे व चुटकुले अंदाज से लोगों को खूब गुदगुदाया उन्होंने सभी कुमार विश्वास की मशहूर रचना पर आधारित अपनी हास्य रचना मोहब्बत एक खर्चो की कहानी है कभी साड़ी दिलानी है, कभी पिक्चर दिखानी है। यह बीवी तो मुसीबत की लेकर आएगी आंधी, गुलामी की जंजीरों में पड़कर याद आएंगे गांधी जैसी जैसी हाथ शिवांगी की रचनाएं प्रस्तुत की इसके अलावा शायरी का बड़ा नाम मुमताज नसीम ने प्रेम के गीतों के जरिए युवाओं को दीवाना बनाया। प्यार की खुशबुओं का समंदर हूँ मैं, मुस्कुराता हुआ शोक मंजर हूँ मैं, बनकर बादल जो मुझपर बरस जाओगे, क्या खबर थी कि नस नस में बस जाओगे, आज मौका है जी भर के तुम देख लों, फिर देखने को जीवन भर तरस जाओगे। एडिशनल पुलिस कमिश्नर के साथ काव्य सेवा कर रहे मदन मोहन समर ने भी अपने देशभक्ति गीतों और कविताओं के जरिए लोगों में उत्साह जगाया इसके अलावा उन्होंने पुलिस व शहीद जवानों पर भी कविता पाठ किया।

### प्रशासनिक हलचल और माइक की व्यवस्था ने कवियों को किया परेशान

**इटावा।** इटावा महोत्सव में आयोजित हुए एक शाम डॉ.कुमार विश्वास के नाम कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों की सख्ती और पुलिस की अत्यधिक मौजूदगी के चलते मंच से बार-बार निवेदन के बावजूद बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मंच के सामने गैलरी में ही खड़े रहे। इससे कवि परेशान नजर आए। एकाग्रता भंग होने के साथ ही बार-बार आने व जाने वाले अतिथियों आगंतुकों के चलते भी डॉ कुमार विश्वास ने इसको लेकर नाराजगी जताई। वही दूसरी ओर माइक और साउंड सिस्टम सही न होने से भी कार्यक्रम में कवि असहज हुए जिसको लेकर डॉ.कुमार विश्वास ने मंच से भी कई बार शिकायत की। उन्होंने पब्लिक द्वारा अत्यधिक बातचीत और मंच के पीछे भी हलचल होने से एकाग्रता खत्म होने के साथ ही पिछले 35 वर्ष के करियर में पहली बार इतने व्यवधान आने की बात को माइक से भी कह दिया। दरअसल खराब साउंड की वजह से पीछे बैठे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, जिसके चलते लोग हुटिंग करने को मजबूर हुए। हालांकि अत्यधिक पुलिस होने व सख्ती के चलते लोग कुछ भी कर नहीं सके।

### देर से पहुंचने वालों को खड़े होकर सुनना पड़ा कार्यक्रम

**इटावा।** यूं तो इटावा महोत्सव समिति व कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री बीजेपी प्रशांत राव चौबे की ओर से बड़ी संख्या में वीआईपी व सामान्य पास बांटे गए थे। ऐसे में ए ब्लॉक, बी ब्लॉक के साथ ही लोगों के लिए अलग-अलग गैलरी बनाकर उन्हें बैठने की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में अत्यधिक भीड़ हो जाने के कारण जो लोग देरी से पहुंचे उनके पास वीआईपी पास होने के बावजूद भी अपनी गैलरी तक नहीं पहुंच सके और उन्हें पीछे खड़े होकर कार्यक्रम सुनना पड़ा। इनमें प्रदर्शनी समिति के कार्यकारिणी सदस्यों के परिवार के लोग भी शामिल थे। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। वहीं दूसरी ओर कई अन्य अधिकारियों और उनके परिवरीजनों सहित शहर के गणमान्य लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### उदयभान के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुँचे प्रो.रामगोपाल यादव



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ सपा नेता उदयभान सिंह के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव। बीते सोमवार को उदयभान सिंह के पिता का हो गया था निधन। उदयभान सिंह के पिता स्व.विजय पाल सिंह बीएसएनल से सेवानिवृत्त थे और वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को प्रो. रामगोपाल यादव के साथ अजंट सिंह यादव, पूर्व मंत्री के पी सिंह इत्यादि भी शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे।

### सैफ बने इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन इटावा के नए जिलाध्यक्ष बने सैफ तैमूरी जिलाध्यक्ष घोषित होते ही संगठन के पदाधिकारियों ने सैफ तैमूरी को फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत शास्त्री चौराहे स्थिति बाबा दी मॉल में किया और सभी नए व पुराने पदाधिकारियो को कार्ड वितरण भी किए गए। उक्त जानकारी मोहम्मद आमीन ने दी। जिलाध्यक्ष सैफ तैमूरी ने कहा कि जो मुझें जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी ईमानदारी से निभाने का कार्य करूंगा और किसी भी सदस्य को अगर कोई दिक्कत या परेशानी होती है उसकी हर संभव मदद करूंगा। उत्तर प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मोहम्मद आमीन भाई ने सभी पदाधिकारियों को नववर्ष की बधाई दी। एवं जिलाध्यक्ष सैफ तैमूरी को बुका भेंट कर बधाई दी मसूद तैमूरी प्रवीन गौतम, इमरान खान पंकज राठौर, मेघ सिंह वर्मा, आशीष कुमार, मनोज कुमार सर्वेद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### बोधगया मैराथन 2024: वैश्विक शांति और बुद्ध की शिक्षाओं का प्रचार

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के महानिदेशक अभिजीत हलधर महत्वपूर्ण पहल बोधगया मैराथन 2024 का अनावरण किया। बोधगया मैराथन समिति और आईबीसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह ऐतिहासिक मैराथन, रविवार, 14 जनवरी को बोधगया में होने वाली है। इस मैराथन की थीम है वैश्विक शांति और बुद्ध की शिक्षाओं का प्रचार करना। इस आयोजन में चार श्रेणियों में हजारों राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें 42.195 किलोमीटर, 21.097 किलोमीटर, 10 किलोमीटर ( समयबद्ध ) और 5 किलोमीटर धम्मा दौड़ श्रेणीयां शामिल है। इस मैराथन प्रतियोगिता को एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया और बिहार एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त, बोधगया मैराथन को एआईएमएस, एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस द्वारा भी प्रमाणित किया गया है। 42.195 किलोमीटर मैराथन के पुरुष और महिला विजेताओं को कोरिया में गिजांग बाडा मैराथन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पूरी तरह से भुगतान वाली राउंड ट्रिप मिलेगी, साथ ही प्रत्येक को 100,000 रुपये का नकद पुरस्कार भी मिलेगा।

### निर्माणाधीन महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का स्थलीय किया निरीक्षण



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अपने साप्ताहिक भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में निर्माणाधीन महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने एकेडमिक ब्लॉक एवं मुख्य प्रवेश द्वार का निरीक्षण किया। उन्होने संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि एकेडमिक ब्लॉक एवं मुख्य प्रवेश द्वार के अवशेष कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित करें।उन्होंने विश्वविद्यालय के नए भवनों में विद्युत कनेक्शन करने हेतु संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। विश्वविद्यालय में सड़क का चौड़ीकरण करने हेतु भी संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने विश्वविद्यालय में अवशेष कार्यो को निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विद्युत वितरण खंड प्रथम श्री अरविंद सिंह एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बड़ा कसौड़ा को हरा हैदरिया ने जीती ट्राफी

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के बड़ा कसौड़ा में चल रहे रात्रि टूर्नामेंट का गुरुवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें हैदरगंज ने बड़ा कसौड़ा को हराकर फाइनल जीत लिया। टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष जावेद मेज़र ने विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों के कप्तानों सहित खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। कमेटी सरपरस्त इस्लाम मेम्बर, नूर उद्दीन मसूदी आदि ने विजेता, उपविजेता और मुख अतिथि का जोरदार स्वागत किया। वहीं हैदरगंज की ओर से ओपनर बल्लेबाज सनी चौधरी व जेहाद मुईन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 107 रनों के लक्ष्य को मात्र पांच ओवरों में हासिल कर मुकाबला 9 विकेट से अपने नाम दर्ज कर लिया।

## ‘संस्कृति उत्सव-2023‘ कार्यक्रम का सफल आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में ‘संस्कृति उत्सव-2023‘ कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के इच्छुक सभी ग्रामीण/शहरी कलाकारों द्वारा गायन, वादन, नृत्य जैसी विभिन्न विधाओं में प्रतिभाग करने हेतु तहसील लम्भुआ व जयसिंहपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा सभी कलाकारों की प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमें सभी कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां मानको का अनुपालन करते हुए प्रस्तुत की गयी। तहसील लम्भुआ में कुल 07 दल नायक व उनकी टीम जैसे- धीरज उपाध्याय, मुकेश कुमार, मो0 राईस, प्रदीप कुमार, विनय कुमार पाण्डेय सहित आदि द्वारा गायन, वादन, नृत्य जैसी विभिन्न विधाओं में प्रस्तुतियां की गयी। सभी दलों द्वारा ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से किया गया। इसी प्रकार तहसील जयसिंहपुर में कुल-05 दल नायक व उनकी टीम जैसे- बृजेश कुमार पाण्डेय उर्फ आशू पाण्डेय, हरिओम मिश्र, बृजेन्द्र प्रताप यादव, राम विशाल, शास्त्री यादव द्वारा गायन, वादन, नृत्य जैसी विभिन्न विधाओं में प्रतिभाग कर प्रस्तुतियॉ की गयी। इन सभी कलाकारों को निर्णायक दल द्वारा ग्रेड प्रदान की जायेगी। ज्ञात हो कि तहसील बल्दीराय व कादीपुर में कल दिनांक 05.01.2024 को इच्छुक कलाकारों द्वारा तहसील परिसर में प्रस्तुतियां की जायेंगी।

### सांसद से मिले प्रधानाचार्य

**सुल्तानपुर।** स्वशासी मेडिकल कॉलेज में शिक्षण कार्य शुरू करने में आ रही बाधाओं को लेकर आज मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य सलिल श्रीवास्तव ने सांसद मेनका गांधी से उनके आवास पर मुलाकात की। मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने सांसद को अवगत कराया कि निर्माण एजेंसी द्वारा पूर्ण हो चुकी बिल्डिंग को हस्तांतरित नहीं किया जा रहा है।जिस कारण इस वर्ष भी सत्र शुरू नहीं हो पाएगा।सांसद श्रीमती गांधी ने तत्काल कार्यदायी संस्था के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मैगल जाला से फोन पर वार्ता की और उनसे जो भी बिल्डिंग तैयार हो गई है उसे आज ही प्राचार्य को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। जिससे इस वर्ष मेडिकल की पढ़ाई शुरू की जा सके। वही सांसद ने जिला अस्पताल के अन्य कार्यो की जानकारी भी प्रधानाचार्य से ली।

## फ़ातिमा ज़ेहरा की मोहब्बत आखरत में काम आएगी: मौलाना ज़ैदी

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** रसूल अल्लाह की बेटी और इमाम हसन व हुसैन की मां शहजादी फ़ातिमा जहरा की पैदाइश की पूर्व संध्या पर सिटी पोस्ट आफिस के पीछे सैदबाड़ा स्थित मस्जिद में महफ़िल और दस्तरखान का आयोजन किया गया। महफ़िल में सलीम रज़ा ने कलाम पेश करते हुए कहा उरूज आज ये किसकी सना से निसबत है, ये शब वो शब है जिसे फ़ातिमा से निसबत है, हमारे सामने अर्शे बरी की कीमत क्या, हमें हुसैन के फरशे अज़ा से निसबत है। तनवीर हसन ने कलाम पेश करते हुए कहा कुछ इसलिये भी मुझको तिलावत का शौक है, कुरान है लफ्ज सनाफ़ा है फ़ातिमा। अख्तर अब्बास ने कलाम पेश करते हुए कहा उतरीं है आज फ़ातिमा जहरा जमीन पर, कैसे रहे दिमाग जमीन का जमीन पर। मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा मेराज के राज को फ़ातिमा कहते हैं। मोमनीन की मेराज नमाज है। जब भी फ़ातिमा आतीं थी तो रसूल उनके सम्मान में खड़े हो जाते थे। रसूल को अल्लाह ने मेराज पर बुलाकर फ़ातिमा जहरा की शक्ल में तोहफा दिया। फ़ातिमा जहरा अपने चाहने वालों को बख्शवाएंगी। शहजादी की मोहब्बत आखरत में काम आएगी और चाहने वालों को जन्नत में ले जाएगी। सफीर हैदर, सलमान रिज़्वी, आसिफ रिज़्वी अश्शू ने भी कलाम पेश किए। इसके उपरांत जहूर नक़वी की ओर से मौला इमाम हसन के दस्तरखान का आयोजन किया गया।

## मण्डलायुक्त ने की तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

अवधनामा संवाददाता



- दो बच्चों का कराया अन्न प्राशन
- आंगनबाड़ी केन्द्रों के कन्वर्जेन्स विभागों से सम्बंधित एक दिवसीय मण्डलीय गोष्ठी का शुभारम्भ

**प्रयागराज।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के संबंध में कन्वर्जेन्स विभागों के साथ मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में एक दिवसीय मण्डलीय गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को संगम सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मण्डलायुक्त के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर गोष्ठी में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र (ए0एन0एम0) की व्यवस्था मजबूत करने से समाज का संपूर्ण विकास हो सकता है तथा इससे राष्ट्र सुदृढ़ एवं विकास की ओर अग्रसर हो जायेगा। आंगनबाड़ी केन्द्रों के कायाकल्प किये जाने में सभी कन्वर्जेन्स विभागों की महती भूमिका है विशेषकर पंचायती राज, बेसिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग। अतः पंचायती राज के वित्त का उपयोग कर बेहतर ढांचा विकसित किया जा सकता है। गोष्ठी में 3 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 2 बच्चों का अन्नप्राशन मण्डलायुक्त द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा, आवश्यकता एवं चुनौतियों पर विस्तार से शासन द्वारा नामित उपनिदेशक जफर खान द्वारा प्रकाश डाला गया। कायाकल्प के लिए निर्गत शासनादेशों एवं विद्युत संयोजन व पेयजल के मद में बजटीय प्रावधानों का निर्धारित अंश का उल्लेख करते हुए इनके उपयोग करने हेतु पंचायती राज एवं बाल विकास विभाग के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया गया। गोष्ठी में यूनीसेफ के स्टेट कन्सलटेंट शशि मोहन उप्रेती द्वारा कायाकल्प, लर्निंग लैब आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। गोष्ठी कार्यक्रम का 'एक परिचय एवं औचित्य' जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रयागराज द्वारा प्रकाश डाला गया एवं मंच का संचालन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी फतेहपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आशु पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी फतेहपुर के साथ है आंगनवाड़ी कार्यक्रम क्रियान्वयन से संबंधित अधिकारी एवं प्रभारी उपस्थित रहे। अन्त में दिनेश सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रयागराज के द्वारा गोष्ठी में प्रतिभाग करने वाले समस्त अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए गोष्ठी का समापन किया गया।

### दबंगों ने वृद्धा व उसकी बहू को लाठी से पीट किया मरणासन्न

**राठ हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बिलरख गांव में सरकारी हैंडपंप पर गंदगी फैलाने का विरोध करने की खुन्नस से आक्रोशित दबंगों ने वृद्धा व उसकी बहु के साथ मारपीट कर उन्हें मरणासन्न कर दिया। पीड़िता ने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। राठ कोतवाली क्षेत्र के बिलरख गांव निवासी लांडकुँअर (70) पत्नी भवानीदीन ने बताया कि बीते दिन उसकी बहू नीलम (35) पुत्र पूरनलाल घर के दरवाजे पर लगे सरकारी हैंडपंप में नहा रही थी। तभी उसी दौरान उसके गांव का ही मनोज पासवान पुत्र विश्वनाथ जंगली सूअर लेकर हैंडपंप पर आया और उसे वहीं पर काटकर गंदगी फैलाने लगा। जब उसकी बहू नीलम ने उक्त मनोज को वहां पर गंदगी फैलाने से मना किया तो मनोज उसके साथ गाली गलौज कर भाग गया।

## इप्टाके संयोजन में ढाई आखर प्रेम उप प्रादेशिक पदयात्रा उपाध्याय हरिऔध प्रतिमा पर पहुंची

अवधनामा संवाददाता

**निज़ामाबाद,आजमगढ़।** बृहस्पतिवार को इप्टाके संयोजन में ढाई आखर प्रेम उप प्रादेशिक पदयात्रा सायंकाल तिग्गीपुर भगत सिंह खेल एकेडमी के पास अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध प्रतिमा पर पहुंची। जहां इप्टा के प्रादेशिक महामंत्री शहजाद रिजवी, जितेंद्र हरि पांडेय,बैजनाथ यादव,सूचि बाला, नेहा मौर्या आदि ने माल्यार्पण और पुष्पांजलि किया। इप्टा आज़मगढ़ ने जांघिया लोकनृत्य और गीत प्रस्तुत किया। हरिऔध प्रतिमा से ढाई आखर प्रेम पदयात्रा स्टेट बैंक के रास्ते निज़ामाबाद पुराने चौक होकर नगर के बीचोबीच भ्रमण करते हुये देर शाम ऐतिहासिक गुरुद्वारा पहुंची। जहां गुरुद्वारा के ग्रंथी बाबा सतनाम सिंह,जगदीश सिंह सलूजा और गुरुद्वारा से जुड़े सभी कर्मियों ने ढाई आखर प्रेम यात्रा की अगवानी की।

पंवरिया,धोबिया नृत्य,गीत के प्रदर्शन के साथ ही संविधान से जुड़े नाटक की प्रस्तुति ने सबका मन जीत लिया। इस यात्रा की चर्चा पूरे नगर पंचायत क्षेत्र निज़ामाबाद में लोग कर रहे थे। कस्बा वासियों के लिए लोकविधा के कई तरह की प्रस्तुतियां सड़कों पर गीत नृत्य के साथ प्रेम और भाई चारे के संदेश देती उनके लिए नगर में इस तरह का पहला कार्यक्रम दिखा। इप्टा संरक्षक, पूर्व रेल अधीक्षक आज़मगढ़ पी आर गौतम की अध्यक्षता में ढाई आखर प्रेम यात्रा के निमित्त गोष्ठी हुई जिसका संचालन इप्टा आज़मगढ़ जिला सचिव बैजनाथ यादव ने किया। गोष्ठी में यात्रा का स्वागत बाबा सतनाम सिंह ने किया। बाबा सतनाम सिंह ने सिख धर्म का पवित्र सरोपा भेंट किया।

वक्ताओं में प्रलेस से प्रोफेसर हसीन खान,जलेस से अजय गौतम,जसम से बृजेश यादव,इप्टा उप्र महासचिव शहजाद रिजवी,राजनाथ राज,इप्टा जोकहरा से सुशील कुमार राय,मटरू पहलवान रहे। सभी वक्ताओं ने अपने अपने संबोधन में कहा कि सभ्य समाज में प्रेम,स्नेह,सद्भाव ही सुख शांति का मार्ग है। जाति, धर्म,सम्प्रदाय आदि से किसी भी तरह की नफ़रत का स्थान न संविधान है और न ही समाज में। राष्ट्रीय स्तर पर 28 सितंबर भगत सिंह के गांव से चली यात्रा जो 30 जनवरी को दिल्ली राजघाट पर पहुंचकर स्थगित होगी के उद्देश्यों की सराहना की।

## समाज निर्माण में नारी शिक्षा की अहम भूमिका: प्रो. शाहिद

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** किदवई मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज में टूर प्रोग्राम के अंतर्गत प्रोफेसर शाहिद अख्तर, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार का आज आगमन हुआ एवं उनके साथ विद्यालय की तमाम समस्याओं को साझा किया गया। प्रोफेसर शाहिद अख्तर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया एवं विद्यालय से जुड़ी समस्याओं को प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य द्वारा साझा किया गया। अपने उद्बोधन में कॉलेज की साफ सफाई एवं हरियाली और प्रदूषण मुक्त वातावरण को देखकर प्रोफेसर अख्तर ने कहा कि मुझे खुशी है कि ऐसे प्राकृतिक वातावरण मैं शिक्षण कार्य संपादित करने वाले बहुत कम ही विद्यालय हैं जो की पुरस्कृत करने योग्य है।उन्होंने लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद करने का वादा भी किया। अंत में कॉलेज प्रबंधक प्रो. बारां फारुकी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि आपके विद्यालय भ्रमण से भविष्य में लड़कियों की तालीम के लिए एक नई रोशनी दिखाई पड़ रही है। कार्यक्रम में प्रोफेसर शाहिद अख्तर के अलावा जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, डिप्टी डायरेक्टर प्रयागराज, नगर पंचायत अध्यक्ष आमिर शकील और अल्पसंख्यक आयोग के कई सदस्य शामिल थे।

## हज यात्रा हेतु ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 15 जनवरी तक बढ़ी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार बघेल ने अवगत कराया है कि अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय लखनऊ द्वारा बताया गया कि हज यात्रा 2024 के लिये ऑनलाइन हज आवेदन पत्र की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है। हज यात्रा हेतु ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 15 जनवरी 2024 तक बढ़ा दी गयी है। जिले से आवेदन करने वाले यात्रियों को ऑनलाइन आवेदन करने एवं प्रपन्नों को अपलोड कराये जाने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये हज फैसिलीटेशन सेन्टर खोले गये है, जनपद ललितपुर में हज फैसिलीटेशन सेन्टर की सुविधा मस्जिद कदीम, जिला अस्पताल के पास, ललितपुर के परिसर में स्थापित किया गया है। हाजी मौलाना इब्राहीम इसके देख-रेख करेंगे और हज यात्रा के लिये आवेदन करने वाले लोगो को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायेंगे। हज आवेदन भरने के पूर्व प्रत्येक आवेदन को हज यात्रा के दिशा-निर्देशों को भली-भाती पढ़ लेना चाहिए तथा यात्रा के लिये अन्तर्राष्ट्रीय पास्पोर्ट भी जारी करा लेनी चाहिए, जिसकी वैद्यता 31 जनवरी 2025 होनी चाहिए। हज सत्र 2024 के ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी ऑफ इण्डिया की बेवसाइड व हज सुविधा मोबाइल एप पर भी भरे जा सकते है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि हज यात्रा 2024 में एक परिवार से अधिकतम पांच व न्यूनतम एक व्यस्क तथा दो बच्चे आवेदन कर सकते है। 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले समूह में केवल चार व्यस्क आवेदन कर सकते है। बिना महरम श्रेणी की महिलाएं जिनकी आयु आवेदन के समय 45 वर्ष से कम ना हो वह महिलाएं अकेले अथवा अधिकतम पांच के ग्रुप में आवेदन कर सकती है। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट डाउनलोड करना होगा, जिस पर आवेदक, नोमिनी व महरम के हस्ताक्षर होंगे आवेदकों के न्यूनतम एवं अधिकतम आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। ऑनलाइन आवेदन करने में यदि किसी आवेदक को कोई समस्या आ रही है तो वह फैसिलीटेशन सेन्टर पर जाकर सहायता प्राप्त कर सकते है।

# फेस्टिव सीजन में इन टिप्स को फॉलो कर करें मेकअप, चांद सा चमक उठेगा चेहरा



आपको बता दें कि अलग-अलग तरह की स्किन और कॉम्प्लेक्शन के लिए अलग-अलग मेकअप किया जाता है। ऐसे में अगर आपको भी सजना-संवरना काफी ज्यादा पसंद है। तो आप इन टिप्स को फॉलो कर अपने लुक को निखार सकती हैं। आमतौर पर लड़कियों व महिलाओं को मेकअप करना काफी ज्यादा पसंद होता है। त्योहारों या फिर किसी फंक्शन-पार्टी के लिए महिलाएं सजना-संवरना पसंद करती हैं। मेकअप के लिए वैसे तो महिलाएं कई प्रोडक्ट इस्तेमाल करती हैं और ड्रेस के हिसाब से मेकअप करती हैं। लेकिन कई बार तमाम सावधानियां बरतने के बाद भी कुछ ऐसी गलतियां हो जाती है। जिसकी वजह से फेस पर मेकअप सही नहीं लगता है। ऐसे में मेकअप का चुनाव करते समय अपनी ड्रेस और स्किन का भी खास ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि आपको बता दें कि अलग-अलग तरह की स्किन और कॉम्प्लेक्शन के लिए अलग-अलग मेकअप किया जाता है। ऐसे में अगर आपको भी सजना-संवरना काफी ज्यादा पसंद है। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मेकअप करने के दौरान ध्यान रखने वाले कुछ टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप इन टिप्स को फॉलो कर अपने लुक को निखार सकती हैं।

### *फेयर स्किन*

जिन लड़कियों व महिलाओं की स्किन फेयर होती है। उनको वेज पिंक टिंट वाला फाउंडेशन लेना चाहिए। वहीं अगर कॉम्प्लेक्शन यलोइश है, तो आपके लिए वेज और ओरेंज अंडरटोन फाउंडेशन बेस्ट होगा। वहीं फेयर स्किन के लिए ब्लैक आइब्रो पेंसिल की जगह ब्राउन रंग की आइब्रो पेंसिल का इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं अगर आपको ब्लैक आईलाइनर लगाना पसंद है, तो आपको ब्लैक आईलाइनर के साथ लाइट ब्राउन रंग का आईशैडो यूज करना चाहिए। वहीं फेयर स्किन वाली लड़कियों को अपने गालों पर रेज या पिंक ब्लश लगाना चाहिए। वहीं लाइट मेकअप करने के साथ न्यूड या पिंक लिप्सटिक आप पर ज्यादा जचेगी।

### *डस्की स्किन*

वहीं डस्की स्किन वाली लड़कियों को अपने लिए वॉर्म टोन का फाउंडेशन चुनना चाहिए। साथ ही आप केरेमल शेड का कंसीलर इस्तेमाल कर सकती है। अगर डार्क सर्कल हैं, तो इसके लिए कंसीलर का अच्छे से इस्तेमाल करें। वहीं फाउंडेशन को ब्लेंड करने के लिए ब्यूटी ब्लेंडर का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे आपकी स्किन में फाउंडेशन अच्छे से ब्लेंड हो जाएगा। इसके साथ आई मेकअप के लिए ब्राइट कलर का आईशैडो लें। इससे आपकी आंखें अच्छे से हाइलाइट होंगी। इस स्किन कलर वाली लड़कियों पर कॉफी ब्राउन, मॉव कलर और डार्क रेड लिपस्टिक काफी ज्यादा अच्छी लगती है।

### *सांवली स्किन*

इस स्किन टोन वाली लड़कियों व महिलाओं को ब्राउनिश शेड वाले फाउंडेशन को चुनना चाहिए। हांलाकि फाउंडेशन लेने के दौरान इसको अपनी कलाई पर लगाकर चेक करना चाहिए। इससे आपको आसानी से पता चल जाएगा कि यह आपकी स्किन पर मैच हो रहा है या नहीं। सांवली स्किन पर ब्राउन रंग का ब्लश ज्यादा अच्छा लगता है। इसके साथ ही आप हाइलाइटर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। आई मेकअप के लिए हल्के रंग चुनें। आप आई मेकअप के लिए सिल्वर या कॉपर रंग का आईशैडो ले सकती है। स्मोकी आई लुक पाने के लिए ब्लैक आइलाइनर को स्मज करके लगाना चाहिए। फिर हल्के ब्राउन कलर के आईशैडो लगाएं। इस स्किन टोन पर न्यूड शेड्स काफी जचते हैं।

# इस तरह रिपेयर कर दोबारा पहन सकेंगे पुरानी जींस, सालों-साल कर पाएंगे इस्तेमाल



कुछ जींसे ऐसी भी होती हैं जो पुरानी होने के साथ आपकी फेवरेट होती है। लेकिन समय के साथ यह टाइट, लूज या फिर उनका कलर फेड होने लगता है। ऐसे में हम आपको पुरानी जींस को वापस कैरी करने के लिए कुछ खास टिप्स और ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

आज के समय में ज्यादातर हर लड़कियों के वार्डरोब में जींस जरूर शामिल होती है। वहीं जींस में लड़कियों का लुक भी काफी अच्छा होता है। ऐसे में लड़कियां शर्ट, टॉप और कुर्ते आदि के साथ जींस पहन सकती हैं। लेकिन कुछ जींसे ऐसी भी होती हैं जो पुरानी होने के साथ आपकी फेवरेट होती है। फेवरेट होने की वजह से आप उन्हें अपने वार्डरोब का हिस्सा बनाकर रखती हैं। इसके साथ ही आपकी फेवरेट पुरानी जींस समय के साथ यह टाइट, लूज या फिर उनका कलर फेड होने लगता है। इन तमाम कारणों से आप अपनी फेवरेट जींस को पहन नहीं पाती हैं। क्योंकि अब आपकी वही फेवरेट जींस आपका लुक बिगाड़ सकती है। ऐसे में अगर आपकी भी वार्डरोब में ऐसी जींस है, जिनको आप दोबारा पहनना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पुरानी जींस को वापस कैरी करने के लिए कुछ खास टिप्स और ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

### *ऐसे पहनें टाइट जींस*

ऐसे में अगर आपके वार्डरोब में शामिल जींस थोड़ा टाइट है, तो उसको स्ट्रेच पहनने योग्य बनाया जा सकता है। टाइट जींस को स्ट्रेचबल या सही करने के लिए गर्म पानी को स्प्रे बोतल में भर लीजिए। इसके बाद अपनी जींस को हैंगर पर टांगकर उसकी थाई व कमर के पास गर्म पानी से स्प्रे करें। फिर जींस को हल्का-हल्का सा स्ट्रेच करें। आपने जींस के जिस हिस्से को स्ट्रेच किया है, उसको एक पूरा दिन वैसे ही हैंगर में टंगा रहने दें। अगले दिन जब आप उस जींस को पहनेंगी तो वही पुरानी टाइट जींस आपको ढीली होगी।

### *ढीली जींस को ऐसे करें टाइट*

कई बार जो जींस आपको फिट हुआ करती थीं, वही अगर अब आपको लूज हो रही है। तो आपको बता दें कि आप इस तरह से उसको दोबारा कैरी कर सकती हैं। क्योंकि इन दिनों लूज जींस का फैशन है। इसलिए अगर आपकी जींस थोड़ा ढीली है, तो आप उसको वैसे ही पहन सकती हैं। ढीली शर्ट व टॉप के साथ आपका इसमें काफी अच्छा लुक आएगा। लेकिन अगर आपकी फिट जींस आपको काफी लूज होने लगी है, तो आप उसे कमर की एक साइड से सिल सकती हैं। या फिर खुद न सिल पाने पर आप उसे दर्जी से सिलवा सकती हैं।

### *उतर गया है जींस का रंग*

जब जींस ज्यादा पुरानी हो जाती हैं, तो उसका रंग भी हल्का होने लगता है। ऐसे में अगर आप उस जींस को दोबारा पहनना चाहती हैं, तो आप उसे दोबारा कलर करवा सकती हैं। वहीं आप जींस को घर पर भी आसानी से कलर कर सकती हैं। इसके लिए आपको मार्केट से कपड़े वाला रंग लाना होगा। फिर इस रंग को गर्म पानी में मिलाकर अपनी जींस को उसमें भिगो दें। जब जींस अच्छे से कलर ले ले तो उसको साफ कर लें। इसके अलावा आप अपनी जींस का कैपरी या शॉर्टस बनवाकर उसे रियूज में ला सकती हैं। आपको बता दें कि डेनिम को कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है। आप अपनी फेवरेट पुरानी जींस को नए ड्रेस में चेंजकर रियूज कर सकती हैं। इसके अलावा आप उस जींस से बेल्ट, वेस्ट कोट, स्कर्ट या फिर अन्य चीजें जैसे हैंडबैग आदि भी बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं।

# सर्दियों के दौरान इन 5 तरह की जैकेटों को दें अपने वार्डरोब में जगह, मिलेगा स्टाइलिश लुक

आज हम आपको कुछ जैकेटों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पहनकर आप भी सर्दियों के मौसम में स्टाइलिश दिख सकते हैं। साथ ही यह जैकेट न सिर्फ लड़कों बल्कि लड़कियों के लिए भी परफेक्ट होती हैं।

साल का आखिरी महीना दिसंबर खत्म होने के साथ ही सर्दी भी बढ़ने लगी है। ऐसे में बढ़ती ठंड से सभी लोग परेशान हैं। सर्दी से बचने के लिए लोग तमाम तरह के ऊनी और हैवी कपड़े पहनते हैं। जिससे कि उनको ठंडक कम लगे। हांलाकि जिस तरह से लोग गर्मियों में तरह-तरह के कपड़े पहनकर लोग स्टाइलिश दिखते हैं। ठीक वैसे की वह सर्दियों में भी स्टाइलिश दिखना चाहते हैं। वहीं अगर बात जैकेटों की हो, तो अधिकतर लोगों को यह नहीं मालूम होता है कि जैकेट कितने तरह की होती है।

ऐसे में अगर आपको भी इस बात की जानकारी नहीं है, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ जैकेटों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पहनकर आप भी सर्दियों के मौसम में स्टाइलिश दिख सकते हैं। साथ ही यह जैकेट न सिर्फ लड़कों बल्कि लड़कियों के लिए भी परफेक्ट होती हैं। ऐसे में इस सर्दी के मौसम में आपके वार्डरोब में 5 तरह की जैकेट जरूर होनी चाहिए।

### *बॉम्बर जैकेट*



बता दें कि अगर आपको भी डैपर लुक अच्छा लगता है, तो बॉम्बर जैकेट आपके लिए एक बेहतर ऑप्शन साबित हो सकता है। बॉम्बर जैकेट के साथ टीशर्ट काफी ज्यादा क्लासी लगती है। इस जैकेट के साथ अपने लुक को कूल बनाने के लिए आप कैप भी कैरी कर सकते हैं।

### *ट्रकर जैकेट*

ट्रकर जैकेट को डेनिम जैकेट भी कहते हैं। ऐसे में लड़कों के साथ लड़कियों के पास भी इस तरह की जैकेट जरूर होनी चाहिए। आप ट्रकर जैकेट को टीशर्ट के साथ पहन सकते हैं। ऐसे में आप भी अपने वार्डरोब में ट्रकर जैकेट को जगह दे सकते हैं।

### *पारका जैकेट*

अगर आप किसी ऐसी जगह पर रहते हैं, जहां पर काफी ज्यादा सर्दी होती है। तो आपको पारका जैकेट पहननी चाहिए। इस तरह के जैकेट को आप अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं। यह जैकेट काफी लंबी होती है और इसमें टोपी में फर भी लगी होती है।

### *ब्लोजन जैकेट*

हांलाकि यह जैकेट भी काफी हदतक बॉम्बर जैकेट की तरह होती है। लेकिन यह थोड़ी ढीली होती है और पहनने में काफी आरमदायक होती है। ऐसे में आप इस तरह की जैकेट को भी अपने वार्डरोब में जगह दे सकते हैं।

### *बाइकर जैकेट*

बाइकर जैकेट लेदर से बनी होती है। जो न सिर्फ आपको सर्दी से बचाती है, बल्कि इसे पहनने के बाद आप स्टाइलिश भी नजर आ सकते हैं। स्टाइलिश दिखने के लिए आप सफेद टी-शर्ट, काली जींस, ऊंचे जूते के साथ इसे भी कैरी कर सकते हैं।

# कंफर्टेबल और स्टाइलिश लुक पाने के लिए जींस के साथ पेयर करें ये कुर्ती, हर कोई करेगा तारीफ

लड़कियों के वार्डरोब में कई अलग-अलग डिजाइन के कपड़े मिल जाते हैं। वहीं मार्केट में भी आपको अलग-अलग फैब्रिक, डिजाइन और कलर के कपड़े मिलते हैं। आज हम आपको कुछ डिजाइनर वूलेन कुर्तियों के बारे में बताने जा रहे हैं।

लड़कियों को ही नहीं बल्कि लड़कों को भी एथनिक वियर पहनना काफी पसंद होता है। वहीं लड़कियां अपने एथनिक वियर के कलेक्शन में नए ट्रेंड की कुर्तियां जरूर शामिल करती हैं। लड़कियों के वार्डरोब में कई अलग-अलग डिजाइन के कपड़े मिल जाते हैं। वहीं मार्केट में भी आपको अलग-अलग फैब्रिक, डिजाइन और कलर के कपड़े मिलते हैं। वहीं सर्दियों का मौसम शुरू होते ही लड़कियां अपने लिए गर्म कुर्ती खोज रही होंगी। ऐसे में अगर आप भी सर्दियों में गर्म कुर्तियां लेने की सोच रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज हम आपको कुछ डिजाइनर वूलेन कुर्तियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पहनने पर आप कंफर्टेबल फील करेंगी। साथ ही इन कुर्तियों को आप जींस के साथ भी पहन सकती हैं।



इसके अलावा बाहर आउटिंग और ऑफिस आदि में भी यह कुर्तियां पहनकर जा सकती हैं।

### *फ्लोरल प्रिंट वूलन कुर्ती*

सर्दियों में ज्यादा कपड़े पहनने से बेहतर है कि आप गर्म कुर्ती स्टाइल करें। इसमें आपको कई अच्छे-अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे। साथ ही इनको पहनना काफी कंफर्टेबल होगा। आप अपनी पसंद के हिसाब से बड़े या छोटे फ्लोरल प्रिंट की डिजाइन वाली कुर्तियां ले सकती हैं। इनको आप जींस, बेली या फिर स्नीकर्स के साथ भी कैरी कर सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट डिजाइन वाली कुर्ती आपको बाजार में 500 से 1000 रुपए तक में आसानी से मिल जाएगी।

### *ब्लॉक प्रिंट वूलन कुर्ती*

इसके अलावा आप सर्दियों में ब्लॉक प्रिंट वूलन कुर्ती भी कैरी कर सकती हैं। इसमें भी आपको बड़ा व छोटा दोनों तरह का प्रिंट मिल जाएगा। अगर आप चाहें तो सर्दियों के लिए फुल स्लीव्स वाली कुर्ती ले सकती हैं। इसमें आपको कई कलर वैरायटी भी मिल जाएगी। ब्लॉक प्रिंट वूलन कुर्ती को आप जींस के साथ भी पेयर कर सकती हैं। बाजार में आपको 500 से 2000 रुपए तक ऐसी कुर्ती आसानी से मिल जाएगी।

### *कश्मीरी वर्क वूलन कुर्ती*

सर्दियों के मौसम में कश्मीरी वर्क वाली वूलेन कुर्ती काफी ट्रेंड में हैं। इस तरह की कुर्ती में नेक पर एम्ब्राइडरी और बाजू पर एम्ब्रॉयडरी मिलता है। हांलाकि देखने में इन कुर्ती की डिजाइन काफी सिंपल होती है। लेकिन यह पहनने में कंफर्टेबल होने के साथ गर्म भी होती हैं। ऐसे में आप सर्दियों में स्टाइलिश दिखने के लिए इस तरह की कुर्ती को भी अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। 1000 से 2000 रुपए तक में आपको मार्केट में आसानी से यह कुर्ती मिल जाएंगी।

# विंटर में स्किन हाइड्रेशन का ख्याल रखेंगे



ठंड के मौसम में स्किन की हाइड्रेशन संबंधी जरूरतें बढ़ जाती हैं। इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने स्किन केयर प्रोडक्ट पर अधिक ध्यान दें। मसलन, विंटर में अपनी स्किन की क्लीनिंग करने के लिए आप मॉइश्चराइजिंग बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें।

सर्दी के मौसम में ठंडी हवाएं आपकी स्किन को और भी ज्यादा रूखा बना देती हैं। ऐसे में स्किन का ख्याल रखने के लिए उसकी नमी बनाए रखना बेहद जरूरी होता है। विंटर में स्किन हाइड्रेशन का ख्याल रखना काफी मुश्किल होता है। हो सकता है कि आप भी इस मौसम में रूखी व डल स्किन के कारण परेशान हो रहे हों। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप विंटर स्किन हाइड्रेशन का ख्याल रख सकते हैं।

### *मॉइश्चराइजिंग क्लींजर का करें इस्तेमाल*

ठंड के मौसम में स्किन की हाइड्रेशन संबंधी जरूरतें बढ़ जाती हैं। इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने स्किन केयर प्रोडक्ट पर अधिक ध्यान दें। मसलन, विंटर में अपनी स्किन की क्लीनिंग करने के लिए आप मॉइश्चराइजिंग बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। इससे ना केवल आपकी स्किन बेहतर तरीके से क्लीन होती है, बल्कि उसका नेचुरल मॉइश्चर भी बना रहता है।

### *ह्यूमिडिफ़ायर का करें इस्तेमाल*

यह एक छोटा सा टिप है, लेकिन आपके बेहद काम आ सकता है। ठंड के मौसम में इनडोर हीटिंग सिस्टम के कारण हवा शुष्क हो सकती है। ऐसे में ह्यूमिडिफ़ायर का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। यह हवा में नमी जोड़ता है, जिससे आपकी स्किन बहुत अधिक रूखी होने से बचती है।

### *प्रोटेक्टिव हो कपड़े*

आप अपनी स्किन को ठंडी हवाओं से बचाने के लिए ग्लव्स, स्कार्फ और टोपी पहनें। ऐसा करने से स्किन का मॉइश्चर लॉस कम होता है और हाइड्रेशन लेवल बना रहता है।

### *स्किन को करें एक्सफोलिएट*

ठंड के मौसम में अपनी स्किन को समय-समय पर एक्सफोलिएट करना जरूरी होता है। जब आप अपनी स्किन को एक्सफोलिएट करते हैं तो इससे डेड स्किन सेल्स रिमूव होते हैं। जिससे स्किन में ब्यूटी प्रोडक्ट्स अधिक बेहतर तरीके से प्रवेश कर पाता है। हालांकि, आप अपनी स्किन को जलन से बचाने के लिए जेंटल एक्सफोलिएट सलेक्ट करें।

### *लगाएं हाइड्रेटिंग मास्क*

अपनी स्किन के हाइड्रेशन लेवल को बनाए रखने के लिए आप हाइड्रेटिंग मास्क का इस्तेमाल भी जरूर करें। आप अपनी स्किन को अतिरिक्त नमी देने के लिए आप सप्ताह में एक या दो बार हाइड्रेटिंग मास्क का इस्तेमाल करें। हयालूरोनिक एसिड या एलोवेरा जैसे हाइड्रेटिंग इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करने आपकी स्किन को नमी

# गुलाबी गालों के लिए इन चार चीजों से बनाकर तैयार करें नेचुरल लश, मिलेगा नेचुरल ग्लो

खूबसूरत दिखने की चाहत हर किसी को होती है। ऐसे में इस चाहत के चलते लोग अपने फेस पर न जाने कितने केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में आप इन 4 चीजों से नेचुरल ब्लश बनाकर गालों को गुलाबी कर सकती हैं।

खूबसूरत दिखने की चाहत हर किसी को होती है। ऐसे में इस चाहत के चलते लोग अपने फेस पर न जाने कितने केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार इसका रिजल्ट पॉजिटिव नहीं मिल पाता है। वहीं केमिकल वाले प्रोडक्ट्स के चलते स्किन एलर्जी भी हो सकती है। ऐसे में हर रोज अच्छा दिखने की चाहत में रोजाना मेकअप करने से स्किन खराब होने लगती है। ऐसे में अगर आपको भी बिना मेकअप के गुलाबी गाल चाहिए तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसा नुस्खा बताने जा रहे हैं। जिनके इस्तेमाल से आप अपने गालों को नेचुरल पिंक ब्लश वाला लुक दे सकती हैं। इसके साथ ही इन चीजों के इस्तेमाल से आपकी स्किन को किसी भी तरह का नुकसान भी नहीं पहुंचेगा।

### *चुकंदर का ब्लश*

चुकंदर हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। साथ ही इसको फेस पर लगाने से रंगत निखरती है। पुराने समय में जब लोगों के पास मेकअप का सामान नहीं होता था। तो लोग अपने गालों को गुलाबी करने के लिए घरेलू चीजों का इस्तेमाल करते थे। ऐसे में आप भी चुकंदर का ब्लश बनाकर अपने गालों को नेचुरली पिंक बना सकते हैं। इसके लिए आपको उबले हुए चुकंदर का गाढ़ा पल्प चाहिए। इस पल्प में ग्लिसरीन की कुछ बूंदे मिला लें। इस आसान तरीके से आपका ब्लश बनकर तैयार हो जाएगा। साथ ही यह एकदम नेचुरल होगा, तो आपको किसी तरह की एलर्जी की भी समस्या नहीं होगी। आप इस ब्लश को एक छोटे कंटेनर में भरकर स्टोर कर सकती हैं।

### *गुलाब के फूल का ब्लश*

क्या आप जानती हैं कि आप गुलाब की पंखुड़ियों के इस्तेमाल से भी नेचुरल ब्लश बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आप गुलाब के ताजे फूल की पंखुड़ियों का पेस्ट बना लें। फिर इस पेस्ट में जरूरत के मुताबिक आरारोट का पेस्ट मिक्स कर लें। अब इसे एक कंटेनर में भरकर स्टोर कर लें। इस तरह से आपका गुलाब का ब्लश बनकर तैयार हो जाएगा। ऐसे में आपको जब भी चाहिए तो इस ब्लश के इस्तेमाल



से अपने गालों को नेचुरली पिंक कर सकती हैं।

### *गाजर का ब्लश*

अगर आपको अपने गालों पर हल्का पीच कलर का ब्लश चाहिए। तो इसके लिए आपको नारंगी गाजर की जरूरत होगी। नारंगी गाजर को कद्दूकस में कसकर सुखा लें। फिर इसमें अरारोट मिला लें। इस तरह से आपका पीच कलर का ब्लश बनकर तैयार हो जाएगा। जो आपके गालों को नेचुरल दिखाने में मदद करेगा।

### *गुड़हल के फूल का ब्लश*

चुकंदर, गुलाब और गाजर की तरह आप गुड़हल के फूल का भी ब्लश आसानी से बनाकर तैयार कर सकती हैं। गुड़हल के फूल का ब्लश बनाने के लिए आपको गुड़हल के फूल और आरारोट पाउडर को एक साथ पीसना होगा। आप चाहें तो अपनी पसंद के हिसाब से इसमें एसेंशियल ऑयल भी मिला सकती हैं। गुड़हल के फूल के बने ब्लश को आप किसी छोटे कंटेनर में स्टोर कर सकती हैं। इसके साथ ही आप लंबे समय तक इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

# सरकार के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती

## मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा गया शिवकुमार से जुड़ा मामला

**बंगलूरू।** कर्नाटक उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने शुक्रवार को उस याचिका को मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया, जिसमें उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ एक मामले की जांच के लिए सीबीआई को दी गई मंजूरी वापस लेने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती दी गई है।




भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल और सीबीआई द्वारा दायर दो अलग-अलग याचिकाएं शुक्रवार को एकल न्यायाधीश की पीठ के समक्ष आईं। न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने कहा, सवालों की विशालता के कारण मुझे डर लग रहा है। इतने बड़े मुद्दे पर फैसला लेने के लिए मुझे लगता है कि खंडपीठ की जरूरत है। उन्होंने आदेश दिया, याचिकाकर्ताओं के विद्वान वकील और महाधिवक्ता को सुनने के बाद मेरी सुविचारित राय है कि याचिका को माननीय मुख्य न्यायाधीश के समक्ष उनकी पसंद की पीठ और विचार के लिए रखा जाना चाहिए।

पहले याचिका यतनाल की ओर से दायर की गई थी। अदालत ने उनकी याचिका की वैधता पर सवाल उठाया और कहा कि उन्हें आपराधिक कार्यवाही में प्रभावित पक्ष कैसे माना जा सकता है। यतनाल के वकील ने अदालत में कहा कि किसी भी आम नागरिक के पास सरकार के मंत्रिमंडल के फैसले को चुनौती देने का अधिकार है। अदालत ने कहा कि यह एक अनोखा मामला है। उन्होंने कहा, राज्य में यह अपनी तरह का पहला मामला है। अदालत ने कहा कि सवाल यह है कि क्या पिछली सरकार द्वारा लिया गया फैसला (मंजूरी देने वाला) बाद में चुनी गई सरकार के लिए बाध्यकारी है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि चूंकि सीबीआई ने भी सहमति वापस लेने को चुनौती दी है, इसलिए यतनाल द्वारा दायर याचिका की वैधता पर भी विचार किया जाना चाहिए।

सीबीआई के वकील प्रसन्ना कुमार ने कहा कि लोकायुक्त को राज्य ने जांच सौंप दी है और उसने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। सीबीआई ने इस नई जांच का रिकॉर्ड मांगा और कहा कि जांच उसे सौंप दी जाए।उच्च न्यायालय ने प्रतिवादी राज्य और लोकायुक्त को नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि याचिकाओं की अंतिम सुनवाई होने तक लोकायुक्त को मामले में आगे नहीं बढ़ना चाहिए। सीबीआई के वकील ने दलील दी कि इसी तरह की स्थिति में उच्चतम न्यायालय का मानना था कि एक बार जब राज्य सरकार ने जांच के लिए सहमति दे दी है तो उसे पिछली तारीख से वापस नहीं लिया जा सकता। इसलिए, सीबीआई जांच अंतिम छोर तक जानी चाहिए। इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए एकल न्यायाधीश ने इसे बड़ी पीठ के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया।

आयकर विभाग के छापों और प्रवर्तन निदेशालय की जांच के आधार पर सीबीआई ने राज्य सरकार से डीके शिवकुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति मांगी थी, जिसे 25 सितंबर, 2019 को मंजूर कर लिया गया। मई के विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता में बदलाव के बाद नई सरकार (जिसमें डी के शिवकुमार उपमुख्यमंत्री हैं) ने 28 नवंबर, 2023 को मंजूरी वापस ले ली। इस मंजूरी को वापस लेने के सरकार के 28 नवंबर के आदेश को चुनौती देते हुए यतनाल ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि यह अवैध है। सीबीआई ने भी मंजूरी वापस लेने को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया है।

# वित्त मंत्री थेनारासु का केंद्र पर गंभीर आरोप

## कहा-उन्होंने राज्य के वित्तीय बोझ को नहीं किया कम

**चेन्नई।** तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेनारासु ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के वित्तीय बोझ को कम करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा बहुत कम काम किया गया है। उन्होंने दावा किया कि धन आवंटित करने के अलग-अलग मानंदडों के पालन का उन्होंने गंभीर आरोप लगाया हैं। उन्होंने हमला करते हुए कहा कि केंद्र को दिए गए प्रत्येक रुपये के बदले राज्य को केवल 29 पैसे वापस मिले, लेकिन भाजपा शासित राज्यों में ये अनुपात अलग था।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा था कि केंद्र ने बिना किसी भेदभाव के तमिलनाडु को ज्यादा फंड जारी किया हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए तमिलनाडु के वित्त मंत्री ने कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि केंद्र को दिए राज्य के रुपये में सिर्फ 29 पैसा वापस मिला हैं। उन्होंने ने उदाहरण देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक केंद्र ने तमिलनाडु को 4.75 लाख करोड़ रुपये दिए,



जिसमें 2.46 लाख करोड़ रुपये का केंद्रीय कर हिस्सा और 2.28 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी शामिल है। वहीं, प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.23 लाख करोड़ रुपये रहा।

उन्होंने कहा कि केंद्र ने अभी तक अप्रत्यक्ष करों के जरिए से इकट्ठा राजस्व साझा नहीं किया हैं। उन्होंने दावा किया कि इसी अवधि के दौरान केंद्र को 2.23 लाख करोड़ रुपये देने के लिए भाजपा शासित राज्यों को 15.35 लाख करोड़ रुपये दिए गए।

थंगम थेनारासु ने कहा कि जब हम देखते हैं कि क्या केंद्र सरकार ने राज्य सरकार की मदद के लिए कुछ किया, तो हमें अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि कुछ भी नहीं हुआ हैं। उन्होंने कहा कि गंभीर वित्तीय संकट के बीच डीएमके 2021 में सत्ता में आई। राज्य में एआईडीएमके के दस वर्षों के शासनकाल में हमें वित्तीय बोझ विरासत में मिला। परियोजनाओं के लिए केंद्रीय वित्त पोषण पर उन्होंने कहा कि हालांकि चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के 63,246 करोड़ रुपये के दूसरे चरण की आधारशिला रखी गई थी, लेकिन राज्य सरकार को अभी तक केंद्र से योगदान नहीं मिला है। जबकि महाराष्ट्र, कर्नाटक, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और गुजरात को 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मिली है।

## विधानसभा सदस्यों की शपथ को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज

**बंगलूरू।** बेलगावी के भीमप्पा गुंडप्पा की याचिका में दावा किया गया था कि पिछले वर्ष कुछ विधायकों और मंत्रियों द्वारा शपथ लेने के दौरान तीसरी अनुसूची के तहत संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया है, जिसके तहत उन्हें अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। कर्नाटक हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया हैं। संविधान में अनिवार्य के बजाय कुछ व्यक्तियों के नाम पर विधानसभा के सदस्यों की शपथ की पवित्रता को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को खारिज करते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा है कि बुद्ध, बसवेश्वर और डॉ बी आर आंबेडकर को दिव्य अवतार माना जाता है। संविधान में इनका इस्तेमाल ईश्वर के प्रतीक के रूप में किया जाता है। याचिका को खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता की दलीलों से हम आश्वस्त नहीं हैं कि शपथ निर्धारित प्रारूपों की आवश्यकता का अनुपालन नहीं करती हैं।

मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि तीसरी अनुसूची में सांविधानिक प्रावधानों में प्रयुक्त अंगेजी शब्द गॉड लगभग उसी को दर्शाता हैं। साथ ही कहा कि कन्नड़ में कहा गया है कि देवनोब्बा, नाम हलवु जिसका अर्थ है कि ईश्वर एक हैं, जिन्हें हम भिन्न-भिन्न रूपों से जानते हैं। साथ ही बृहदारण्यक उपनिषद का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एकम् सत् विप्रा बहुधा वदन्ति जिसका मतलब है सत्य एक हैं, ज्ञानी व्यक्ति उन्हें विभिन्न नामों से बुलाते हैं।

बेलगावी के भीमप्पा गुंडप्पा की याचिका में दावा किया गया था कि पिछले वर्ष कुछ विधायकों और मंत्रियों द्वारा शपथ लेने के दौरान तीसरी अनुसूची के तहत संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया है, जिसके तहत उन्हें अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए।

## गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम की चार संपत्तियों की नीलामी, दो पर नहीं लगी बोली

**नई दिल्ली।** 1993 के मुंबई बम धमाकों के मास्टरमाइंड दाऊद इब्राहिम पर भारतीय जांच एजेंसियां लगातार शिकंजा कस कर रही है। इसी क्रम में, प्रशासन ने दाऊद की कई प्रॉपर्टियों को नीलाम करने का फैसला लिया। आतंकवादी दाऊद की मां अमीना बी के नाम पर महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के खेड़ तालुका में जो चार संपत्तियां हैं, उनकी आज नीलामी की गई। ये सभी चार संपत्तियां कृषि योग्य हैं और खेड़ के मुंबके गांव में स्थित हैं। इन संपत्तियों का मूल्य 19 लाख से अधिक बताया जा रहा है।

दाऊद इब्राहिम के परिवार के सदस्यों की दो संपत्तियां शुक्रवार को तस्कर और विदेशी मुद्रा का हेरफेर (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम के तहत सक्षम अधिकारी द्वारा आयोजित नीलामी में बेची गईं।महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के खेड़ तहसील के मुंबके गांव स्थित चार संपतिययां आज नीलामी के लिए उपलब्ध थी, लेकिन उनमें से दो के लिए किसी ने बोली नहीं लगाई। हालांकि अन्य संपतियों के लिए क्रमश चार और तीन बिल्डरों ने बोली लगाई और एक व्यक्ति ने इन दोनों संपतियों के लिए सफल



बोलीदाता बना।

करीबन 170.98 वर्ग मीटर तक फैली कृषिभूमि वाली जमीन पर 2.01 करोड़ रुपये की बोली लगी। इस संपत्ति की नीलामी 15,440 के आधार मूल्य पर शुरु हुई थी। वहीं एक अन्य 1730 वर्ग मीटर फैली कृषिभूमि वाली जमीन पर 3.28 करोड़ की बोली लगी।

नीलामी दक्षिण मुंबई के आयकर भवन में आयोजित की गई थी। 1993 के मुंबई बम विस्फोट के मुख्य अपराधी दाऊद इब्राहिम के मौजूदा समय में पाकिस्तान में होने की उम्मीद जताई जा रही है। आतंकी की संपत्ति खरीदने के लिए कितनी संख्या में लोग आने वाले थे इसके बारे में कोई नहीं जानता था। लेकिन एक शख्स का आना निश्चित माना जा रहा था, वह वकील और पूर्व शिवसेना सदस्य अजय श्रीवास्तव हैं। उन्होंने अतीत में आतंकवादियों की तीन संपत्तियों पर सफलतापूर्वक बोली लगाई है। इन संपत्तियों में मुंबई में दाऊद का बचपन का घर भी शामिल है, जहां उसका जन्म हुआ था।

अजय श्रीवास्तव ने 2001 में जिन दुकानों के लिए बोली लगाई थी, वे कानूनी पचड़े में फंसी हुई हैं। फिर भी उन्हें उम्मीद है कि दाऊद के घर के दस्तावेज जल्द ही मिल जाएगा। उनका कहना है कि वह एक सनातन पाठशाला (स्कूल) शुरू करने की योजना बना रहे हैं।

उन्होंने कहा, मैंने 2020 में बंगले के लिए बोली लगाई थी। एक सनातन धर्म पाठशाला ट्रस्ट की स्थापना की गई है और स्कूल का निर्माण जल्द ही शुरू होगा। मैं शुक्रवार को नीलामी में भाग लूंगा। मैंने 2001 में लोगों के दिलों से दाऊद इब्राहिम का डर निकालने के लिए नीलामी में हिस्सा लिया था और उसके बाद कुछ लोग सामने आए।

निलामी स्मगलर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनिपुलेटर्स (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम के तहत अधिकारियों द्वारा की जाएगी, जो केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन हैं। पिछले नौ सालों में दाऊद या उसके रिश्तेदारों की 11 संपत्तियों को सेफमा अधिकारियों द्वारा पहले ही नीलाम किया जा चुका है। अब नीलाम होने वाली चार संपत्तियों का कुल मूल्य 19.2 लाख रुपये है।

## ओडिशा की चिल्का लैगून झील में दिखी लुप्तप्राय ईगल प्रजाति, पक्षी विज्ञानियों में उत्साह

**गुवाहाटी।** ओडिशा के पक्षी विज्ञानी इस बात से उत्साहित हैं कि चिल्का लैगून में वार्षिक गणना के दौरान देखे गए 11.37 लाख पक्षियों में लुप्तप्राय पल्लस फिश ईगल भी शामिल है। चिल्का लैगून भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवासी पक्षियों के लिए सर्दियों के लिए सबसे बड़ी झीलों में से एक है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। करीब दस वर्षों के बाद पल्लस फिश ईगल को ओडिशा की चिल्का लैगून झील में देखा गया है। चिल्का वन्यजीव प्रभाग के संभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) अमलान नायक ने बताया कि मध्यम आकार के इस पक्षी को लगभग दस साल के अंतराल के बाद नीले लैगून में फिर से देखा गया है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि पक्षी हिमालयी क्षेत्र से परे से झील में आया हो। नायक ने कहा कि पिछली सर्दियों की तुलना में इन सर्दियों में विशाल झील में आने वाले पक्षियों की संख्या में कुछ हजार की वृद्धि हुई है। डीएफओ ने कहा कि ओडिशा के गंजम, पुरी और खुर्दा जिलों में 1100 वर्ग किलोमीटर में फैली झील में 187 प्रजातियों के 11,37,759 पक्षियों की गणना की गई है। इन पक्षियों में से 108 प्रजातियों में से 10,98,813 प्रवासी पक्षी थे और 79 प्रजातियों में से 38,946 लैगून के निवासी थे। पिछली सर्दियों (2023) में 184 विभिन्न प्रजातियों के 11,31,929 पक्षियों ने झील में शरण ली थी। इनमें 105 प्रजातियों के 10,93,049 जलपक्षी और 79 प्रजातियों के 38,880 जल-निर्भर पक्षी शामिल थे। उन्होंने कहा कि प्रवासी पक्षियों की संख्या में वृद्धि के लिए वन्यजीव अधिकारियों द्वारा सुरक्षा उपाय किए गए। उन्होंने कहा कि इन सर्दियों में झील में अवैध शिकार का एक भी मामला सामने नहीं आया है। इस साल पाई जाने वाली सबसे प्रमुख प्रजातियों में बत्तख, नॉर्थ पिनटेल (2,18,654), गडवाल (1,56,636), यूरेशियन विगियन (1,40,322), ब्लैक टेल्ड गॉडविट (66,853) और कॉमन कूट (66,552) शामिल हैं।

# आजीवन अयोग्यता मामले पर फैसला सुरक्षित, पीटीआई के 100 कार्यकर्ताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह पूर्व प्रधानमंत्रियों नवाज शरीफ और इमरान खान सहित कुछ प्रमुख राजनेताओं को आजीवन अयोग्य ठहराए जाने के मुद्दे का निपटारा करेगा। इस फैसले से संविधान के अनुच्छेद 62 (1) (एफ) और चुनाव अधिनियम 2017 के तहत अयोग्यता की अवधि के आसपास के सभी विवादों के एक बार में ही तय होने की उम्मीद है। शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ ने 2018 में एक फैसले में कहा था कि अनुच्छेद 62 (1) (एफ) के तहत अयोग्यता जीवन भर के लिए है। लेकिन, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने 26 जून, 2023 को चुनाव अधिनियम 2017 में बदलाव किए, जिसने इसे केवल पांच साल तक के लिए




सीमित कर दिया। मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने शुक्रवार को सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सीजेपी ने टिप्पणी की कि आजीवन अयोग्यता पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला और चुनाव अधिनियम 2017 में संशोधन सह-अस्तित्व में नहीं रह सके। उन्होंने यह भी कहा कि शीर्ष अदालत की व्याख्या और कानून में विसंगतियों के परिणामस्वरूप आगामी आम चुनावों में भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है। सुनवाई के समापन पर सीजेपी ने कहा कि इसकी घोषणा के लिए कोई समय बताए बिना एक संक्षिप्त आदेश जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम जल्द से जल्द संक्षिप्त आदेश के साथ आने की कोशिश करेंगे। शायद आज नहीं, लेकिन अल्लाह ने चाहा तो यह बहुत जल्द होगा। पाकिस्तानी मीडिया की खबर के मुताबिक, मुख्य न्यायाधीश और कुछ अन्य न्यायाधीशों की टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि वे दोषी नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध से सहज नहीं हैं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि अयोग्यता की सीमा अदालत के आदेश के माध्यम से लगाई जानी चाहिए या संविधान में संशोधन के माध्यम से। अधिकांश दलीलें आजीवन प्रतिबंध की अवधारणा को रद्द करने और इसे पांच साल की अवधि तक सीमित करने के पक्ष में थे। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश ने बार-बार कहा कि वह आजीवन अयोग्यता का समर्थन करने वाली दलीलें सुनना चाहते हैं। उन्होंने वकीलों को आगे आने के लिए कहा।

शरीफ को 2017 में पनामा पेपर्स मामले में अयोग्य ठहराया गया था। वहीं, उनके प्रतिद्वंद्वी इमरान खान को पिछले साल तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उनको भी इसी कानून का सामना करना पड़ा था।

उधर, इमरान खान की पार्टी के सौ कार्यकर्ताओं के खिलाफ आज देश की आतंकवाद रोधी अदालत गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। सेना विरोधी प्रदर्शनों के दौरान पंजाब प्रांत में आईएआई की इमारत पर हमले में कथित संलिप्तता को लेकर यह वारंट जारी किया गया है।

नौ मई को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसक प्रदर्शन हुए थे। भ्रष्टाचार मामले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर में अर्द्धसैनिक रेंजर्स ने उनकी गिरफ्तारी की थी। इसके बाद उनके कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की थी।

## भारत-बुल्गारिया की मित्रता के 70 साल, ओम बिरला ने की बुल्गेरियाई असेंबली अध्यक्ष से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** 2024 के आगमन के साथ ही भारत और बुल्गारिया के मित्रता का 70 साल पूरा हो गया। इस पर ओम बिरला ने खुशी जताते हुए कहा कि भारत और बुल्गारिया के रिश्ते दिन पर दिन मजबूत हो रहे हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को बुल्गारिया गणराज्य के नेशनल असेंबली के अध्यक्ष रोसेन जेल्याजकोव से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद ओम बिरला ने उम्मीद जताई की फ्रेंडशिप ग्रुप फॉर इंडिया (भारत के लिए मित्रता समूह) दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्ते को मजबूत करेगी। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि एक ऐसा ही समूह भारतीय संसद में बनाया गया है। उन्होंने बुल्गारिया के प्रनिधिमंडल को संबोधित करते हुए भारत और बुल्गारिया के सदियों पुराने मित्रता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों ही राष्ट्र लोकतंत्र, कानून के शासन और पारदर्शी सरकार के साझा मूल्यों में विश्वास रखते हैं। 2024 के आगमन के साथ ही भारत और बुल्गारिया की मित्रता के 70 साल पूरे हो गए। इस



पर ओम बिरला ने खुशी जताते हुए कहा कि भारत और बुल्गारिया के रिश्ते दिन पर दिन मजबूत हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि देश एक बड़े सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पीएम मोदी की मजबूत और स्थिर सरकार के कारण ही भारत दुनिया भर में अपना एजेंडा तय कर रहा है। भारत की लोकतांत्रिक विरासत की बात करते हुए ओम बिरला ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों में भारत का लोकतंत्र और इसकी जड़े मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की ताकत के कारण ही दोनों देश विकास की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। बुल्गारिया के नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ने ओम बिरला को धन्यवाद दिया और विश्व मामलों में उनकी अग्रणी भूमिका की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भारत और बुल्गारिया के बीच मजबूत संबंध बढ़ते रहेंगे।

# राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने किया 13वें संविधान संशोधन का समर्थन

**कोलंबो।** श्रीलंका का अल्पसंख्यक तमिल समुदाय राजनीतिक स्वायत्तता की लंबे समय से मांग कर रहा है। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को इसका समाधान करने के लिए भारत द्वारा प्रस्तावित 13वें संशोधन का समर्थन किया है।

**रॉकेट दागे**

> विक्रमसिंघे ने 13A को लागू करने पर आम सहमति बनाने के लिए पिछले साल सर्वदलीय पार्टी की बैठक बुलाई थी

भारत 13वें संशोधन को लागू करने के लिए श्रीलंका पर दबाव बना रहा है। 13A में तमिल समुदाय को सत्ता के हस्तांतरण का प्रावधान है। विक्रमसिंघे ने तमिल बहुल उत्तरी प्रांत की राजधानी जाफना में पेशेवरों के एक समूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सत्ता का हस्तांतरण केवल एक राजनीतिक अवधारणा



नहीं, बल्कि एक आर्थिक वास्तविकता होनी चाहिए।

1987 में प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन भारत सरकार के सीधे दखल के कारण 13A श्रीलंका के संविधान का हिस्सा बन गया था। इसने उत्तर और पूर्व के अस्थायी विलय के साथ नौ प्रांतों के लिए नौ प्रांतीय परिषदें बनाईं थी। जिनके बारे में तमिल अल्पसंख्यक दावा करते हैं कि यह उनकी पारंपरिक मातृभूमि है।

उन्होंने पेशेवरों के समूह से कहा, अगर हम 13वें संशोधन के प्रावधानों की जांच करें तो उन्हें एक मजबूत स्थानीय अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पर्याप्त अधिकार हैं। हम उन मामलों में दखल ने देने का वादा करते हैं। मैं आपको पहले करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि अभी पश्चिमी प्रांत एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जो पर्याप्त खर्च उठाने में सक्षम है, जबकि अन्य आर्थिक रूप से इस पर निर्भर हैं।

उन्होंने कहा, इस स्थिति पर फिर से विचार करने की जरूरत है। 13वें संशोधन के तहत शक्तियों का इस्तेमाल प्रत्येक प्रांत विकास के लिए अपना रास्ता तैयार कर सकता है। इन शक्तियों को अमल में लाने का समय आ गया है। प्रांतों को पुलिस के अलावा अन्य शक्तियां देने की विक्रमसिंघे की इच्छा को शक्तिशाली बौद्ध भिक्षुओं ने खारिज कर दिया और दावा किया कि यह कदम श्रीलंका के एकात्मक राज्य को खतरे में डाल सकता है।

विक्रमसिंघे ने 13A को लागू करने पर आम सहमति बनाने के लिए पिछले साल सर्वदलीय पार्टी की बैठक बुलाई थी, जिसमें कोई गतिरोध नहीं रहा था। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए जापान को ही ले लीजिए, यह संघीय राज्य नहीं है फिर भी विभिन्न विभाग और क्षेत्र अच्छी तरह से विकसित हैं। ब्रिटेन को देखें - स्कॉटलैंड और वेल्स की अपनी विकसित अर्थव्यवस्थाएं हैं। हम इस तरह की कार्यशील क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं का अनुकरण क्यों नहीं कर सकते।

## न्यूयॉर्क में भारतीय मूल का व्यक्ति गिरफ्तार, डॉक्टरों से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की चोरी का आरोप

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में घालयों को चिकित्सा प्रदान करने वाले डॉक्टरों से दस लाख अमेरिकी डॉलर की चोरी करने के आरोप में 61 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान अमरीश पटेल के तौर पर की गई है।

न्यूयॉर्क के अटर्नी जनरल ने बताया कि अमरीश की दो कंपनियां मेडलिंक सर्विस और मेडलिंग पार्टनर्स के खिलाफ 2012 से लेकर 2019 तक चोरी के आरोप में 27 गुंडागर्दी के मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपी और उसकी कंपनी पर बीमा धोखाधड़ी, चोरी और रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 11 मामले दर्ज किए गए है।

एटर्नी जनरल के अनुसार आरोपी को इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और 100,000 के बॉन्ड के साथ रिहा कर दिया गया है। अमरीश ने ब्रुक्लिन स्थित ऑर्थोपेडिक सर्जरी प्रैक्टिस के लिए बिलिंग सेवाएं प्रदान की थी। इस दौरान उसने श्रमिकों के मुआवजे में से 1.1 मिलियन डॉलर की चोरी करने के लिए न्यूयॉर्क स्टेट इंश्योरेंस फंड (एनवाईएसआईएफ) को गलत



दस्तावेज जमा किया था। श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद शुक्रवार को 21 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया गया है। इन मछुआरों को वापस चेन्नई भेज दिया गया है। नौसेना ने इस बारे में जानकारी दी है। एक बयान में बताया गया कि 2023 में उन्होंने श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार के आरोप में 240 भारतीय मछुआरों को 35 ट्रॉलरों के साथ गिरफ्तार किया था। श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने भी इस संबंध में एक्स पर पोस्ट करके बताया कि 21 सभारतीय मछुआरों को श्रीलंका से चेन्नई वापस लाया गया है। गौरतलब है कि मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा को कथित रूप से पार करने और श्रीलंकाई जल में मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किए जाने की समय-समय पर घटनाएं होती रही हैं।

### भारत विरोधी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं करेंगे, बांग्लादेश के गृह मंत्री का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में रविवार यानी कि 7 जनवरी को आम चुनाव होने हैं। इससे पहले बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने कहा है कि जब तक अवामी लीग की सरकार है, तब तक बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियां या आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बांग्लादेशी गृह मंत्री ने ये भी कहा कि भारत को चीन के बांग्लादेश में निवेश से परेशान नहीं होना चाहिए और भारत और बांग्लादेश के रिश्ते आने वाले दिनों में और मजबूत होंगे।

पीटीआई के साथ टेलीफोन पर दिए एक इंटरव्यू में शेख हसीना सरकार के वरिष्ठ मंत्री ने कहा कि अवामी लीग की सरकार में 7 जनवरी को निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी बीएनपी ने हार के डर से चुनाव के बहिष्कार का एलान किया है। बीएनपी ने मांग की है कि चुनाव से पहले केयरटेकर सरकार बनाई जाए, लेकिन मांग पूरी ना होने के चलते बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया है।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बच्चियां बनेंगी सशक्तः विवेक

- हीरावती देवी की पुण्यतिथि पर बच्चों में वितरण किया गया टी-शर्ट

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर। (रामनगर)** स्थानीय ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा में हीरावती देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर टी शर्ट्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विवेक कुमार शुक्ल व विशिष्ट अतिथि प्रकाश सिंह व कुशल प्रशिक्षक अखिलेश कुमार यादव (अनुदेशक स्वा.एवं शारीरिक शिक्षा) यक्षव विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष सीमा देवी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अतिथि द्वारा माता सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान के पिता वीरेन्द्र सिंह ने किया की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश मिश्र ने कहा कि यह शुक्ला द्वारा यह पहल परिषद में पढ़ने वाली छात्राओं को नई ऊर्जा देगी।आज के इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम बच्चियों द्वारा सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति तथा स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह और कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा के बैज से अलंकृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चियों ने कई मनमोहक डांस प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आये हुए मुख्य अतिथि विवेक कुमार ने आज रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण में भाग लेने वाली समस्त छात्राओं को माता स्व हीरावती देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर टी- शर्ट्स व प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से सभी बच्चियों का सशक्तिकरण होगा और किसी भी दुर्घटना से अपनी व परिवार की रक्षा कर सकती है। बदलापुर तहसील के ग्राम निवासी शुक्ला अरबिंदो सोसायटी के जिला क्वार्डिनेटर पद पर कार्यरत हैं। बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहने वाले शुक्ल का विद्यालय परिवार बहुत बहुत आभार व्यक्त करता है। कार्यक्रम में गांव के सम्मानित अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

## एमएसडी कॉलेज के प्रबंधक संतोष मिश्र को मातृत्व शोक

**आजमगढ़।** लालगंज तहसील अंतर्गत बालपुर बालपुर खरेला गांव के निवासी और एमएसडी ग्रुप आफ कॉलेज के चेरमैन एवं ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजा संतोष कुमार मिश्रा के माता सुमित्रा मिश्रा 75 का निधन हो गया है स उनके निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई स निधन की सूचना पर उनके आवास पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का ताता लग गया है। इस अवसर पर क्षेत्र के राजनीतिक दलों और समाज के जुड़े प्रबुद्ध वर्ग के लोग मौजूद रहे लोगों ने मौन रहकर मृतआत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की सआज 5 जनवरी को ग्राम खरैला में डॉ संतोष कुमार मिश्रा (राजा साहब) के माता जी के परलोक गमन के चौथे दिन लगातार लोगों के आने का सिलसिला जारी रहा।

# घुस लेते हुए लिपिक गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना अंतर्गत एंटी करप्सन टीम ने नगर पालिका परिषद जौनपुर के एक लिपिक को घुस लेते गिरफ्तार कर लिया द्य नगर कोतवाली क्षेत्र के ओलन्दगंज मोहल्ले के निवासी आशुतोष अस्थाना की पत्नी रीना अस्थाना की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है जिसका मुकदमा न्यायाल कोर्ट में पत्रावली समिट करने के लिए नगर पालिका का लिपिक व न्यायालय पैरोकार संतोष राव पचास हजार रुपये की मांग की थी। आशुतोष ने दो किस्तो में बीस -बीस हजार रुपये दे चुके थे द्यइसके बाद भी उसने पत्रावली कोर्ट में समिट नही किया तथा 10 हजार रुपये और मांग रहा था। शिकायत कर्ता ने बताया कि गुरुवार को एन्टी करप्शन वाराणसी से सम्पर्क किया। एंटी करप्सन टीम ने पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए लिपिक को अम्बेडकर तिराहा के पास से गिरफ्तार करके लाइन बाजार थाने पर ले जाकर लिखा पढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली एंटी करप्शन टीम में प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार सिंह, व टीम ने गिरफ्तार किया।

## पुर्व जिलाधिकारी की मंसा पर फिरा पानी नहीं हो पाया तालाब का कायाकल्प

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खुटहन)** तीन वर्ष पहले पुर्व ग्राम प्रधान समरनाथ यादव के कार्यकाल में दरना गाँव के मुख्य चौराहे रामापुर के पास मौजूद तालाब के सुंदरीकरण के लिए लगभग पंद्रह लाख रुपये निकाल लिये गयें लेकिन तीन वर्ष बाद भी तालाब का सुंदरीकरण नहीं हो सका। जबकि उसका उदघाटन पुर्व जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह जी के द्वारा हुआ था तालाब के चारों तरफ गंदगी व कुडे का ढेर लगा है सवाल उठता है आखिर इतनी बड़ी धनराशि का क्या हुआ अगर कार्य जमीन पर नहीं हुआ तो क्या पैसों का बंदरबांट कर लिया गया इस तालाब का विडियो भी सोशलमीडिया पर खुब वायरल हुआ शिकायतें भी हुई लेकिन जिम्मेदारों द्वारा सभी शिकायती पत्रों को कुडे के ढेर में फेक दिया गया आज भी अधुरा तालाब अपने नाम पर हुये लुट की कहानी बयां कर रहा है और अपने अस्तित्व को तरस रहा है

# बेसिक विद्यालयों में शिक्षक पदोन्नति हेतु काउंसलिंग सकुशल संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित बेसिक शिक्षा विभाग जनपद जौनपुर में कार्यरत सहायक शिक्षकों के पदोन्नति के कार्यवाही हेतु कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर के प्रांगण में काउंसलिंग आयोजित की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल द्वारा वार्ता के क्रम में अवगत कराया गया कि सहायक शिक्षकों की पदोन्नति ग्रामीण क्षेत्रों में 424 शिक्षकों एवं नगर क्षेत्र हेतु 21 शिक्षकों की की जानी है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर के प्रांगण में पदोन्नति की काउंसलिंग किए जाने हेतु 10 टेबल स्थापित किए गए थे। पदोन्नति की काउंसलिंग सुचितापूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जलवायु में नमी एवं भीषण शीतलहर के दृष्टिगत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल द्वारा जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की गई थी। पदोन्नति के साथ-साथ 12460 शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया एक साथ गतिमान होने के कारण पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल सहायक शिक्षकों के विद्यालय आवंटन की कार्यवाही राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एवं उत्तर प्रदेश अध्यापक सेवा नियमावली 1981 में निहित प्राविधानों के तहत पृथक से निर्गत आदेश के क्रम में पूर्ण की जाएगी।

## जौनपुर के पूज्य संतों को मिला श्रीराम जन्मभूमि पहुंचने का न्योता

**जौनपुर।** जनपद के लोगों के लिए विशेष गौरव की बात रही जब विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत संगठन मंत्री नितिन जी स्वयं पहुंचकर जौनपुर के पूज्य संतों के लिए प्राप्त श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र पदाधिकारियों को सौंप दिया। जिसे लेकर आज ही विभाग अध्यक्ष उदयराज सिंह, जिलामंत्री डॉ आशीष मिश्र एवं सत्संग प्रमुख रविंद्र द्विवेदी ने उक्त निमंत्रण पत्रों को जौनपुर में बाबा बालक दास जी महाराज, सूरज घाट के नरसिंह दास जी महाराज, बारीनाथ मंदिर के हरदेव नाथ जी महाराज को प्रदान किया, इसी क्रम में मछलीशहर में निर्मल शरण जी, विवेकानंद जी एवं उमाशंकर शास्त्री जी को भी निमंत्रण पत्र प्रदान किया गया। इस बात से जौनपुर के लोगों में हर्ष एवं प्रसन्नता व्याप्त है, संतों ने निमंत्रण पत्रों को अपने माथे से लगाया व कहा की यह सब प्रभु श्रीराम के इच्छा एवं हमारे परम सौभाग्य से हो रहा है। हम सभी को इस बात की खुशी को मनाना चाहिए तथा इस दिन दिवाली मनाकर मंदिरो एवम घरों में दीपक जलाना चाहिए।

# पत्रकारिता से हटकर समाज सेवा भी कर रहा पत्रकार संघः अनुज कुमार झा

- निर्धन छात्रों को चिन्हित कर की जाए मददः ज्ञान प्रकाश सिंह

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** सरकार निर्बलों की सहायता के लिए अनेक कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। यदि इसमें समाज के लोग भी हाथ बटाने लगे तो कार्यक्रम निश्चित रूप से और अधिक भव्य हो जाएगा। उक्त विचार जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित कंबल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हर्ष की बात है कि जौनपुर पत्रकार संघ मात्र समाचारों के आदान-प्रदान तक ही सीमित न रहकर समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी और भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि सक्षम लोगों को समाज सेवा का कार्य अवश्य करना चाहिए। उन्होंने निर्धन छात्रों को उनकी पढ़ाई लिखाई में आर्थिक मदद किए जाने की आवश्यकता पर बोल दिया। इस अवसर पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथिगण द्वारा मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। अतिथि मुख्य विकास अधिकारी साई सिलम तेजा, जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, पेट्रोलियम वितरक संघ के अध्यक्ष प्रदीप सिंह सफायर, वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह आदि को स्मृति चिन्ह बुके एवं अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। आगंतुकों का अभिवादन जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह तथा संचालन महामंत्री डॉक्टर मधुकर तिवारी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार लोलारख दुबे, रामदयाल द्विवेदी अखिलेश तिवारी अकेला, जेड हुसैन (बाबू), राजेश मौर्या विनोद विश्वकर्मा ओमप्रकाश सिंह राजीव पाठक बेहोश जौनपुरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# योगी सरकार से नए साल में स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रयागराज को मिली कई सौगात

अवधनामा संवाददाता

- एसआरएन अस्पताल में बनेगा 100 बेड का इंटेंसिव केयर यूनिट
- 50 बेड वाला एक नया शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी मिलेगा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में आने वाला कल स्वास्थ्य सुविधाओं के नजरिए से और अधिक सेहत मंद होने जा रहा है। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं और संसाधनों को बढ़ाने के लिए जिस तरह से योजनाएं पटरी पर दौड़ रही हैं उससे आने वाला कल सेहतमंद माना जा रहा है। प्रयागराज में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से साल 2024 में कई योजनाओं का लक्ष्य है जिनके धरातल में उतरने से यहां इलाज आसान ही नहीं बल्कि स्मार्ट भी हो जाएगा।

मंडल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल को नए साल में कई तोहफे मिले हैं। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एसपी सिंह बताते हैं कि स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में इस साल 50 करोड रुपए के नए कार्य होंगे जिसमें 12 नए प्रोजेक्ट शामिल हैं। एसआरएन अस्पताल में 100 बेड के एक इंटेंसिव केयर यूनिट की स्थापना इस साल ही होना है। इसके अलावा अक्टूबर तक यहां केंद्रीय डायग्नोस्टिक सेंटर बनाया जाना है। स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल के अंदर एक 6 मंजिला मल्टी स्पेशलिटी चिल्ड्रन हॉस्पिटल का निर्माण भी शामिल हैं जिसमे 12 साल तक के बच्चों के इलाज की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी।

### पहली बार शहर में संचालित होंगे पॉली क्लिनिक

**प्रयागराज।** शहर में पहली बार पालीक्लीनिक संचालित करने की योजना पर काम हो रहा है। सीएमओ प्रयागराज डॉक्टर आशू पांडे बताते हैं कि शहर में पॉलीक्लिनिक संचालित करने की योजना पर काम चल रहा है। इन क्लिनिक में अलग-अलग बीमारियों के विशेषज्ञ प्राइवेट डाक्टरों की ओपीडी चलाई जाएगी। इनमे पैथोलॉजी की सुविधा और दवाएं भी उपलब्ध होंगी। यहां इलाज पूरी तरह मुफ्त मिलेगा। इसी तरह जिले के सभी राजकीय अस्पतालों में इस साल से डिजिटल हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम लागू कर दिया जाएगा। इसके लागू होने से हर एक मरीज की बीमारी और उसमें लिखी जाने वाली दवाई का विवरण डॉक्टर के ओपीडी कक्ष में एक पोर्टल पर अपलोड रहेगा जिससे बार-बार पर्चा बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डॉ आशु पांडे का कहना है कि इस तरीके से प्रत्येक नागरिक की एक आभा आईडी बनाई जाएगी अस्पताल में डिजिटल हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम के तहत दवा के लिए सरकारी अस्पतालों के फार्मेसी स्टोर पर कर अपना स्मार्टफोन ले जाना होगा किसी पेज को ले जाने की जरूरत नहीं होगी। पैथोलॉजी में भी मरीज की बीमारियों की जो जांच होगी उसका विवरण भी इस पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा ताकि मरीज किसी भी अस्पताल में जाएं वह संबंधित डॉक्टर द्वारा एक क्लिक करते हैं उसकी बीमारी और चल रहे इलाज का पूरा द्वारा उसके सामने आ जाए। शहर में 50 बेड वाला एक नया शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण भी किया जा रहा है। इस समय जिले में 117 सरकारी अस्पताल और 618 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर भी हैं। इन सरकारी अस्पतालों में 65 पीएचसी में ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था लागू की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### लकी का चयन प्रदेशीय विद्यालयीय फुटबाल टीम में



**प्रयागराज।** लुधियाना (पंजाब) में 6 जनवरी से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बालिका विद्यालयीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए शहर की लकी दीप का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर-19 टीम में किया गया है। विद्यालयीय बालिका फुटबॉल संयोजक एवं प्रयाग महिला विद्यापीठ इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. कविता सिंह के अनुसार मेरी वाना मेकर इंटर कॉलेज की छात्रा लकी दीप सदर बाजार मैदान पर अनिल सोनकर से प्रशिक्षण लेती हैं। लकी के चयन पर बृजेश श्रीवास्तव, डॉ. अनूप श्रीवास्तव, डॉ. रंजना सिंह, अंजना सिंह, मकबूल अहमद, धीरज सोनकर दिलीप कनौजिया, वीणा सिंह, गीता शाह, प्रेम भूटानी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शिक्षक हितों को लेकर संघर्ष रत रहे यज्ञ दत्त शर्मा



**प्रयागराज।** शिक्षक नेता पूर्व एम एल सी रहे डॉ यज्ञ दत्त शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सपा एम एल सी डॉ मान सिंह यादव ने उनके मीरापुर स्थित आवास पर पहुँच कर अंतिम दर्शन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डॉ मानसिंह यादव ने उनको याद करते हुए कहा कि जब जब प्रदेश में शिक्षकों के हितों को लेकर संघर्ष की नौबत आयी डॉ. शर्मा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शिक्षकों के साथ खडे नजर आए। सपा एम एल सी डॉ मानसिंह यादव के साथ सपा के जिला प्रवक्ता दान बहादुर मधुर भी मौजूद रहे।

### यज्ञदत्त शर्मा समर्पित नेता थेः किशोर वार्ष्णेय

**प्रयागराज।** यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने पूर्व एमएलसी डा. यज्ञदत्त शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत नेता के मीरापुर स्थित आवास पर पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। कहा कि वे स्नातक क्षेत्र ही नहीं बल्कि सभी के मदद के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते थे।

### पुलिस कर्मियों को माघ मेला में दिया गया कर्तव्यों के निर्वहन का प्रशिक्षण



**प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइंस माघ मेला के मानसरोवर सभागार में आज आयोजित पुलिस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जनपदों से आए अधिकारियों/कर्मचारियों को अपर पुलिस अधीक्षक माघ मेला राजेश सोनकर के द्वारा माघ मेला क्षेत्र मे ड्यूटी के दौरान श्रद्धालुओं के प्रति उनके कर्तव्यों के बारे में भी अवगत कराते हुए बताया गया कि शालीनता एवं श्रद्धा के साथ अपने कर्तव्य का पालन करना है। ड्यूटी के साथ दैनिक जीवन में भी मानव द्वारा किए गए कार्यों का परिणाम एवं प्रभाव मनुष्य के जीवन पर अवश्य पड़ता है। अतः सभी पुलिसकर्मी निष्ठा एवं सेवा की भावना से अपने कर्तव्यों का संपादन करें। इसी क्रम में प्रशिक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक माघ मेला दिनेश कुमार यादव के द्वारा पुलिस कर्मियों को तनाव प्रबंधन, आचरण एवं व्यवहार और पुलिस बल के कर्तव्यों के निर्वहन के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।

### 200 ग्राम प्रहरियों को दिया गया जैकेट, जर्सी, साफा, जूता आदि सामान

**आजमगढ़।** नवागत सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल द्वारा पुलिस लाइन्स आजमगढ़ में जनपद के सर्किल नगर व सगड़ी क्षेत्र के 08 थानों के कुल 200 ग्राम प्रहरियों को जैकेट, जर्सी, साफा, जूता व लेदर बेल्ट दिया गया है। जिससे ग्राम प्रहरियों रात्रि में दी जाने वाली ड्यूटी सुचारू रूप से कर सके तथा उपरोक्त दोनो सर्किल के थानों के आरक्षियों के लिए रिफ्लेक्टर जैकेट भी दिया गया।

# निर्माणाधीन मंदिर अयोध्या के दर्शनार्थ निकाली प्रभातफेरी

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** गुरुवार को करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल में श्री राम जन्मभूमि निर्माणाधीन मंदिर अयोध्या के दर्शनार्थ प्रभातफेरी निकालीगई। राम भक्तों को अवगत कराया गया कि श्री राम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन श्री राम मंदिर में आगामी पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2080, सोमवार, दिनांक 22 जनवरी 2024 के पावन दिवस पर प्रभु श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर के गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठित किया जाएगा। मंदिर का भव्य उद्घाटन देश के माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर सभी राम भक्तों से यह निवेदन किया गया कि वे इस पावन अवसर पर पूर्वाह्न 11रू00 बजे से अपराह्न 01 बजे के मध्य अपने आवास के समीपस्थ किसी भी मंदिर में राम भक्तों को एकत्रित कर भजन संकीर्तन करते हुए संपूर्ण वातावरण को राममय कर दें। विद्यालय के निदेशिका श्रीमती स्वाति अग्रवाल ने राम भक्तों को अक्षत देते हुए उन्हें किसी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव देखने तथा आरती आदि करने का आग्रह किया। प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल ने सभी राम भक्तों को राम के प्रति समर्पित होने तथा प्राण प्रतिष्ठा के दिन किसी भी मंदिर में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा आदि का सामूहिक पाठ करने का आवाह्न कियाप्रधानाचार्य श्रीमती मोनिका सारस्वत पाण्डेय ने लोगों से आग्रह किया।

# भरद्वाज आश्रम के आसपास के मकानों पर चला बुलडोजर

- दर्जनों मकान ढहाये, लगी रही भारी संख्या में फोर्स

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** बालसन चौराहे पर स्थित भरद्वाज मुनि आश्रम के विस्तारीकरण के लिए पार्क के आसपास के मकानों के ध्वस्तीकरण का कार्य शुक्रवार को शुरू हो गया। सर्वे में विस्तारीकरण की जद में कुल 37 मकान आ रहे थे। इन मकानों के स्वामियों को नोटिस जारी कर स्वयं से मकान ध्वस्त कर स्थान खाली करने का नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित अवधि में स्थान न खाली करने पर पीडीए ने ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू कर दिया। इससे हड़कंप मचा रहा। लोगों ने पीडीए पर मनमानी का आरोप लगाया। ऐहतियात के तौर पर बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रही।

ज्ञात हो कि भरद्वाज आश्रम के विस्तार के लिए सर्वे में कुल 37 मकान दायरे में आए थे। इनको नोटिस जारी किया गया था। शुक्रवार को पीडीए ने मकानों के ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू कर दिया। ध्वस्तीकरण में कई मकानों के नीचे मंदिर मिले। ऊपर मकान और नीचे मंदिर मिलने से लोग स्तब्ध रह गए। मकान टूटने पुरजोर विरोध भी किया गया। प्रभावित गृह स्वामियों का कहना है कि उनका मकान यहां पर 200 साल से है। पीडीए मनमानी कर रहा है।

भारद्वाज आश्रम परिसर के विस्तार के साथ ही अब वहां पर फ्लाइंग क्लब और विमानन अनुसंधान केंद्र की स्थापना भी होगी। विस्तार की जद में आने वाले 37 भवनों पर जल्द बुलडोजर चलेगा। पीडीए पहले ही इन भवनों को तोड़ने का आदेश जारी कर चुका है। जिसके बाद भवन स्वामी पीडीए का चक्कर लगा रहे थे, लेकिन उनको निराशा ही हाथ लगी।

कुंभ 2025 के पहले भारद्वाज मुनि आश्रम के विस्तार को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। विस्तार के क्षेत्र में आने वाले 37 भवन स्वामियों को पीडीए की तरफ से पिछले साल नवंबर में ही नोटिस जारी किया था। इसमें से कुछ भवन स्वामियों ने अपने दस्तावेज जमा किए थे। इसके बाद भवन स्वामियों पर ध्वस्तीकरण की तलवार लटकने लगी। लूकरगंज में प्रधानमंत्री आवास योजना का लोकार्पण करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में आश्रम के पास ही फ्लाइंग क्लब और विमानन अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जाने की घोषणा की थी।

# निर्माणाधीन मंदिर के दर्शनार्थ निकाली प्रभातफेरी

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** दिन शुक्रवार को करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल में राम जन्मभूमि निर्माणाधीन मंदिर अयोध्या के दर्शनार्थ प्रभातफेरी निकालीगई। प्रभातफेरी में कक्षा 11के छात्र व छात्राओं ने जयघोष करते हुए रामभक्तों को अक्षत पुष्प देते हुए श्री रामलला मंदिर में विग्रह की प्राण- प्रतिष्ठा के उपरांत प्रभु के दर्शन करने की अपील की। बच्चों की यह प्रभातफेरी करतालपुर ब्रह्मस्थान से होते हुए प्रह्लादनगर, आराजीबाग, हीरापट्टी, सुलेमपुर बिल्लियां की चुंगी तक रामभक्तों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी राम भक्तों से यह निवेदन किया गया कि विद्यालय के निदेशिका स्वाति अग्रवाल ने राम भक्तों को अक्षत देते हुए उन्हें किसी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव देखने तथा आरती आदि करने का आग्रह किया। प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल ने सभी राम भक्तों को राम के प्रति समर्पित होने तथा प्राण प्रतिष्ठा के दिन किसी भी मंदिर में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा आदि का सामूहिक पाठ करने का आवाह्न किया। प्रधानाचार्य मोनिका सारस्वत पाण्डेय ने लोगों से आग्रह किया कि रामलला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन सायं काल सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने दीपक जलाने एवं दीपमालिका सजाने तथा विश्व के करोड़ों घरों में दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया। प्रभात फेरी में विद्यालय के प्रबंधक गौरव अग्रवाल निदेशिका स्वाति अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य मोनिका सारस्वत पाण्डेय सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक गण उपस्थित थे।

# पागल सियार ने 6 लोगों को काट किया धायल

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा ओझौली में पागल सियार ने 6 लोगों को काटा। जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया सभी लोगों उपचार हेतू निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

आपको बताते चले की गुरुवार रात्रि लगभग 7रू00 एकाएक पागल सियार गांव में घुस गया और जो सामने जो भी पड़ा इस पर टूट पड़ा जिसमें तीन पुरुष एवं तीन महिलाओं को पागल सियार ने अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह घायल कर दिया। लोगों में मुख्य रूप से रिंकी निषाद, करीना निषाद, उम्र,16 रामवती निषाद,50वर्ष दुर्गेश निषाद 65वर्ष एवं वनवासी बस्ती के देवनाथ पटेरा बनवासी 50वर्ष तथा राजकुमार मटरू 20वर्ष बनवासी आदि लोगों को सहित 6लोगो को पागल सियार ने काटकर जख्मी कर दिया जिससे ग्रामीण में पुरी तरह भय का माहोल छा गया।सभी ग्रामीण भयभीत हो कर अपने अपने घरों के दरवाजे बंद करके घर के जानवरों की सुरक्षा में तैनात रहे पुरी रात ग्रामीणों में दहशत बनी रही।

# वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान, एनएसओ ने जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को अनुमानित आंकड़े उत्खनन, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के कुछ क्षेत्रों का अच्छा प्रदर्शन हैं।

**अर्थव्यवस्था**

**वर्तमान अनुमान के मुताबिक, अर्थव्यवस्था का आकार 2023-24 के दौरान 296.58 लाख करोड़ रुपये या 3.57 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान हैं।**




वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान हैं। अनुमान जताया है इसकी बढ़ोतरी का कारण खनन और उत्खनन, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के कुछ क्षेत्रों का अच्छा प्रदर्शन हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर जारी किए गए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान हैं, जो पिछले वर्ष 7.2 प्रतिशत थी। अनुमान के मुताबिक, इसकी बढ़ोतरी का कारण खनन और

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 2022-23 में 1.3 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 6.5 होने का अनुमान हैं। वहीं, खनन क्षेत्र की वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 8.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2022-23 में 4.1 प्रतिशत थी।

**कई क्षेत्रों में दिखेगी वित्त वर्ष 2024 में तेजी**

एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक वित्तीय सेवाओं, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में वित्त वर्ष 2023 में 7.1 प्रतिशत की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान हैं। एनएसओ बयान में कहा गया है कि वर्ष 2023-24 में 171.79 लाख करोड़ रुपये का स्तर प्राप्त करने का अनुमान हैं, जबकि वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का अनंतिम अनुमान 160.06 लाख करोड़ रुपये हैं। वहीं 2023-24 के दौरान वास्तविक जीडीपी में वृद्धि 2022-23 में 7.2 फीसदी की तुलना में 7.3 फीसदी रहने का अनुमान है।

वर्तमान अनुमान के मुताबिक, अर्थव्यवस्था का आकार 2023-24 के दौरान 296.58 लाख करोड़ रुपये या 3.57 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान हैं। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण खंड से संबंधित सेवाओं की वृद्धि दर 2022-23 में 14 प्रतिशत से कम होकर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। निर्माण क्षेत्र चालू वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 10 फीसदी से बढ़कर 10.7 फीसदी की दर से बढ़ने की संभावना है। सार्वजनिक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं की वृद्धि वित्त वर्ष 2013 में 7.2 प्रतिशत के मुकाबले इस वित्तीय वर्ष में 7.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान हैं।

## वीवो ने बेहतरीन फ्लैगशिप एक्स100 सीरीज लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** अपनी एक्स सीरीज़ की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, वीवो ने आज फ्लैगशिप वीवो एक्स100 सीरीज़ लॉन्च की, जिसमें वीवो एक्स100 प्रो और एक्स100 शामिल हैं। नई वीवो एक्स100 सीरीज ZEISS के साथ पार्टनरशिप में महत्वपूर्ण एडवांसमेंट लाती है, उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से लैस करती है जो मोबाइल फोटोग्राफी एक्सपीरियंस को अगले लेवल तक बढ़ा देती है। वीवो एक्स100 सीरीज वीवो ZEISS को-इंजीनियर्ड इमेजिंग सिस्टम में प्रमुख एडवांसमेंट भी लाती है, इसमें एडवांस कैमरा सेंसर द्वारा समर्थित टेलीफोटो शूटिंग की सुविधा है जो 100 गुना तक की असाधारण जूमिंग क्षमता प्रदान करता है। दोनों स्मार्टफोन एक क्रांतिकारी टेलीफोटो सनशॉट फीचर के साथ आते हैं जो सूर्यास्त और सूर्योदय के दौरान सूर्य की मनमोहक तस्वीरें खींचना आसान बनाता है। एक्सपीरियंस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण



है। एडवांस कैमरा सिस्टम और फीचर्स द्वारा संचालित इमेजिंग कैपेबिलिटीज का अगला लेवल, इस बात को रिडिफाइन करता है कि यूजर फ्लैगशिप स्मार्टफोन से क्या उम्मीद कर सकते हैं। वीवो एक्स100 सीरीज फ्लैगशिप मीडियाटेक डाइमेंशन 9300 पेश करती है, जबकि एक्स100 प्रो मॉडल सबसे एडवांस्ड वीवो वी3 चिप लाता है, जो पूरे इमेजिंग एक्सपीरियंस को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है। मीडियाटेक इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अंकु जैन ने कहा, ÷डाइमेंसिटी 9300 मीडियाटेक की अब तक की सबसे पावरफुल फ्लैगशिप चिप है, जिसे हमारे अभूतपूर्व ऑल बिग कोर डिज़ाइन के साथ फ्लैगशिप स्मार्टफ़ोन में रॉ कंप्यूटिंग पॉवर में वृद्धि लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक्स100 सीरीज इमेजिंग, परफॉर्मेंस और ऑपरेटिंग सिस्टम में शानदार एडवांसमेंट प्रदान करती है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, वीवो इंडिया के प्रोडक्ट मैनेजमेंट हेड, विकास टैगरा ने कहा, हम एक्स100 सीरीज पेश करते हुए रोमांचित हैं।

वीवो ने एक्स100 सीरीज के लिए फ्लैगशिप एसओसी एक्सपीरियंस को परिभाषित करने के लिए मीडियाटेक के साथ मिलकर काम किया। दोनों स्मार्टफोन डुअल फ्लैगशिप चिप के साथ आते हैं, जिसमें बेहतर परफॉर्मेंस और बढ़ी हुई बैटरी लाइफ के लिए लेटेस्ट फ्लैगशिप डाइमेंशन 9300 के साथ-साथ एक्स100 प्रो में प्रो इमेजिंग चिप वी3 और एक्स100 में वी2 शामिल है।

एक्स100 सीरीज में नए 16+512 जीबी वेरिएंट भी पेश किए गए हैं, जो विभिन्न आवश्यकताओं वाले कस्टमर के लिए पर्याप्त स्टोरेज सुनिश्चित करते हैं।

## आईआईआईएसएलए ने 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया

**लखनऊ।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंश्योरेंस सर्वेयर्स एंड लॉस एसेसर्स, आरडीआई द्वारा प्रचारित, गवर्मेंट ऑफ इंडिया ने हाल ही में 5, 6 और 7 जनवरी, 2024 को देश भर में बीमा सर्वेक्षणकर्ताओं के प्रशिक्षण को प्राथमिकता देने के लिए समर्पित, इस आईआईआईएसएलए द्वारा किए गए हालिया प्रयासों को प्रदर्शित करने में खुशी हो रही है। बीमा दावा रिपोर्टिंग, मूल्यांकन और प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव के एक महत्वपूर्ण बिंदु को चिह्नित करते हुए, हमारे और हमारे सम्मानित भागीदारों द्वारा किए गए



कार्यक्रम को भारत के बीमा क्षेत्र में अभूतपूर्व पहलों की एक श्रृंखला की शुरुआत के रूप में चिह्नित किया गया। पूरे भारत से सम्मानित मेहमानों की प्रस्तुति में टाटा, हुंडई और ओरिएंटल और अन्य जैसे ब्रांडों के आरजीएम व कई डीलर शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, आईआईआईएसएलए के सचिव निर्मल त्रिपाठी ने कहा इस आयोजन के साथ हमें बीमा दावों के राष्ट्रीय परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए चमत्कारों को देखने के लिए उद्योग में प्रसिद्ध खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए हम रोमांचित हैं। इस यूसीआई लॉन्च से प्रसन्न, अशोक कुमार, निदेशक, आईटी, आईआईआईएसएलए मुझे हमारे प्रमुख यूसीआई प्लेटफॉर्म की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जो दावों की दक्षता में सुधार करेगा, आईसीआर को कम करेगा और बीमित, बीमाकर्ता और पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य सभी हितधारकों की मदद करेगा यह लॉन्च हमारे दृष्टिकोण और आईआरडीएआई और वित्त मंत्रालय के साथ 18 वर्षों तक चली लंबी चर्चा का परिणाम है और मुझे आज यहां हमारे सभी सदस्यों के साथ इसकी घोषणा और परिचय देते हुए बहुत खुशी हो रही है। सभी हितधारकों को विश्वास में लेते हुए, मैं अपने परिषद के सदस्यों और रैंप की टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने हमारे दृष्टिकोण को वास्तविकता में तब्दील किया है। यह परियोजना दावा प्रक्रियाओं को पूरी तरह से बदलने की क्षमता रखती है। हम आने वाले समय में अपने देश की सीमाओं से परे व्यवधान और अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस विशेष अवसर से उत्साहित,अमित कुमार, रैंप ग्लोबल के संस्थापक और सीईओ टिप्पणी की रैंप में, हम हमेशा एक ऐसी दुनिया बनाने के आईआईआईएसएलए के मिशन के प्रति समर्पित रहे हैं जहां प्रौद्योगिकी पारदर्शिता, दक्षता और ग्राहक-केंद्रितता के लिए पथप्रदर्शक बन जाती है, जिससे बीमाकर्ता न केवल पॉलिसीधारकों के साथ बातचीत कर सकते हैं बल्कि गहराई से जुड़ सकते हैं।

## लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद हुआ बाजार



**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान पर क्लोजिंग हुई। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर शुरू हुए पर बिकवाली कारण बाजार पर दबाव बढ़ा और कुछ समय के लिए यह लाल निशान पर आ गया। हालांकि, आखिरकार शेयर बाजार में खरीदारी लौटी और बेंचमार्क इंडेक्स हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे।शुक्रवार के कारोबारी सेशन के बाद सेंसेक्स 178.58 (0.24%) अंकों की बढ़त के साथ 72,026.15 अंकों के लेवल पर जबकि निफ्टी 52.21 (0.24%) अंकों की मजबूती के साथ 21,710.80 के स्तर पर बंद हुआ।

अगले सप्ताह से शुरू होने वाले तिमाही नतीजों से पहले एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से घरेलू शेयर सूचकांक शुक्रवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में टीसीएस, एलएंडटी, इन्फोसिस, एचसीएल टेक और हिंदुस्तान यूनिलीवर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि नेस्ले, जेएसडब्ल्यू स्टील, कोटक बैंक, सन फार्मा और एशियन पेंट्स गिरावट के साथ बंद हुए।द्ब सुजलॉन एनर्जी के शेयर 5% ऊपरी सर्किट में बंद हुए क्योंकि कंपनी को एवरन्यू एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड से 225 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना के विकास के लिए एक नया ऑर्डर मिला।

## भारतीय गुणवत्ता परिषद् द्वारा 7 जनवरी को वाराणसी में सरपंच संवाद होगा आयोजित

**वाराणसी।** भारतीय गुणवत्ता परिषद् अपनी राष्ट्रव्यापी पहल सरपंच संवाद के तहत वाराणसी में विकसित भारतञ्च2047 के लिए गुणवत्तापूर्ण गांवों का निर्माण विषय पर एक खास कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा जा है। इस कार्यक्रम में वाराणसी और इसके पड़ोसी जिलों के 400 से ज्यादा ग्राम प्रधान हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम 7 जनवरी, 2024 को रुद्राक्ष इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन और कन्वेंशन सेंटर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाला है। सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और ऐतिहासिक शहर वाराणसी में होने वाला यह आयोजन जमीनी स्तर पर विकास करने के लिए गांवों के प्रधानों को सहयोगात्मक प्रयास के लिए सशक्त बनाने और प्रदेश के अलग-अलग कोनों में मौजूद प्रधानों को जोड़ने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। गौरतलब है कि वाराणसी वही जगह है जहां पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश से उनके नौ संकल्पों को अपनाने का अनुरोध किया था। यह कार्यक्रम एक क्वालिटी विलेज फ्रेमवर्क को बनाने और इसे लागू करने के उद्देश्य के साथ इन मार्गदर्शक सिद्धांतों पर अपनी नींव रखेगा। आत्मनिर्भरता, स्थिरता, सामुदायिक जुड़ाव, डिजिटल सशक्तिकरण और स्वास्थ्य एवं कल्याण पर जोर देते हुए ग्रामीण भारत में जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ये कदम जरूरी हैं। आयोजन के दौरान प्रधानों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा इन क्षेत्रों में कई सफलता की कहानियों और सबसे अच्छे उपायों तथा प्रथाओं पर भी चर्चा होगी। जन प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में काम करने वाले प्रतिष्ठित स्टेकहोल्डर्स भी कार्यक्रम में हिस्सा लेकर उसकी शोभा बढ़ाएंगे। भारतीय गुणवत्ता परिषद् स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे, जल और स्वच्छता, आजीविका, ऊर्जा आदि जैसे सेक्टर में उत्पादों, प्रक्रियाओं और सेवाओं में गुणवत्ता को बढ़ाने पर लगातार काम कर रहा है।

गुणवत्ता मिशन को जमीनी स्तर पर लाने के लिए QCI ने सरपंच संवाद पहल की शुरूआत की है। गांवों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना और भारतीय गांवों को गुणवत्तापूर्ण गांवों (क्वालिटी विलेज) में बदलना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। इस पहल के तहत असम के माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया की उपस्थिति में 12 सितंबर, 2023 को गुवाहटी के राजभवन में सरपंच संवाद मोबाइल ऐप लॉन्च किया। इस मोबाइल ऐप को लांच करने का उद्देश्य है कि गाँवों के प्रधानों को इस शक्तिशाली प्लेटफार्म को उपयोग करके अपनी कहानियों को साझा करने का साधन मिल सके।

## 21वी सेंचुरी एजुकेटर इंगेजमेंट प्रोग्राम के साथ बर्लिंगटन इंग्लिश लखनऊ के शिक्षकों को बना रहा सशक्त

### बर्लिंगटन इंग्लिश वर्ष भर में देश भर में 50,000 शिक्षकों को करेगा प्रशिक्षित

कंस्ट्रक्टिव इंग्लिश स्किल एन्हांसमेंट के लिए एनसीएफ और एनईपी 2020 की सिफारिशों से मेल खाता है प्रोग्राम

**लखनऊ।** लखनऊ में बर्लिंगटन इंग्लिश द्वारा आयोजित 21वी सेंचुरी एजुकेटर इंगेजमेंट प्रोग्राम शिक्षकों और स्कूल प्रिंसिपलों को नेतृत्व कौशल से सशक्त बनाने और अंग्रेजी भाषा शिक्षण-सीखने के स्तर को नेशनल करिक्युलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ) और नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) 2020 की सिफारिशों के हिसाब से बेहतर करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। 15-शहरों में होने वाला यह कार्यक्रम शिक्षकों के कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए बनाया गया है और इसका लक्ष्य एक वर्ष में पूरे देश में 50,000 शिक्षकों को प्रशिक्षित करना है।



इस कार्यक्रम का एक दिवसीय चरण लखनऊ के ताजमहल होटल में आयोजित किया गया था, जिसमें वैश्विक शिक्षा के रुझान, भाषा विकास अंतर्दृष्टि और 21 वीं सदी के कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कवर किया गया। बर्लिंगटन इंग्लिश की मास्टर ट्रेनर सुश्री सपना सुकुल ने शिक्षकों के लिए एक इनसाइटफुल सेशन आयोजित किया, जो उनके सीखने के लिए बेहतरीन टूल्स और टेकनिक प्रदान करता है।

प्रेग्राम के बारे में बर्लिंगटन इंग्लिश के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित बवेजा ने कहा, 21वी सेंचुरी एजुकेटर इंगेजमेंट प्रोग्राम बर्लिंगटन इंग्लिश की शैक्षिक उत्कृष्टता विकसित करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। चूंकि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर चल रहा है, हमारा समर्पण बिलकुल दृढ़ है, इसका लक्ष्य 50,000 से अधिक शिक्षकों को सशक्त बनाना और शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले विकास में योगदान देना है। शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, हमारा मानना है कि शिक्षकों के व्यावसायिक विकास में निवेश करना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए जरुरी है जिससे यह तय हो सके कि छात्र 21वीं सदी में आने वाली अद्वितीय चुनौतियों और अवसरों के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।

सपना सुकुल ने कहा, राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दों पर शिक्षकों को जागरूक रखने के लिए बर्लिंगटन इंग्लिश के साथ मिलकर, भविष्य की ओर उन्मुख कार्यक्रम तैयार करना अब एक आवश्यकता बन चुका है। 21वी सेंचुरी एजुकेटर इंगेजमेंट प्रोग्राम% कार्यक्रम में प्रमुख प्रशिक्षक के रूप में नेतृत्व करना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही है। शिक्षकों के बीच इन सत्रों के निरंतर उत्साह और प्रासंगिकता शैक्षिक यात्रा में प्रभावी और सार्थक परिवर्तन को उत्प्रेरित करने के लिए ऐसे प्रयासों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

## प्राइम वीडियो ने लुलु मॉल लखनऊ में अमेज़ॅन डिलीवर्स एक्शन का अनावरण किया




**लखनऊ।** प्राइम वीडियो ने हाल ही में एक आउट-ऑफ़-द-बॉक्स अभियान, अमेज़ॅन डिलीवर एक्शन के साथ रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित, अपनी बहुप्रतीक्षित सीरीज़ इंडियन पुलिस फोर्स, को लेकर उत्साह को बढ़ा दिया है। इस प्रयास के हिस्से के रूप में, प्राइम वीडियो ने रणनीतिक रूप से लखनऊ के केंद्र में स्थित, स्थानीय लोगों के बीच एक प्रसिद्ध स्थान, हलचल वाले लुलु मॉल में 18 फीट का मिस्ट्री बॉक्स स्थापित किया। इस गतिविधि से लुलु मॉल के लोगों में उत्साह फैल गया क्योंकि हर किसी की नज़र इस विशाल बॉक्स पर टिकी हुई थी। इस विशाल संरचना ने एक रहस्यमय टीज़र के रूप में काम किया, जिससे राहगीरों के बीच आश्चर्य की प्रत्याशा पैदा हुई। यह सीरीज़ इंडियन पुलिस फोर्स की वीरता को दिल से सलामी देने के साथ-साथ हाई-ऑक्टेन एक्शन का भी वादा करती है। और यह गतिविधि साहस, समर्पण, और न्याय की निरंतर प्रतिष्ठा का जश्न बनाती है, जिससे लखनऊ हमारे नायकों को समर्पित इस सिनेमाटिक अभिवन्दन के लिए एक एकदम सही चित्रशाला बना। इंडियन पुलिस फोर्स में रोहित शेट्टी का एक डिजिटल निर्देशन डेब्यू है, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा ने एक पुलिस वाले के रूप में मुख्य भूमिका निभाई है। रोहित शेट्टी और सुशांत प्रकाश द्वारा निर्देशित इस सीरीज की प्रतिभाशाली स्टार कास्ट में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, विवेक ओबेरॉय, श्वेता तिवारी, निकितिन धीर, ऋतुराज सिंह, मुकेश ऋषि, और ललित परिमू भी महत्त्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## संपत्ति के मामले में मुकेश अंबानी से आगे निकले गौतम अदाणी

**नई दिल्ली।** ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार अदाणी ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरपर्सन गौतम अदाणी एक बार फिर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पछाड़कर भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। अदाणी विश्व रैंकिंग में शीर्ष 12 में शामिल हो गए हैं, वहीं अंबानी 13वें स्थान के साथ सिर्फ एक पायदान नीचे हैं।

अदाणी समूह के मुखिया नेट वर्थ में हालिया वृद्धि के साथ एशिया के भी सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। पिछले साल की तुलना में अदाणी और अंबानी दोनों की रैंकिंग में सुधार हुआ है। पिछले 24 घंटे के दौरान गौतम अदाणी की संपत्ति में 7.6 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। वहीं मुकेश अंबानी की संपत्ति 97 अरब डॉलर है। पिछले 24 घंटे के दौरान इनकी नेटवर्थ में 665 मिलियन डॉलर बढ़ी है।

3 जनवरी 2024 को अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद गौतम अदाणी की कंपनियों के शेयरों के भाव तेजी से मजबुत हुए है इससे उनकी नेट वर्थ में इजाफा हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में सेबी की ओर से हो रही जांच को संतोषप्रद बताते हुए कुल 24 में से बचे 2 और मामले की जांच के लिए मार्केट रेग्यूलेटर सेबी को 3 महीने का अतिरिक्त समय दिया है।

## जी बिजनेस का नया संशोधित समाचार ऐप पेश

**नई दिल्ली।** एक स्वागत योग्य आश्रय स्थल में कदम रखें जहां वित्तीय समाचार एक मैत्रीपूर्ण बातचीत में बदल जाता है, और बाजार विश्लेषण सहज रूप से सहज होता है। वित्तीय समाचार और बाजार विश्लेषण को फिर से परिभाषित करने के साहसिक कदम के साथ, जी बिजनेस का नया संशोधित समाचार ऐप यहां है! जी बिजनेस ऐप एक सोच-समझकर तैयार किया गया समाचार बुफे प्रस्तुत करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि नागरिकों को चलते-फिरते बाजार और व्यावसायिक अंतर्दृष्टि प्राप्त हो। यह दृष्टिकोण नागरिकों को उनकी अनूठी निवेश शैलियों के अनुरूप सुविज्ञ निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। बढ़ी हुई वीडियो दृश्यता पर ध्यान देने के साथ, उपयोगकर्ता अब अपने पसंदीदा शो का आनंद ले सकते हैं, जो वित्तीय समाचारों में वीडियो सामग्री की बढ़ती प्राथमिकता के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

अक्षांश यादव, मुख्य उत्पाद और प्रौद्योगिकी अधिकारी, इंडियाडॉटकॉम डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड ने यह भी कहा कि जैसे-जैसे तकनीक विकसित होती है, हमारा उपयोगकर्ता अनुभव को अद्वितीय बनाए रखने का संकल्प दृढ़ रहता है। स्लीक लेआउट से लेकर सुधारित वीडियो दृश्यता तक, प्रत्येक विशेषता हमारे उपयोगकर्ताओं को वित्तीय समाचार के गतिशील परिदृश्य को नेविगेट करने के लिए एक कटिंग-एज उपकरण प्रदान करने का परिचायक है, जिससे अनुसंधान न केवल पहुंचने योग्य हो, बल्कि वास्तविक रूप से अद्वितीय हो। जी बिजनेस ऐप हमारे समर्पण का प्रमाण है, निरंतर तकनीकी नवाचार को एक उपयोगकर्ता-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ मिश्रित करने के साथ।

जी बिजनेस के मुख्य व्यवसाय अधिकारी मधु सोमन ने कहा वित्तीय परिदृश्य गतिशील है, और हम एक विश्वसनीय मार्गदर्शक की आवश्यकता को समझते हैं। हमारा जोर हमेशा डेटा से अधिक की पेशकश पर रहा हैय यह कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी प्रदान करने के बारे में है। का पुनरू लॉन्च जी बिजनेस ऐप उन सभी वित्तीय समाचारों के बारे में है जिनका उपयोग आप अपनी उंगलियों पर कर सकते हैं।

जी बिजनेस ऐप का आकर्षक डिजाइन सूचनाओं की अधिकता से मुक्ति का भी प्रतीक है, जो एक ऐसी जगह बनाता है जहां बाजार विश्लेषण एक दोस्ताना बातचीत की तरह लगता है। अनुकूलित प्रदर्शन और सहज सामाजिक साझाकरण सुविधाएं नए संशोधित ऐप में सबसे आगे हैं, जो बाजार विश्लेषण में खुद को डुबोने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए एक सहज और अंतराल-मुक्त अनुभव सुनिश्चित करते हैं। यह उपयोगकर्ताओं को बाजार परिदृश्य की जटिलताओं को पार करते हुए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया, सहज और सहज अनुभव प्रदान करता है।

## एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड का रिटेल पोर्टफोलियो 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में 91 फीसदी रहने का अनुमान

L&T Finance

**नई दिल्ली।** स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार लीडिंग नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (एनबीएफसी) एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड (स्ञ्जस्न॥) का रिटेलाइजेशन (खुदराकरण) पोर्टफोलियो 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए 91 फीसदी रहने का अनुमान है। जबकि 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही (पिछले साल की समान तिमाही) में यह 64 फीसदी था। कंपनी 80त्न से अधिक रिटेलाइजेशन के लक्ष्य 2026 के लक्ष्य से काफी आगे है।31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के अंत में रिटेल लोन बुक 74,750 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जो साल-दर-साल आधार पर लगभग 31 फीसदी की ग्रोथ है।31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए रिटेल डिस्बर्समेंट 14500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जो साल-दर-साल आधार पर लगभग 25 फीसदी की ग्रोथ है।31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अलग अलग बिजनेस में रिटेल डिस्बर्समेंट की डिटेल नीचे दी गई है-

31 दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही के लिए फार्मर फाइनेंस डिस्बर्समेंट (किसान वित्त संवितरण) 2025 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की समान तिमाही में 2057 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था।31 दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही के लिए रूरल बिजनेस फाइनेंस डिस्बर्समेंट (ग्रामीण व्यवसाय वित्त संवितरण) 5474 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 4281 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था।अर्बन फाइनेंस डिस्बर्समेंट (शहरी वित्त संवितरण) 31 दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही के लिए 5385 करोड़ रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की समान तिमाही में 4572 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था।

## जेके अर्बनस्केप डेवलपर्स लिमिटेड और सिंगर इंडिया 1150 महिलाओं को कौशल प्रदान करेंगे

**नई दिल्ली।** मल्टी-बिज़नेस, मल्टी-प्रोडक्ट व मल्टी-लोकेशन ऑपरेशन्स के साथ 125 वर्षों से अधिक की विरासत वाले मल्टीनेशनल ग्रुप की सहायक कंपनी- जेके अर्बनस्केप डेवलपर्स लिमिटेड ने सिंगर इंडिया लिमिटेड के साथ साझेदारी की है, जो सिलाई मशीनों और होम एप्लायंसेज़ की एक अग्रणी निर्माता है। इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में उन्होंने साथ में %उन्नत भारत ग्राम अभियान- मिशन शक्ति% नामक सात दिवसीय सिलाई वर्कशॉप की शुरुआत की है।



इस सात दिवसीय वर्कशॉप की शुरुआत 3 जनवरी, 2024 को महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज में की गई। इस दौरान विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर के एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर उपस्थित रहे, जबकि योगीराज बाबा गंभीरनाथ सेवाश्रम में आयोजित दूसरी वर्कशॉप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री अवनीश अवस्थी जी की गरिमामयी उपस्थिति ने इस अवसर को और भी अधिक महत्वपूर्ण बना दिया। उक्त वर्कशॉप समस्त प्रतिभागियों के लिए सीखने के व्यापक और समृद्ध अनुभव सुनिश्चित करते हुए सिंगर स्किल सेंटर के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा विशेषज्ञता और प्रशिक्षण के मिश्रण का वादा करती है।

यह पहल गोरखपुर के चार प्रमुख कॉलेजों में लागू की जाएगी, जिसमें प्रत्येक स्थान पर तीन बैचों को शामिल किया जाएगा। कुल मिलाकर उम्मीद है कि 12 बैचों में 1150 से अधिक महिलाओं को शिल्पकला और सिलाई की कला में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त वर्कशॉप के बाद सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाली महिलाओं को जेके अर्बनस्केप डेवलपर्स की ओर से मुफ्त सिंगर सिलाई मशीनें दी जाएँगी। जेके अर्बनस्केप डेवलपर्स विगत कुछ वर्षों से निरंतर रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहा है। ऐसे में, %उन्नत भारत ग्राम अभियान और मिशन शक्ति% के माध्यम से जेके अर्बनस्केप डेवलपर्स का प्रयास सिंगर इंडिया के साथ मिलकर संबंधित महिलाओं को उचित प्रशिक्षण प्रदान करना है।

इस महीने के अंत में प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथजी के करकमलों द्वारा 1150 से अधिक महिलाओं को सिंगर सिलाई मशीनें वितरित की जाएँगी। प्रशिक्षण में शामिल 1150 महिलाएँ प्रशिक्षण सत्र के अंत में एक परीक्षा का हिस्सा बनेंगी। इनमें से शीर्ष 3 विजेताओं को सिंगर होम एप्लायंसेस से पुरस्कृत किया जाएगा। अतिरिक्त प्रोत्साहन के रूप में, सभी 1150 महिलाओं को 1000 रुपए के वाउचर्स दिए जाएँगे, जिससे उन्हें सिंगर इंडिया की लाइव वर्चुअल क्लासेस में दाखिला लेने की अनुमति मिलेगी। ये क्लासेस उनके सीखने के कौशल में और भी अधिक वृद्धि करने का माध्यम बनेंगी, जिससे उन्हें अपने प्रशिक्षण को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, श्री अभिषेक सिंघानिया, डायरेक्टर, जेके अर्बनस्केप डेवलपर्स, ने कहा, हम व्यक्तियों को उज्जवल भविष्य स्थापित करने के लिए उनमें कौशल विकसित करके समुदायों को सशक्त बनाने में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। सिंगर इंडिया के साथ यह साझेदारी उन समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिनकी प्रगति और सशक्तिकरण के लिए हम बड़े पैमाने पर योगदान करते हैं।

# धीमी प्रगति व खराब गुणवत्ता पर यूपीसीएलडीएफ के प्रोजेक्ट मैनेजर के विरुद्ध डीएम ने शासन को लिखा पत्र

**निर्माणाधीन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण**

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय लक्ष्मीपुर, पडरौना के निर्माणाधीन ट्रांजिट छात्रावास के कार्यो का जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया गया। साथ में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी भी उपस्थित रही।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था यू.पी.सी. एल.डी.एफ. के अभियंता व जिला समाज कल्याण अधिकारी से स्वीकृत बजट के सापेक्ष व्यय की गई धनराशि, निर्माण कार्य के पूर्ण होने की अवधि की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्ट्या पाया गया की निर्माण कार्य की प्रगति बहुत धीमी है तथा निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने सामग्रियों की गुणवत्ता बहुत खराब है। जिसपर जिलाधिकारी द्वारा रोष प्रकट करते हुए कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ के प्रोजेक्ट मैनेजर के विरुद्ध शासन को पत्र संदर्भित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा की कार्यदाई संस्था के द्वारा कराया गया कार्य उत्कृष्ट नही है यह अत्यंत ही निंदनीय अतः भविष्य में इसे किसी भी प्रकार का प्रोजेक्ट न दिया जाए। निरीक्षण के दौरान प्रयुक्त हो रहे ईटों की गुणवत्ता उच्च श्रेणी की नहीं होने के कारण इसे तत्काल बदलने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य में हो रही देरी व धीमी प्रगति पर कार्यदायी संस्था के अभियंता को इसे गुणवत्तापूर्ण तथा मानक के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा अभी तक कराए गए ट्रांजिट छात्रावास के संपूर्ण निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की जांच कर अधि0अभि0 लो0नि0वि0 को रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिए गए। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा छात्रावास के समीप स्थित पूर्ण हुए प्रधानाचार्य आवास तथा टाइप एक के आवासों का निरीक्षण किया गया। जिसमे प्रथम दृष्ट्या खिड़किया, शीशे, दरवाजे टूटे हुए मिले तथा परिसर एवं भवन में इर्द गिर्द गन्दगी व्याप्त मिली, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी प्रकट की गई तथा संपूर्ण परिसर की पैमाईश कराने व परिसर तथा आवास में व्याप्त गंदगी की शीघ्र साफ सफाई कराने हेतु उपस्थित ग्राम प्रधान, प्रधानाचार्य व संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसी क्रम जिलाधिकारी द्वारा समाज कल्याण विकास निगम के द्वारा 2017 में निर्माण कराई गई पुरानी राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्रावास, कैंटीन, स्टोर रूम, कक्षाएं तथा सम्पूर्ण भवन का बारी बारी से निरीक्षण करते हुए हॉस्टल में उपस्थित हाई स्कूल के छात्रों से संवाद कर आसान सवालों के माध्यम पढ़ाई की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्ट्या 2017 में बनकर तैयार हुए भवन की स्थिति बहुत ही जर्जर मिली, जिसमे जगह जगह प्लास्टर उखड़े मिले तथा छात्रों के कमरे के शीशे व खिड़किया भी टूटी मिली, परिसर में कई जगह गन्दगी व्याप्त मिली तथा पढ़ाई की गुणवत्ता भी उत्कृष्ट नही मिली, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा समाज कल्याण विकास निगम के द्वारा निर्माण कराए गए विद्यालय की अत्यंत खराब गुणवत्ता पर कार्यदाई संस्था के विरुद्ध शासन में पत्र संदर्भित करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा छात्रों से आसान सवाल पूछने और उनके द्वारा उत्तर न देने के कारण, पढ़ाई की गुणवत्ता के दृष्टिगत प्रधानाचार्य पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई तथा परिसर में व्याप्त गंदगी, भवन के अनुरक्षण हेतु प्राप्त धनराशि का पेंट, मरम्मत आदि कार्यों में उचित उपयोग नहीं करने व उचित रख रखाव नहीं करने, पढ़ाई की गुणवत्ता असंतोषप्रद मिलने के कारण जि0 समाज कल्याण अधि0 एवं रा0आ0वि0 प्रधानाचार्य के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा की जिस भी संस्था के द्वारा निर्माण कार्य कराकर सुपुर्द किया गया है, उसकी जांच कराकर संपूर्ण आख्या मेरे समक्ष अधि0 अभि0 लो0नि0वि0 प्रस्तुत करे।

## तीसरे दिन भी हुई रिमझिम बारिश

**अमेठी।** जिले में पिछले तीन दिन से मौसम का मिजाज बिगड़ गया है। शुक्रवार को दोपहर रिमझिम बारिश शुरू हुई जो रुक रुककर शाम तक जारी रही। राहगीर भीगकर आवागमन को मजबूर हुए। बारिश के कारण सर्दी चरम पर पहुंच गई है। भीषण सर्दी के कारण लोग कांपते हुए नजर आए। बुधवार को भोर से ही रिमझिम बारिश शुरू हो गई जो दिन में कई चक्र तक जारी रही। रिमझिम बारिश होने के कारण गलन बढ़ गई है लोग सर्दी से ठिठुरन का एहसास कर रहे हैं। बारिश के कारण जहां गेहूं की अगेती खेती करने वाले किसानों को लाभ हुआ है वही चना मटर और सरसों की खेती करने वाले किसान भी इसे फसलों के लिए लाभदायक बता रहे हैं। पिछेती खेती करने वाले किसानों को इस बारिश से नुकसान हुआ है। आमतौर पर बारिश ने कड़ाके की सर्दी में इजाफा किया है। ग्रामीण अंचल में सार्वजनिक स्थलों पर अभी तक अलाव नहीं जले हैं सर्दी भगाने के लिए लोग घास फूस जलाकर इंतजाम करते दिखाई पड़ रहे हैं। स्कूल कॉलेज आने जाने वाले बच्चे ठिठुरकर आवागमन करते दिखाई दे रहे थे। शाम ढलने के बाद ही लोग घरों में दुबक गए।

## योग गुरु परमहंस योगानन्द का जन्मदिन मना



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** योग गुरु परमहंस योगानन्द जी महाराज का 131वां जन्मदिन कोतवाली थाने के बगल में उनके जन्मस्थान पर मनाया गया। योगानन्द जी का असली नाम मुकुंद घोष था, 5 जनवरी 1893 को योगनन्द जी का जन्म गोरखपुर में कोतवाली थाने के बगल में स्थित एक मकान में हुआ था। उनके द्वारा योग पर लिखी पुस्तक ने बिक्री का वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है। अमेरिका में उनके लाखो अनुयायी है। शुक्रवार को उनके जन्म स्थान पर केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया। योगानन्द जी की जन्मस्थली के मालिक अलाउद्दीन नवाब उर्फ शेखू नवाब ने बताया कि उनके पिता स्व. शेख अब्दुर्रहीम उर्फ अच्छन बाबू नवाब साहब ने 50 वर्ष पहले जन्मदिन मनाने की परंपरा शुरू किया था। विगत वर्ष उनके देहांत के बाद उस परम्परा को जारी रखते हुए योगानन्द जी का जन्मदिन मनाया गया।

## छात्राओं को बताया गया खुदरा व्यापार का महत्व



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सोनारी कलां में रिटेल मैनेजमेंट और ब्यूटी वेलनेश का शुक्रवार को विशेष व्याख्यान हुआ। माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत केन्द्र पुरोनिधानित व्यवसायिक शिक्षा योजना अन्तर्गत नवीं कक्षा में बाहर से आये शिक्षको द्वारा दो विशेष व्याख्यान कराया गया। जिसमें खुदरा व्यापार का व्याख्यान करते हुए डॉक्टर आशीष तिवारी ने छात्राओं को महत्व और जीवन में इसकी उपयोगिता को समझाया। वहीं दूसरे व्याख्यान में ब्यूटी वेलनेश की सरिता तिवारी ने बच्चों को मेकअप करने और किन संसाधनों का प्रयोग किया जाता है इसकी विशेष जानकारी दी।जिसे आईसेक्ट ग्रुप द्वारा प्रायोजित कराया गया। रिटेल की व्यवसायिक शिक्षिका भानुमती और ब्यूटी बेलनेश की शिक्षिका प्रगति मिश्रा ने भी बच्चों को डा तिवारी और सरिता से पढाये गये कोर्स से प्रश्न पूंछने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य श्याम सुंदर तिवारी ने दोनो व्याख्यान की सराहना करते हुये कहा कि इससे बच्चों का भविष्य सुरक्षित और उज्जवल होगा।आइसेक्ट समन्वयक सुरेंद्र यादव ने कंपनी द्वारा गेस्ट लेक्चर के बाद शैक्षिक भ्रमण की व्यवस्था का भी आश्वाशन दिया।

## सड़क दुर्घटना में नानी व पोती की दर्दनाक मौत



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के मठिया विशंभर माधोपुर के मठिया चौराहे पर शुक्रवार को अनियंत्रित टैक्टर की ठोकर से एक मासूम बच्ची सहित महिला की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के सखवनिया बुजुर्ग के टोला ओझा टोला निवासी उस्मान अंसारी कसया दीवानी न्यायालय से मुकदमा की पैरवी कर वापस अपने घर जा रहे थे कि मठिया चौराहे पर विपरीत दिशा से माटी लादी आइसर टैक्टर आ रहा था टैक्टर अनियंत्रि होकर बाइक सवार को ठोकर मार दिया जिससे बाइक चालक बाइक लेकर दूसरे तरफ गिर गया जबकि बाइक पर बैठी मतरून नेशा पत्नी उस्मान अंसारी व उनकी लड़की की लडकी गोधनी उर्फ अजिमा टैक्टर के साइड में गिर गए और मिट्टी लदा ट्राली का चक्का नानी व नाती के ऊपर चढ़ गया जिससे मासूम सहित दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। किसी ने इसकी सूचना कसया थाने को दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव और ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में लिया शव को पोस्टमार्टम के लिया जिला मुख्यालय रबिंद्र नगर भेज दिया।

## दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने शुक्रवार को दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्राप्त सूचना के मुताबिक थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के भैसही बाजार के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 397/2023 धारा 363/366,376 भादवि व ङ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकाश मे आये वांछित अभियुक्त राहुल उर्फ रोहित पुत्र सुरेश निवासी तुर्कडीहा थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक रविभूषण राय हेड कांस्टेबल वंशगोपाल शर्मा कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## मुठभेड़ में तीन इनामिया पशु तस्कर के पैर में लगी गोली



**तीनों गिरफ्तार, एक पर 50 हजार तो दूसरे पर 25 हजार घोषित था इनाम**

**देवरिया रोड पर एक राइस मिल के पास हुई मुठभेड़**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र में देवरिया हाटा रोड शुक्रवार की सुबह पुलिस और पशु तस्करों में मुठभेड़ हो गई। इस दौरान इनामिया तीन पशु तस्करों के पैर में गोली लगी जिन्हे पुलिस गिरफ्तार कर लिया। एक पर 50 हजार तो दूसरे पर 25 हजार रुपए इनाम घोषित कर रखी थी।

बता दें कि एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर गोवंशी पशुओं की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना कोतवाली हाटा, थाना कप्तानगंज व साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पटना मिश्रौली, देवरिया हाटा रोड राइस मिल के पास बैरियर/गाड़ाबन्दी कर चेकिंग की जा रही थी कि एक पिकप वाहन सामने से आते हुए दिखाई दी जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास गया कि पीकप वाहन में सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से गोली चलायी गयी जवाबी प्रतिरक्षा में अभियुक्त जफरुद्दीन पुत्र आबिद अली निवासी सोहसा पट्टी थाना कसया जनपद कुशीनगर, वाहिद रजा उर्फ मोनू शेख पुत्र सगीर निवासी लाला गुरवलिया थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर व मुस्तफा अली पुत्र नूरमोहम्मद निवासी नरहवा थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज (बिहार) घायल हो गयें जिनको गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके से तीन तमन्चा 315 बोर, छह फायरशुदा खोखा कारतूस 315 बोर, आठ जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक रस्सी, एक लकडी का ठिहा, दो बांका, एक पिकप वाहन, 1200 रुपये नगद की बरामद की गई।

पुलिस के मुताबिक अभियुक्त जफरुद्दीन के खिलाफ विभिन्न थानों में दो दर्जन से ज्यादा मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 राज प्रकाश सिंह थाना हाटा, प्र0नि0 मनोज कुमार पन्त साइबर सेल मय टीम जनपद कुशीनगर, थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार थाना कप्तानगंज कुशीनगर, उ0नि0 चन्द्रभूषण पाण्डेय सहित दर्जनों पुलिस मौजूद रही।

## क्षतिग्रस्त सड़कों की नहीं हो सकी मरम्मत

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जनपद में जलापूर्ति के लिए बिछाई गई



पाइपलाइन के कारण बड़ी तादात में सड़के क्षतिग्रस्त हुई थी उनमें से कुछ की मरम्मत तो कर दी गई है लेकिन ग्रामीण अंचल की काफी सड़कें अभी भी क्षतिग्रस्त दिखाई दे रही है जिसके कारण राहगीरों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली गांव की अधिकांश सड़कें आज भी पाइपलाइन बिछाने के दौरान खुदाई के लिए मिट्टी और गिट्टी सही तरीके से न दबाने के कारण क्षतिग्रस्त हैं। जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। गांव के खड़ंजे और इंटरलॉकिंग भी इसकी चपेट में है। वही एक मुख्य मार्ग जो विशेश्वरगंज सैंठा को जोड़ता है उस पर कुंवरगंज से आगे दो-तीन स्थानों पर क्रॉस पाइप लाइन डालने के दौरान मिट्टी दब गई और सड़क बैठ गई है जिसके कारण राहगीर आवागमन में परेशानी का सामना कर रहे हैं। वियसिया से हनुमानगढ़ी के मध्य में भी एक स्थान पर यह सड़क बैठी है इसी प्रकार अन्य कई सड़के हैं जो पाइप लाइन के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है उनको संबंधित विभाग दुरुस्त करने का नाम नहीं ले रहा है। कई बार उच्च अधिकारियों के निर्देश के बावजूद भी इस पर कार्यवाही नहीं की गई है जिसे लेकर राहगीर परेशान हैं।

# विकसित भारत हेतु समाज के अंतिम व्यक्ति, किसानों और महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यकः डॉ. रमापति

### मोदी की गारंटी का मतलब आत्मनिर्भर भारत, भ्रष्टाचार मुक्त भारतः डॉ. रमापति राम त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** पूरे उत्तर प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है। इसी क्रम में जनपद के विकासखंड देवरिया सदर के रानीघाट और फुलवरिया लक्षी में संकल्प यात्रा पहुंची। यात्रा का पहुंचने पर समस्त क्षेत्रवासी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोर-शोर से स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र देवरिया सदर के सांसद डॉ.रमापति राम त्रिपाठी रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ हुआ। इस दौरान सांसद त्रिपाठी ने कार्यक्रम में लगे विभागों के कैंपों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने मातहतों से यात्रा का उद्देश्य बताते हुए पात्रों को उनका हक देने को कहा। बतौर मुख्य अतिथि सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि यह संकल्प यात्रा साधारण परिवार के सपनों को पूरा करने ध्येय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प का प्रतीक है। मोदी की गारंटी का मतलब विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, सुशासन, सामाजिक न्याय, भ्रष्टाचार मुक्त भारत, और गरीब की गारंटी है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार का प्रत्येक परिवारों के तक पहुंचने से है। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराने के साथ ही प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इन योजनाओं से लाभान्वित करना है। कहा कि विकसित भारत के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान, गांव, गरीब, किसान महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों का सशक्तिकरण आवश्यक है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है। एक विकासशील राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए क्या-क्या आवश्यकताएं होती है, इसको एक विजन के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लिए जनता को सरकार के नहीं बल्कि सरकार को जनता के पास पहुंचना होगा। इसी संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली वैन पूरे देश में चलाई जा रही है। इसका आप सभी क्षेत्रवासी लाभ अवश्य उठाएं और इसका ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र में प्रचार प्रसार करें जिससे अन्य लोग भी लाभ ले सकें। इस दौरान विधानसभा संयोजक संजय तिवारी, नीरज शाही, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, पिंटू जायसवाल, संजय त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## सुरक्षा के लिए गरीब, निसहाय लोगों को भाजपा सरकार में कम्बल वितरण किया जा रहाः गौतम



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर के डाकबंगले पर निराश्रित,असहायों को भीषण ठंड से बचाने के उद्देश्य हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा गरीब, असहाय, निर्धन व विकलांग को ठंड से बचाव के लिए कम्बल का वितरण किया जा रहा है। तहसीलदार के नेतृत्व में लेखपालों के जरिए जरूरतमंदों को चिह्नित कर कंबल वितरित किया जा रहा है। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि आने वाले समय में ठंड का प्रकोप और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। जिसके कारण प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत पहले से ही सुरक्षा के लिए गरीब, निसहाय लोगों को कम्बल वितरण किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष सर्दी का मौसम आते ही जरूरतमंदों को शीतलहर से बचाव के लिए सरकार एक परंपरा के अनुरूप निशुल्क कंबल वितरण के कार्यक्रम करती है। सरकार की कोशिश है कि पात्र असहाय वर्ग के लोगो को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उक्त अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अमरेश सिंह, एसडीएम श्याम मणि तिवारी, अजय दूबे वत्स, भागीरथी सिंह, राजेश सिंह श्रीनेत, कृष्णमुरारी पाण्डेय, नागेन्द्र गुप्ता, सलटू पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## सेना में अग्निवीरों की भर्ती अविवेक पूर्ण निर्णयः शर्मा




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पूर्व सैनिक और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन की बैठक जिला टाउन हॉल स्थितकांग्रेस कार्यालय पर शुक्रवार को हुई जिसमें अग्निवीरों की समस्याओं व राष्ट्र की सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए संयोजक रिटायर्ड कर्नल प्रमोद शर्मा ने कहा कि सेना में अग्निवीरों की भर्ती अविवेक पूर्ण निर्णय है,यह निर्णय राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाला है।इस निर्णय लेने से सैनिक साथियों के साथ अन्याय हो रहा है।देश का वीर जवान लड़ाई के समय निश्चिंत होकर लड़ता है कि यदि जंग में बलिदान होना पड़े या कोई शरीर का अंग भंग हो जाता है तो भी सरकार मेरी पत्नी मां व बच्चों की देखभाल के लिए पर्याप्त राशि देगी। बैठक में ऋषिकेश मिश्र, सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी,आलोक त्रिपाठी राजन,सुनील द्विवेदी, नीलेश मणि त्रिपाठी, डॉ चतुरानन ओझा,सुहैल अंसारी, वीरेंद्र तिवारी, रमाशंकर यादव, राशिद अंसारी, अब्दुल जब्बार, कमलेश मिश्र, टुन्नू, राजकुमार यादव, दिनेश मिश्र, डॉ एसके पाठक, शिवशंकर सिंह, रविन्द्र मल्ल, अशोक गौंड आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## भारत को आत्मनिर्भर एवं वैश्विक शक्ति बनाने का प्रयास कर रहे मोदीः मदन

अवधनामा संवाददाता



योजनाओं की जानकारी देते पूर्व विधायक मदन गोविंद राव

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** भारत में तकनीकी विकास, वैज्ञानिक अनुसंधान, डिजिटल व्यवस्था तथा गांवों के बुनियादी ढांचे में बदलाव तथा मूलभूत सुविधाओं के विकास के माध्यम से नरेंद्र मोदी जी देश को आत्मनिर्भर एवं वैश्विक शक्ति बनाने का प्रयास कर रहे हैं। स्वावलंबी युवा, उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा ढांचा, परंपरागत कौशल का विकास तथा स्टार्टअप तथा महिला एवं बाल विकास सहित निशुल्क राशन, घरों को गैस एवं बिजली,शुद्ध पेयजल, पाँच लाख तक चिकित्सा बीमा तथा रेहड़ी पटरी सहित लघु एवं सूक्ष्म उद्योग का जाल बिछाकर गरीबी एवं बेरोजगारी के खिलाफ प्रधानमंत्री ने निर्णायक जंग छेड़ रखा है।

उक्त बातें शुक्रवार को कप्तानगंज विकास खण्ड के सुम्हाटार एवं सिसवा शुक्ल ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित चौपाल में बड़ी तादाद में एकत्रित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव ने कहा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीयों का भविष्य उज्जवल है तथा नये युग के दहलीज पर देश खड़ा है, देशवासियों को प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने में जी जान से जुटना चाहिए। चौपाल को मंडल अध्यक्ष आनंद मिश्र भाजपा नेता ब्रह्मा शंकर चौधरी दिनेश कुमार मल्ल जोगी प्रसाद ग्राम प्रधान शिववर्धन सिंह ग्राम प्रधान जगदम्बा सिंह नवनीत मिश्रा नोडल अधिकारी मंडल महामंत्री अंकित उपाध्याय अशोक दुबे मेवा सिंह श्याम जी पांडेय संजय तिवारी छोटू तिवारी मोती सिंह आदि ने संबोधित किया लगभग डेड वर्जन विभागों ने स्टाल लगाकर सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया चौपाल में मुख्य अतिथि मदन गोविन्द राव ने छोटे बच्चों को अन्नप्राशन कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का रस्म भी पूरा किया। इस अवसर पर वीडियो युक्त रथ के माध्यम से प्रधानमंत्री का संबोधन भी सुनाया गया।

## शोभा यात्रा निकाल घर-घर दिया गया पूजित अक्षत व निमंत्रण



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम अयोध्या में बने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हिन्दू संगठनों व भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र वितरण कर रहे है।

इसी के तहत शुक्रवार को मथौली कस्बा के वार्ड नंबर सोलह में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर घिवहीं से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य शोभा यात्रा के साथ निमंत्रण देना आरंभ कर लोहेपार, सिरसिया, खैरेटवा, बहुआस, मथौली श्रीराम बाजार होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर पर पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान जिला बौद्धिक प्रमुख जनार्दन, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, चेयरमैन नवरंग सिंह, खंड संचालक हरीश पांडेय, खंड कार्यवाह विजय सैनी, सियाराम दास, संजय सिंह मुन्ना, आकाश जायसवाल, ज्ञानचंद कुंवर, दिनेश सिंह, सुरेश उपाध्याय, देवेन्द्र तिवारी, हेमंत सिंह, उमेश साहनी, मनीष सिंह, पारसनाथ जायसवाल, सभासद रविन्द्र सैनी, कृष्णा मद्धेशिया, हीरालाल अम्बे, अजय कनौजिया, रामनिवास सिंह, वशिष्ठ पांडेय, मणिचंद वर्मा, पारसनाथ कुशवाहा, लक्ष्मण वर्मा, प्रदुम्न मद्धेशिया आदि मौजूद रहे।

## 1993 बैच के आईपीएस डॉ. के एस प्रताप कुमार ने एडीजी जोन गोरखपुर का पदभार किया ग्रहण

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी डा के एस प्रताप कुमार ने एडीजी जोन गोरखपुर का पद भार ग्रहण किया गोरखपुर जोन को अपराध मुक्त जोन बनाना पहली प्राथमिकता होगी जोन से सटे जनपदों के अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बराबर रखी जाएगी और असंवैधानिक गतिविधियों पर बराबर नजर रखी जायेगी हमारे कार्यालय पर आने वाले हर फरियादियों की समस्याओ का निस्तारण किया जाएगा किसी के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। गोरखपुर डा श्री प्रताप कुमार के लिए कोई नया नही है गोरखपुर में वर्ष 2002 में बतौर एसएसपी भी रह चुके हैं।गोरखपुर जोन के ही बलरामपुर में भी पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं यहां की मूलभूत समस्याओं से रूबरू होने वाले श्री कुमार के लिए कोई नया नहीं होगा। सही कार्यो को करने में उन्हें तनिक भी हिचक नही लगती है वहीं गलत कार्य कराने या उसकी पैरवी करने वालो को वे पसंद भी नहीं करते। पीड़ित अपनी समस्या लेकर उनसे स्वयं मिले उसकी पूरी मदद की जाएगी, किसी बिचौलिए को साथ न लेकर आए तो और बेहतर होगा।बताते चले कि पीएसी मुख्यालय में बतौर एडीजी की तैनात हाल ही में पीएसी स्थापना दिवस मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ रहे। इस दौरान एडीजी डा के एस प्रताप कुमार की सराहनीय कार्य शैली की सीएम ने खूब तारीफ किया था और गोरखपुर जोन का एडीजी की तैनाती कर सीएम ने उन्हें इनाम के रूप में दे दिया। आईपीएस श्री कुमार मूल रूप से हैदराबाद के रहने वाले हैं। इसके पूर्व पीएसी मुख्यालय लखनऊ में एडीजी के पद पर तैनात रहे। श्री कुमार प्रयागराज जैसे जोन के साथ ही एडीजी क्राइम, सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ ही अन्य कई महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं सर्किट हाउस पर आईजी रेंज गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर जे रविंदर गौड वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई एसपी ट्रैफिक श्याम देव ने किया स्वागत।इससे पूर्व सर्किट हाउस पर एडीजी जोन डॉ के एस प्रताप कुमार का गॉड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया।

# राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ सुल्तानपुर ने कायम की मानवता की मिसाल

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा सप्ताह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को निःशुल्क रसोई में तैयार स्वादिष्ट गुणवत्तापूर्ण भोजन मरीज़ों तीमारदारों और यात्रियों की भूख मिटाने का कार्य निरन्तर किया जा रहा है । राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज खान के संयोजन में देर शाम बृहस्पतिवार को स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालय परिसर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस के गोयल ने निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और संगठन की खूब प्रसंशा की उन्होंने कहा कि भूखे की भूख मिटाना सबसे बड़ा सेवा धर्म है, वही रेलवे स्टेशन पर मुख्य टिकट कलेक्टर रईस अहमद ने भोजन वितरण कर जरूरतमन्दों को भोजन की थाली देकर शुरुआत किया और संगठन का धन्यवाद किया, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया मेन्यू में अरहर की दाल , सब्जी रोटी चावल गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन जिला अस्पताल में 343 और रेलवे स्टेशन पर 165 कुल 508 लाभर्थियों ने मुफ्त खाने का लाभ उठाया। संघ के उपाध्यक्ष मंजर सलीम, महमूद अहमद सोनू, संदीप तिवारी गोरखपुर, मिलन सेठ लक्ष्मी आलू भंडार, प्रदीप श्रीवास्तव, गार्ड अरुण कुमार मिश्रा ट्रेन मैनेजर, अब्दुर्रहमान , दानिश खान, डॉ0 शादाब खान, ज़ुबैर बघौना, मुहम्मद मुज्तबा अंसारी, राशिद भाई वर्दी टेलर, राशिद खान, कलीम खान , विजय निगम, विनय पाण्डेय , तौहीद खान, धीरज मिश्रा, मुकेश कुमार , गुरुप्रीत सिंह नफीसा खान, अमान उल्लाह खान , मास्टर जईद अली, मसरूर खान, भोलू खान, ज़ाकिर खान, इमरान तिरंगा ग्लास, हारून सेठ उस्मान किराना मर्चेन्ट सिंकन्दर वर्मा माता प्रसाद जायसवाल आदि का प्रमुख सहयोग रहा।

## श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह: अक्षत आमंत्रण सौंपा

**ललितपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुसांगिक संगठन सहकार भारती द्वारा अयोध्याजी में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित होने हेतु जनपद के सहकारिता कार्यालय व विभिन्न सहकारी समितियों पर जाकर अक्षत आमंत्रण देकर आमंत्रित किया गया। संगठन द्वारा रंजना धर्मेन्द्र गोस्वामी सभापति क्रय-विक्रय सहकारी समिति ललितपुर, बृजेश गुप्ता डायरेक्टर क्रय-विक्रय सहकारी समिति ललितपुर, अशोक कुमार यादव सहायक निबन्धक एवं सहायक आयुक्त सहकारिता ललितपुर, संदीप चैहान सचिव बहुद्देशीय सिविल लाइन ललितपुर सहकारी समिति, पंकज सिंह सचिव गौना बहुद्देशीय सहकारी समिति, सहदेव सिंह यादव सचिव बहुद्देशीय सहकारी समिति कल्याणपुरा, बृजराम पटेल सेवानिवृत सचिव सिविल लाइन ललितपुर आदि को अक्षत व आमंत्रण पत्र देकर श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्याजी चलने हेतु आमंत्रित किया गया।

# जाखलौन थाने का निरीक्षण कर एसपी ने दिये निर्देश

**कस्बे में पैदल गश्त करके आमजन से किया संवाद**

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने थाना जाखलौन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्पडेस्क, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया, तथा सम्पूर्ण थाना परिसर में साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक जाखलौन को निर्देशित किया गया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना जाखलौन को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन थाने पर आने वाले फरियादियों की शत-प्रतिशत जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण किया जाये। थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम और जमीनी संबंधी प्रकरणों में राजस्व विभाग के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा प्रभारी निरीक्षक जाखलौन को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही की जाये एवं हाइवे पर अवैध कट के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत पैदल गस्त कर व्यापारियों और आमजन मानस से संवाद किया गया एवं समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी। साथ ही दुकानों पर स्वेच्छा से सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया। व्यापारियों, आमजन मानस में सुरक्षा का भाव जागृत कर त्यौहारों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया गया। एसपी द्वारा थाना पर उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी एवं ड्यूटी के दौरान सर्दी से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## संक्षिप्त समचार

### डॉक्टर गजनफर के निधन पर आयोजित हुई शोकसभा

**सुल्तानपुर।** औषधि विक्रेता संघ के महासचिव गजनफर के देहांन्तोपरांत तिकोनिया पार्क के प्रांगण मे बृहस्पतिवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में स्वर्गीय डाक्टर की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर दो मिनिट का मौन रखकर शोकसंस्तृप्त आत्मा की प्रार्थना की। औषधि बिक्रेता संघ के चन्द्र शेखर गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, इस अवसर पर सन्तोष सिंह राज ,सतीश सिह अंजनी जयसवाल , संजय राजेश सिंह गुप्ता ,अर्जून सिंह, हाजी फिरोज अहमद,रमाशंकर सिह,प्रमोद मिश्रा, महेश मिश्र बैद,विजय पान्डेय पत्रकार, ,मन्टू मिश्रा, कलीम ,काजू,राजेश सिह पंकज बरनवाल, सलमान, योगेश, अफसर, रमेश मिश्रा, राकेश चौरसिया, मोहम्मद कलीम कमरुद्दीन ताजिम अनिल सिंह कफील् अनिल पाण्डेय सुभाष दुबे रिकु सिंह मिंटू सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

### रेलवे क्रासिंग पर बिक्की छोड़कर भागा, मुकदमा दर्ज

**सुल्तानपुर।** लखनऊ-वाराणसी वाया सुल्तानपुर रेल खंड पर बिक्की बाइक छोड़कर भागने वाले के खिलाफ आर पी एफ ने मुकदमा दर्ज किया। वाराणसी से लखनऊ की तरफ जाते समय गुरुवार की देर शाम सद्भावना से बिक्की टकराई थी। दिल्ली की तरफ जा रही सद्भावना एक्सप्रेस का संचालन प्रभावित हो गया था। बाइक चालक सादिक पुत्र किरकिरी निवासी लालगंज अझारा थाना लालगंज जिला प्रतापगढ़ को रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पखरौली रेलवे क्रॉसिंग का मामला बताया जा रहा है।आर पी एफ थाना अध्यक्ष मनोज कुमार बोले,रेल संचालन बाधित करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। न्यायालय के आदेश अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

### भाजपा नेताओं ने जूता पहनकर किया भूमिपूजन



**सुल्तानपुर।** काश पीएम मोदी के नक्शे कदम पर चलकर ये जनप्रतिनिधि भी संस्कार सीख जाते।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान करने वाले भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि उनसे सीख लेने को तैयार नहीं हैं। सुल्तानपुर के यह जनप्रतिनिधियों ने पूजा पाठ के कार्यक्रमों में भी जूता उतारना मुनासिब नहीं समझा। केश कुमारी बालिका इंटर कॉलेज के बगल स्थित पार्किंग स्थल के भूमि पूजन के अवसर पर नेताओं ने जूता उतारना मुनासिब नहीं समझा। सनातन धर्म की बात करने वाले नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल हो या शहर विधायक विनोद सिंह इन दोनों जनप्रतिनिधियों ने पूजा के दौरान जूता निकालना उचित नहीं समझा। हद तो तब हो गई जब नारियल भी जूता पहन कर फोड़े जाने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। खैर,जब जनप्रतिनिधि ही संस्कारित नहीं होंगे, तो कार्यकर्ताओ और पदाधिकारिओ से कैसे उम्मीद की जा सकती है।

### एनकाउंटर में मारा गया मोस्ट वांटेड व एक लाख का इनामिया विनोद उपाध्याय



**सुल्तानपुर।** पुलिस एनकाउंटर में एक लाख रुपये के इनामिया अभियुक्त विनोद उपाध्याय पुत्र रामकुमार उपाध्याय निवासी मयाबाजार थाना महाराजगंज अयोध्या को एसटीएफ टीम ने ढेर कर दिया। अपराध की दुनिया का बड़ा नाम और उत्तर प्रदेश के टॉप 61 माफिया की सूची में शामिल माफिया विनोद कुमार उपाध्याय पर एडीजी जोन गोरखपुर ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। गुरुवार की रात बदमाश विनोद उपाध्याय और एसटीएफ के मध्य थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई। जिसमें विनोद उपाध्याय गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर लाया गया। जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अभियुक्त विनोद के ऊपर कुल 35 मुकदमें विभिन्न जनपदों के भिन्न -भिन्न थानों में दर्ज़ हैं, जिसमें हत्या व हत्या के प्रयास के कई मुकदमें भी शामिल हैं। प्रदेश के बड़े माफियाओं में विनोद उपाध्याय का नाम शामिल था। पुलिस अन्य विधिक कार्यवाही में जुटी है।

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान



**सुल्तानपुर।** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। एसडीएम सदर सीपी पाठक,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका श्यामेंद्र मोहन और पीडब्ल्यूडी इंजीनियर सीडी मिश्र की मौजूदगी में पयागीपुर चौराहे से दरियापुर के बीच बुलडोजर द्वारा गरीब बेरोजगारों की दुकानें तोड़ डाली गई।प्रशासन ने अवैध गुमटियां हटाकर नगर पालिका का यात्री प्रतीक्षालय ढहा दिया। एसडीएम सदर सी.पी पाठक के अनुसार गोलाघाट तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक अतिक्रमण हटाओ अभियान में सहयोग करें। जिला मुख्यालय की लाइफ लाइन पर पिछले छह महीने से बन रहा गोपालदास का पुल अभी तक नही बन पाया है।जिसके चलते पूरा शहर जाम की समस्या से जूझ रहा है।देश का सबसे बड़ा दुर्गा पूजा के मेले के समय भी निर्माणाधीन रहा उक्त पुल अभी तक नही बन पाया है।नागरिकों ने चर्चा के दौरान बताया कि गरीबों की गुमटियों को तोड़कर जिला प्रशासन राम जन्म भूमि के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए सड़क तो अतिक्रमण मुक्त करवा रहा है,किंतु बीते छह माह से निर्मानाधीन गोपालदास का पुल बनवा नही परवाह है।

# जनपद में चिन्हित हुए 1990 संभावित कुष्ठ रोगी

अवधनामा संवाददाता

**जांच में पुष्टि होने पर सम्पूर्ण इलाज से होंगे कुष्ठ से मुक्त**



**बहराइच।** जनपद में 21 दिसंबर से 4 जनवरी तक अभियान चलाकर कुष्ठ रोग से मिलते-जुलते लक्षण वाले 1990 संभावित व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। अभियान में 4102 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम ने गृह भ्रमण कर चिन्हित व्यक्तियों की सूची विभाग को सौंप दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह ने बताया कि चिन्हित सभी संभावित व्यक्तियों की जांच की जायेगी और कुष्ठ रोग की पुष्टि होने पर मरीजों को सम्पूर्ण इलाज कर रोगमुक्त कराया जाएगा। उन्होंने बताया कुष्ठ रोग माइक्रोबैक्टीरियम लेपरे नामक जीवाणु के संक्रमण से होता है। यह मुख्यतः त्वचा, आँख, नाक और बाहरी तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। इलाज न किए जाने पर यह रोग स्थायी दिव्याङ्गता का कारण बन सकता है। शारीरिक विकृति के अलावा कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों को कलंक और भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है । उन्होंने बताया कुष्ठ रोग का इलाज संभव है और बीमारी की शुरुआत में ही इलाज कराने से इससे होने वाली दिव्याङ्गता को रोका जा सकता है। जिला कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ विनय श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के दौरान लोगों को यह संदेश भी दिया गया कि कुष्ठ की जांच व इलाज की सुविधा सभी ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों पर उपलब्ध है। समय से कुष्ठ रोग की पहचान होने पर उसका सम्पूर्ण इलाज संभव है। एक बार जब कुष्ठ रोगी दवा का सेवन शुरू कर देता है तो उससे दूसरों को यह बीमारी नहीं फैल सकती। समय से कुष्ठ का इलाज न करवाने पर यह विकृति या स्थायी दिव्यांगता का रूप ले सकता है।

कुष्ठ रोग के संभावित लक्षण में पाया जाता है त्वचा पर लाल या फीके धब्बे के साथ ही उसमें पूर्ण रूप से सुन्नपन या सुन्नपन का एहसास होना, चमकीली या तैलीय त्वचा होना, कर्ण पल्लव (कान के नीचे लटक रहा हिस्सा) का मोटा होना या उसमें गांठ होना, त्वचा पर कहीं भी गांठ होना, आँखों को बंद करने में दिक्कत, या आँखों से पानी आना, भौहों का खत्म होना, हाथ पैर में घाव या दर्द रहित छाले, कमीज या जैकेट के बटन बंद करने में असमर्थ होना, हाथ या पैर की उँगलियों का मुड़ जाना, चलते समय पैर का घिसट जाना, इनमें से कोई भी लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर जांच व इलाज कराया जा सकता है।

## सर्किल दर निर्धारण के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

**बहराइच।** वर्ष 2024 का सर्किल दर निर्धारण के सम्बंध में वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि हाईवे, सड़कों, चक मार्गो के किनारे वाली भूमि तथा विकसित हो रहे क्षेत्रों के भूमि का विशेष रूप से सर्वे कर लिया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, एआईजी स्टाम्प शील भ्रद चन्द्रा, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा अजित परेस, कैसरगंज पंकज दीक्षित, महसी राकेश चन्द्र मौर्या, पयागपुर दिनेश कुमार, मोतीपुर संजय कुमार, उप निबन्धक सदर राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, कैसरगंज जहांगीर, महसी प्रमोद कुमार सिंह, पयागपुर राकेश प्रसाद तिवारी, नानपारा राधा मोहन सिंह, मोतीपुर सुशील कुमार पासवान, तहसीलदार कैसरगंज अजय यादव, महसी पियूष श्रीवास्तव, तहसीलदार न्यायिक वशिष्ट वर्मा व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह जनवरी के प्रथम शनिवार 06 जनवरी 2024 को तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

# पार्टी संयोजक गिरफ्तारी, आप कार्यकर्ताओं ने किया उपवास

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेशीय आह्वान पर एक दिवसीय प्रदेश व केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध मे उपवास जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. की आध्यक्षता में श्रीवीरांगना अवन्तीबाई लोधी प्रतिमा स्थल तुवन चौराहा के पास सम्पन्न हुई। आप जिलाध्यक्ष एवं सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों द्वारा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा देश में केन्द्र सरकार की हिटलरशाही, तानाशाही रवैया एवं संविधान को मिटाकर लोकतंत्र की हत्या एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी को असंवैधानिक बताया। कहा कि केन्द्र सरकार स्वतन्त्र एजेन्सियों की मदद से पार्टी संयोजक आम आदमी पार्टी व दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की षड्यन्त्र पूर्वक गिरफ्तारी की साजिश करने के विरोध में एक दिवसीय उपवास किया। कहा कि आगे भी इस प्रकार की तानाशाही के खिलाफ लडाई लडने् एवं संघर्ष करने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये है। उपवास के बाद बांदा जिलाध्यक्ष स्व. अवधेश कुमार के आकस्मिक निधन पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा 2 मिनिट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया। उपवास में जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., विधानसभा अध्यक्ष हजारीलाल, गनेशराम रजक, रमेश झा, अशोक राजपूत एड. पटउवा, मनीष जैन, अनिल जैन, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष हरीबाई राजपूत, सुनीता, जानकी वाई, मीना, पूरनसिंह, बद्री प्रसाद लागौन, रोशनसिंह एवं सभी प्रकोष्ठो के जिलाध्यक्ष मौजूद थे।

## प्रधान प्रतिनिधि ने रोजगार सेवक को पीटा, मुकदमा

**सुलतानपुर।** बंधुआकला थाना क्षेत्र के दाउदपुर ग्राम सभा में तैनात रोजगार सेवक की पिटाई का मामला सामने आया है। रोजगार सेवक का आरोप है कि फर्जी कार्य करने से मना करने पर उसकी प्रधान प्रतिनिधि ने पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।बंधुआकला थाना क्षेत्र दाउदपुर निवासी रोजगार सेवक संजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि अनावश्यक दबाब बनाकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गलत कार्य कराना चाहते थे।

# समस्त विद्यालयों में आयोजित होंगे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम: एडीएम

**नुक्कड़ नाटक, रंगोली, वाद विवाद, स्लोगन, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताओं से मतदाताओं को लुभाएंगे स्कूली बच्चे**

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** आगामी 25 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विविध कार्यक्रमों के आयोजन हेतु आज अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं स्वीप कार्यक्रमों के आयोजन संबंधी विचार विमर्श किया गया तथा कार्ययोजना तैयार की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम- 2024 के अंतर्गत 18 जनवरी 2024 तक तहसील स्तर पर समस्त विद्यालयों में निबन्ध, वाद-विवाद, स्लोगन, चित्रकला, रंगोली एवं नुक्कड नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित कराये जाने हेतु तहसील स्वीप प्रमारी/प्रधानाचार्य को निर्देश दिये। साथ ही सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने यूपी स्वाइप योजना के अंतर्गत फ्लेक्सी लगाकर हस्ताक्षर अभियान चलाए जाने, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं एएनएम के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान प्रारंभ कराए जाने एवं थर्ड जेंडर व दिव्यांग मतदाताओं के विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक-नोडल अधिकारी स्वीप ने बताया कि तहसील स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागियों की 20 जनवरी 2024 को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक के अंत में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह ने आभार व्यक्त किया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार, जीआईसी तालबेहट प्रधानाचार्या अंजना वर्मा, सी.बी.गुप्ता इण्टर कॉलेज प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला परिषद इण्टर कॉलेज पाली प्रधानाचार्य किशन लाल चौधरी, सरस्वती इण्टर कॉलेज मड़ावरा प्रधानाचार्य अरविन्द नामदेव, राजकीय हाईस्कूल दावनी प्रधानाचार्य कोमल सिंह नरवरिया, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, प्रधान सहायक धर्मेंद्र कुमार मौर्य, वरिष्ठ सहायक जावेद खान आदि मौजूद रहे।

**आवश्यक सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा-पडरौना में हमारे द्वारा लिए गए पालिसी संख्या 298311955 में भूलवश हमारे पुकार का नाम HASHIBUN NESHA पत्नी ABDUL KAREEM अंकित है जबकि वास्तविक नाम MARJEENA पत्नी MD KARIM है। यही नाम आधार कार्ड में भी है। अतः हमें इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**मरजीना पत्नी मोहम्मद करीम।**
**ग्राम-चौपरिया, पोस्ट-सिधुआ बांगर, थाना-रविन्द्र नगर, कुशीनगर।**

**ग्राम पंचायत-खैरी उर्फ झुगहवा**
**वि.खं.-बढ़नी, सिद्धार्थनगर**

**अल्पकालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 20 /01/2024 से 22/01/2024 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 22/01/2024 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**सतीश कुमार**
**सचिव**
**ग्रा.पं. खैरी उर्फ झुगहवा**

**दिनेश यादव**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. खैरी उर्फ झुगहवा**

**ग्राम पंचायत-तौलिहवा**
**वि.खं.-बढ़नी, सिद्धार्थनगर**

**अल्पकालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 16/01/2024 से 18/01/2024 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 18/01/2024 को अपरान्ह 12:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**सतीश कुमार**
**सचिव**
**ग्रा.पं. तौलिहवा**

**झगरू**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. तौलिहवा**

# पीएम महोत्सव में वितरित किए गए स्वेटर

- सदर विधायक व राष्ट्रपति सम्मानित शिक्षक द्वारा छात्रों को किया गया संबोधित
- 50 छात्राओं में वितरित हुए स्वेटर

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज नगर के जीजीआईसी इंटर कॉलेज परिसर में पीएम वार्षिक महोत्सव दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति सम्मानित ओम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा 50 छात्राओं में स्वेटर वितरित किया गया।

वहीं मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं व छात्राओं के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं लाई जा रही है जिसमें छात्राओं व महिलाओं को बढ़ चढ़कर भागीदारी लेना चाहिए और जिला प्रदेश व देश का नाम रोशन करना चाहिए शिक्षा जगत में निशुल्क शिक्षा स्कॉलरशिप लैपटॉप टैबलेट स्मार्टफोन ट्राई साइकिल ड्रेस पठान पाटन सामग्री सहित अन्य योजनाओं का लाभ पढ़ने वाले स्टूडेंट छात्रों को दिए जा रहे हैं जिसका लाभ उठाते हुए लोग अपने उज्जवल भविष्य बनाएं जब हम सशक्त होंगे तभी सशक्त भारत होगा वही इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य रंजना शुक्ला वहा छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय की छात्राओं को हर प्रकार की शिक्षा दी जाती है टूरिज्म से लेकर विकसित भारत के हर ऐतिहासिक भौगोलिक सामाजिक राजनीतिक पुलिसिंग ब्राह्मण के नेतृत्व में जानकारी अवगत कराया जाता है वहीं पिछले कई वर्षों की बात इस वर्ष विद्यालय की कई छात्राओं ने अपने पठन-पाठन में बेहतर प्रदर्शन किया जिससे विद्यालय का नाम रोशन हुआ वहीं उन छात्रों को भी मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कराया गया और इसी तरह अन्य छात्राओं को भी प्रेरित किया गया की बढ़-चढ़कर शिक्षा जगत में अपना नाम रोशन करें और एक मुकाम को हासिल करें इस मौके पर वंदना सिंह ,चंद यादव, पूजा सिंह, प्राची गुप्ता, नेहा जाटव, वंदना ,भावना रानी, निशा सिंह, प्रीति, प्रकाश तिवारी सहित आदि मौजूद रहे।

## दो पक्षों में हुई मारपीट

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के पतारा गांव के मजरा क्योटरा गांव निवासी दो पक्ष में विवाद होने पर मारपीट हुई जिसमे दोनो पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है। क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा क्योटरा गांव निवासी मलखान पुत्र गोपाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी श्री कृष्ण व हरी किशन पुत्रगण कोरा व महेश व नरेश पुत्रगण हरिकिशन ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया मना करने पर मारपीट की जिससे मेरे चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। वही दूसरे पक्ष के हरिकिशन ने मलखान पुत्र गोपाल व रमेश ,रामफूल, छोटे पुत्रगण परसदवा द्वारा गाली गलौज करने मना करने पर मारपीट करने की तहरीर थाने में दी है।पुलिस ने मारपीट।करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# केंद्रीय रेल मंत्री से मिले समाज कल्याण राज्य मंत्री

- जिलें में हो रही परेशानीयो पर किया गहन चर्चा

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गौड़ ने गुरुवार को केंद्रीय रेल संचार तथा इलेक्ट्रॉनिक व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर जिलें में विभिन्न रेलवे क्रॉसिंग पर ब्रिज बनाए जाने के लिए उन्हें पत्रक सौंपा उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि सोनभद्र जनपद अति पिछड़ा अत्यंत दुरुह क्षेत्र है जहां कई जगहों पर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज ना होने की वजह से लोगों को घंटो रेलवे फाटक पर फाटक खुलने के इंतजार में खड़े रहना पड़ता हैं जिसके कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है उन्होंने चोपन गांव, पनारी अंतर्गत कड़िया फफराकुंड, जोगी डीह, रावर्टसगंज में पन्नुगंज रामगढ़ मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज, ग्राम पंचायत मारकुंडी के अवई सहित आधा दर्जन जगहों पर ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर पत्र सौंपा जिसपर केंद्रीय मंत्री ने गंभीरतापूर्वक विचार कर आगे की कार्रवाई जल्द अमल में लाने का आश्वासन दिया है।

## गोष्ठी में बतायीं सरकार की उपलब्धियां

**राठ/हमीरपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की 92 वीं जयंती के मौके पर नगर में आयी भारत संकल्प यात्रा को लेकर नगर के चोपरा मंदिर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान गोष्ठी में प्रदेश व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टालों से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने बताया कि केंद्र सरकार ने उज्वला योजना चलाकर महिलाओं का दुख दर्द समझते हुए उन्हें निशुल्क गैस सिलेंडर वितरित का धुएं से बचाया है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया बताया कि सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को पक्के आवास उपलब्ध कराए हैं।

# कूड़ा गाड़ियों से होगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का प्रचार

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जनपद स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के महर्षि बामदेव सभागार में समपन्न हुई। अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी वेदप्रकाश मौर्य ने की। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आगामी 10 फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। इसमें सभी आयु वर्ग को दवा का एक डोज खिलाया जाना है। बैठक में समस्त प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि 2 वर्ष से 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को 100 मिग्रा की एक टैबलेट, 06 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों के लिये 200 मिग्रा की दो टैबलेट तथा 15 वर्ष व इस से अधिक उम्र के लिये 300 मिग्रा की तीन टैबलेट डीईसी के साथ-साथ सभी को 400 मिग्रा की एक टैबलेट एल्बेन्डाजाल और एक टैब आइवरमेक्टिन खाना खाने के बाद खिलाई जानी है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं एवं गम्भीर रोग से ग्रसित रोगियों को उक्त दवा नहीं खिलाई जानी है। डीएम ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को सहयोग करने और समस्त ड्रग एडमिनिस्ट्रेटरों का प्रशिक्षण शत-प्रतिशत कराने के आदेश दिए। इस कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दवा खिलाने में सहयोग करने एवं नगर पालिका व नगर पंचायतों में कूडा उठाने वाली गाड़ियों से प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिये।

# मानव सेवा एनटीपीसी का धर्म: राजीव अकोटकर

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनागर में सीएसआर के तहत 1000 जरूरतमंद ग्रामीण जनों को कंबल वितरण का आयोजन शक्तेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में किया गया। इस कंबल वितरण कार्यक्रम में चिल्काडांड, कोटा, परसवार राजा एवं आस पास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के जन समुदाय भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर ने कहा कि एनटीपीसी का मूल धर्म मानव सेवा व जन कल्याण है। जिसके लिए एनटीपीसी सिंगरौली निरंतर अपने अथक प्रयासों व राष्ट्र प्रेम के साथ कार्य कर रही है। अपने उदबोधन में उन्होने बताया की एनटीपीसी सिंगरौली अब तक अपने आस पास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जन कल्याण व समाज कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करते आई है, और भविष्य में भी उनकी सेवा के लिए हमेशा खड़े रहेगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीबों और असहायों को इस भीषण ठंड से राहत प्रदान करने के लिए था। कंबल वितरण के साथ साथ एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा आम जनता के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया था। जिसमें जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क दवा, परामर्श, जांच व जलपान की भी व्यवस्था की गयी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बताया की एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा समाज कल्याण के अंतर्गत 7 जनवरी से ग्रामीण जन हेतु निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पीयूषा अकोटकर , अध्यक्षा, वनिता समाज, वनिता समाज की अन्य सदस्याएँ, डॉ. एस के खरे (महाप्रबंधक संजीवनी चिकित्सालय), जोसफ बास्टियन, (महाप्रबंधक ऐश डाइक प्रबंधन), सिद्धार्थ मण्डल (अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन), दिनेश प्रकाश पाण्डेय (थानाध्यक्ष शक्तिनगर), तथा यूनियन एसोशिएशन के सदस्यों द्वारा 1000 असहाय जनों को कंबल वितरित किया गया। इसी कार्यक्रम की अगली कड़ी में 06 जनवरी ,शनिवार को भी स्थानीय थाना शक्तिनगर में भी कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 350 कंबलों का किया वितरण



**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड डाला सीमेंट वर्क्स के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी सी एसआर के अंतर्गत दिनांक 5/1 /2024 दिन शुक्रवार को नगर पंचायत डाला में इकाई प्रमुख संदीप हिवारेकर ,मानव संसाधन प्रमुख पंकज पोद्दार के मार्गदर्शन एवं नगर पंचायत अध्यक्षा फुलमती देवी की अध्यक्षता में 350 कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाला नगर पंचायत के अध्यक्ष ने अल्ट्राटेक के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया वहीं आम नगर वासियों को कंबल वितरित कर इस सर्दी में निजात दिलाने में सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम में डाला नगर पंचायत के सभासद शबाना खान, आशा देवी, दीक्षा पटेल, संतोष कुशवाहा, अवनीश पांडे , बिंदु पटेल, ज्ञान देवी,के साथ भारी संख्या में पात्र लाभार्थी उपस्थित थे। अल्ट्राटेक सी एसआर प्रमुख रमेश पांडे एवं रोहित श्रीवास्तव इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष ने अल्ट्राटेक डाला सीमेंट वर्क्स को धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी जनप्रतिनिधि ने अल्ट्राटेक के इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया एवं आगे भी इस तरह के सहयोग की अपेक्षा की

### मंदिर में चोरी के चारों आरोपी गिरफ्तार



**मुस्करा हमीरपुर।** मुस्कुरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहा क्षेत्र के गहरौली गांव में बने मंदिर में बीते दिनों अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में चोरी करने वाले 4 अभियुक्तों को पुलिस ने माल सहित गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गहरौली गांव निवासी मंदिर के पुजारी भागवत प्रसाद की तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगो के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जिसके चलते पुलिस ने चारों वांछित आरोपियों को इमिलिया तिराहा ग्राम गहरौली मुस्करा से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी का सारा माल बरामद किया गया है। जिसमे 12 बोल्ट की दो अदद बैट्री, एक अदद पतंजली सौर्य ऊर्जा चार्जर बैट्री ई रिक्सा माडल, एक अदद बैट्री पतंजली अनन्त उर्जा 12 बोल्ट सौर बैट्री, और एटलस कम्पनी की सफेद रंग की एक अदद 12 वोल्ट सोलर बैट्री सहित ग्राम गहरौली निवासी बादल पुत्र राधेश्याम राजपूत, सुपर पुत्र समीर मुहम्मद, रहीम खान पुत्र रौशन अली, ग्राम पुनिया थाना खरेला महोबा निवासी प्रशान्त कुमार पुत्र संतोष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# 12460 सहायक अध्यापक अभ्यर्थियों की काउंसलिंग संपन्न

- डायट परिसर में एक दिवसी काउंसलिंग आयोजित की गई
- पूर्व में हुई भर्ती में न्यायालय के आदेश पर हुई काउंसलिंग

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** डायट परिसर में शुक्रवार को 12460 सहायक अध्यापक भर्ती अभ्यर्थियों की एक दिवासी काउंसलिंग सुबह 9:00 से शुरू की गई जिसमें 6 नोडल अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी वह शिक्षक कर्मी 20 कर्मचारी लगाकर काउंसलिंग बीएसए नवीन कुमार पाठक के दिशा निर्देशानुसार संपन्न कराया गया।

बीएसए नवीन कुमार पाठक ने बताया कि जनपद में कुछ वर्ष पूर्व 12460 सहायक अभ्यर्थी भारती काउंसलिंग मामले में अभ्यर्थियों द्वारा न्यायालय परिषद में मामला चल रहा था जिसमें न्यायालय के आदेश पर एक दिवसी काउंसलिंग डायट परिसर में खंड शिक्षा अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में छह लगाए गए एवं शिक्षक कर्मी के रूप में 20 कर्मचारियों को लगाकर काउंसलिंग संपन्न कराया गया जिसमें जनपद अथवा गैर जनपद के भी अभ्यर्थी मौजूद रहे जिनके डॉक्यूमेंट फाइल कागजात जांच के बाद नियुक्ति पत्र भी दिए गए न्यायालय के आदेश अनुसार दिया जाएगा। इस दौरान नोडल अधिकारी प्रेम शंकर राम खंड शिक्षा अधिकारी बभनी, अरविंद कुमार खंड शिक्षा अधिकारी करमा, देवमणि पांडे खंड शिक्षा अधिकारी कोन, सुनील कुमार खंड शिक्षा अधिकारी चोपन, महेंद्र मौर्य खंड शिक्षा अधिकारी दुद्धि,अरविंद कुमार पटेल खंड शिक्षा अधिकारी चतरा अथवा जय किशोर वर्मा डीसी सामुदायिक शिक्षा एसएसए एवं शिक्षक कर्मी आनंद देव पांडे, नीरज सिंह, जितेंद्र, अभिषेक कुमार, उमा पटेल, आनंद त्रिपाठी, मृत्युंजय कुमार सिंह, कमलेश सहित अन्य शिक्षकों की मौजूदगी में काउंसलिंग कराई गई।

# पूर्व विधायक प्रतिनिधी ने फीता काटकर किया उद्धघाटन

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** खप्टिहा कलां कस्बे में आयोजित सद्गुरु क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में आज बेसिक शिक्षा परिषद न्याय पंचायत खप्टिहा कलां तथा जय मां खेरापतिअतरहट के बीच मुकाबला हुआ। इस मैच का उद्घाटन पूर्व कांग्रेस विधायक दलजीत सिंह के प्रतिनिधि नंदू सिंह ने फीता काट कर तथा सदगुरुदेव महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर मैच की शुरुआत की। इस मैच में बेसिक शिक्षा परिषद न्याय पंचायत खप्टिहा कलां के कप्तान गौरव सिंह ने क्रिकेट के पहले टॉस जीत कर जय मां खेरापति टीम को बल्लेबाजी करने का आमंत्रण दिया अतरहट टीम के बल्लेबाजों ने 15 ओवर के इस निर्धारित मैच में कुल 98 रन बनाकर विजय के लिए 99 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए बेसिक शिक्षा परिषद न्याय पंचायत खप्टिहा कलां ने 9 ओवरों में यह मैच जीत लिया मैच में मैन ऑफ द मैच अंकित को 70 रन बनाने पर दिया गया अभय शुक्ला ने चार विकेट लिए इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रतिनिधि नंदू सिंह के अलावा ग्राम प्रधान खैरेई गोरेलाल तथा ग्राम प्रधान अलोना सुमित कुमार उपस्थित रहे अंपायर की भूमिका में जितेंद्र अवस्थी अंकित तोमर रहे कॉमेंटेटर मनोज दीक्षित व सोनू मिश्रा तथा टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष पूर्व ग्राम प्रधान जाहर सिंह उपस्थित रहे।

## दबंगों ने वृद्धा व उसकी बहू को लाठी से पीट किया मरणासन्न

**राठ/हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बिलरख गांव में सरकारी हैंडपंप पर गंदगी फैलाने का विरोध करने की खुन्नस से आक्रोशित दबंगों ने वृद्धा व उसकी बहु के साथ मारपीट कर उन्हें मरणासन्न कर दिया। पीड़िता ने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। राठ कोतवाली क्षेत्र के बिलरख गांव निवासी लांडकुँअर (70) पत्नी भवानीदीन ने बताया कि बीते दिन उसकी बहू नीलम (35) पुत्र पूरनलाल घर के दरवाजे पर लगे सरकारी हैंडपंप में नहा रही थी। तभी उसी दौरान उसके गांव का ही मनोज पासवान पुत्र विश्वनाथ जंगली सूअर लेकर हैंडपंप पर आया और उसे वहीं पर काटकर गंदगी फैलाने लगा।

# विष्णु महायज्ञ व रासलीला का समापन

- राधा कृष्ण गोपियों ने फूलों की खेली होली

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** कुरारा कस्बा कुरारा में चल रही विष्णु महायज्ञ व रास लीला का समापन बृज की फूलो की होली से समापन हुआ। होली में राधा कृष्ण व गोपियों ने लठ्ठ मार होली व फूलो की होली खेली। इस दौरान महिलाओं व पुरुषो की भारी भीड़ एकत्र रही।

कस्बा कुरारा में चल रही विष्णु महायज्ञ व रास लीला का समापन फूलो की बृज की होली के साथ हुआ। पहले कृष्ण व उनके सखा के साथ लठ्ठमार होली खेली। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण व राधा रानी के साथ फूलो से होली खेली गई। बृज की होली देखने के लिए कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं व पुरुषों की भीड़ एकत्र रही। लोगो ने भगवान श्री कृष्ण के साथ होली खेली। दो सप्ताह से चल रहे रासलीला व मेले का समापन हो गया।



### यज्ञ समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन

यज्ञ समापन अवसर पर मंडी समित में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो ने हजारों की संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में व्यापार मंडल ने सहयोग किया। तथा कस्बा वासियों के सहयोग से भंडारा संपन्न हुआ। जो कि देर रात तक चलता रहा।

# तेजी से हो रहा बिजली उपकेंद्र का निर्माण कार्य

- विधायक ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश
- लो वोल्टेज और ट्रिपिंग से उपभोक्ताओं को मिलेगी निजात

अवधनामा संवाददाता



**नरैनी।** अब लो बोल्टेज और बार-बार बिजली ट्रिप होने की समस्या से क्षेत्रवासियों को निजात मिल जाएगी। 132 केवी विद्युत उपकेंद्र के निरीक्षण के बाद क्षेत्रीय विधायक ने ये बात कही।

विधानसभा क्षेत्र में तुर्रा विद्युत उपकेंद्र में अधिक लोड होने के कारण कस्बा और उसके आसपास कालिंजर और करतल क्षेत्र से लगातार लो बोल्टेज एवं बार बार लाइन ट्रिप करने की गर्मियों में शिकायतें बनी रहती थी, जिसे दूर करने के उद्देश्य से भूपेंद्र सिंह का पुरवा गुढ़ा कला नरैनी में 35 करोड़ रुपए की लागत से 132 केवी विद्युत उपकेंद्र का विधायक ओममणी वर्मा की पहल के बाद तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। क्षेत्रीय विधायक ने गुरुवार को इस निर्माणाधीन उपकेंद्र का निरीक्षण किया। अधिशाषी अभियंता विद्युत पारेषण बांदा रवि कांत वर्मा ने बताया कि उपकेंद्र का लगभग 80 फीशदी सिविल वर्क पूरा हो चुका है। बाकी बचा विद्युतीकरण कार्य में लगभग 60 फीसदी विद्युत उपकरण केंद्र पहुंच चुके हैं शेष उपकरण आगामी 10 दिनों के अंदर प्राप्त हो जायेंगे। बताया कि इसी वर्ष फरवरी माह में इस उपकेंद्र को ऊर्जीकृत करने का लक्ष्य है जो समय से पूरा हो रहा है।विधायक ने बताया कि इस वर्ष इसके ऊर्जीकृत होने के बाद से क्षेत्रवासियों की विद्युत वोल्टेज और लाइन ट्रिप की समस्या समाप्त हो जाएगी जिससे सबको निर्बाध विद्युत सप्लाई मिलेगी।

# दुद्धी विधान सभा उपचुनाव की घोषणा, कार्यकर्ता अभी से कस ले कमर: रामनिहोर

अवधनामा संवाददाता



**दुद्धी।** स्थानीय डीसीएफ कालोनी स्थित गोंडवाना भवन प्रांगण में आज समाजवादी पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में दुद्धी विधान सभा के सभी सेक्टरों के प्रभारियों को उनके अधीन सभी बूथों की मतदाता सूची सौंपी गई और मतदाताओं से अभी से ही जनसंपर्क करने तथा छुटे मतदाताओं के नाम निर्वाचन सूची में जुड़वाने को निर्देश दिए गए। जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव ने कहा सभी सेक्टर प्रभारी के ऊपर एक पर्यवेक्षक नियुक्त किये गए है पर्यवेक्षक अपने अपने सेक्टरों का फीडबैक निरंतर लेते रहेंगें। उन्होंने कहा कि उपचुनाव की घोषणा कभी भी हो सकता है 15 जनवरी तक मतदाता सूची का मिलान कर जनसंपर्क शुरू कर दें। इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पदाधिकारियों को सौंपी गई तथा चुनाव के तैयारियों पर चर्चा हुई। इस मौके पर पूर्व मंत्री व विधायक विजय सिंह गोंड, विजय यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा, संजय यादव, पूर्व विधायक घोरावल रमेश चंद्र दुबे, पूर्व विधायक चकिया जितेंद्र कुमार, लोक सभा चुनाव प्रभारी निराला कोल, पूर्व प्रत्याशी ओबरा रवि गोंड, सुनील गोंड,बबलू धांगर जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति व युवजन सभा जिलाध्यक्ष, जुबेर आलम, आलिम वेग,अवधनारायण यादव, नीरेंद्र सिंह गोंड, राजू शर्मा, शकुंतला यादव, वाकुलुन निशा महिला ब्लॉक अध्यक्ष म्योरपुर, अजय यादव, अवधेश मिश्रा सहित काफी संख्या में सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फर्जी डाक्टर की खबर छापना पत्रकार को पड़ा भारी

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जनपद मे इन दिनों फर्जी रजिस्ट्रेशन के सहारे सैकडो नर्सिंग होम्स संचालित हो रहे हैं , अवधनामा ने बबेरू मे चल रहे लगभग एक दर्जन नर्सिंग होम्स का मामला उठाया था परंतु स्थानीय मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सहयोग से ये अवैध क्लीनिक आज भी संचालित हो रहै है। केन्द्र व प्रदेश की सरकारे जहां पत्रकारों की सुरक्षा के लिए आए दिन घोषणाए करती रहती हैं। वहीं इन सभी घोषणाओं को अमलीजामा नहीं पहनाया जाता है। जिससे अनैतिक कार्य में लिप्त अपराधी प्रवृत्ति के लोग अपने रसूख के चलते कलकारों को आए दिन धमकाते रहते हैं। ऐसा ही एक मामला जनपद में प्रकाश में आया है। जहां पर लखनऊ से प्रकाशित एक समाचार पत्र की महिला जिला संवाददाता को दबंगों द्वारा लगातार धमकाया जा रहा है। पीड़ित पत्रकार ने कोतवाली नगर में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराये जाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी नगर को दिये शिकायत पत्र में लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्र की जिला संवाददाता रूपा गोयल ने बताया कि बिसण्डा थाना क्षेत्र के सिंहपुर रोड ओरन में फर्जी क्लीनिक संचालित होने की खर सूत्रों द्वारा मिलने पर उनके द्वारा खबर को कवरेज किया गया। जिसमें अवैध रूप से फर्जी क्लीनिक में अवैध कार्य होते पाये गये। जिसको उनके कैमरे से रिकार्ड किया गया। वहीं उच्चाधिकारी से मौके पर मौजूद मरीज से बात की और फर्जी क्लीनिक के विरूद्ध कार्यवाही का आश्वासन भी दिया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता चैंपियन खिलाड़ियों को रूबी प्रसाद ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/घोरावल।** घोरावल तहसील के दक्षिण सीमावर्ती ग्राम रिजूल में स्वर्गीय अशोक कुमार त्रिपाठी मेमोरियल कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार की शाम फाइनल मैच रिजूल एवं घोरावल के बीच खेला गया ।टास जीत कर पहले बैटिंग करते हुए रिजूल की टीम द्वारा निर्धारित 8 ओवर में तीन विकेट पर 100 रन बनाए गए, रिजूल की तरफ से राहुल कुमार द्वारा 13 गेंद पर 37 रन बनाया गया जवाब में घोरावल स्पोर्टिंग की टीम आवश्यक 101 रन मात्र 6.3 ओवर में बनाकर चैंपियन हुई ।घोरावल के तरफ से साहिल अंसारी द्वारा मात्र 23 गेद पर 67 रन बनाकर मैं जीत लिया गया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज साहिल अंसारी को घोषित किया गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद रावर्टसगंज की अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने मैच का उद्घाटन किया। उन्होंने विजेता टीम घोरावल स्पोर्टिंग को विजेता ट्रॉफी और 11000 नगद पुरस्कार प्रदान किया जबकि उप विजेता रिजूल को उप विजेता ट्राफी तथा 7100 नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद रावर्टसगंज अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को खेल भावना महत्वपूर्ण ठहराया। उन्होंने कहा जहां विजेता टीम को बधाई है वही उप विजेता तथा अन्य टीमों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के प्रति संकल्पित होने की बात कही।

# 2017 के पहले प्रदेश में होता था खाद्यान्न घोटाला: योगी

अब यूपी सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अव्वल: मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 के पहले प्रदेश में खाद्यान्न घोटाला होता था। जिलों में गरीबों के खाद्यान्न पर डाका डाला जाता था। हमने सरकार बनने के बाद जब प्रदेश में 80 हजार से अधिक राशन की उचित दर की दुकानों पर एक साथ छापा मरवाया, तो 30 लाख फर्जी राशन कार्ड मिले। इनके नाम पर राशन तो निकलता था, लेकिन किसी जरूरतमंद को नहीं मिलता था। वहीं आज उत्तर प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली देश में सबसे उत्कृष्ट है। सीएम योगी ने शुक्रवार को आरटीआई भवन में राज्य सूचना आयोग की शिकायतों व द्वितीय अपीलों की ई-फाइलिंग व ऑनलाइन सुनवाई की सुविधा के लिए ऑनलाइन पोर्टल (सीएटीएस-यूपीएसआईसी) व मोबाइल ऐप (कंप्लेंट व अपील ट्रैकिंग सिस्टम-उप्र स्टेट इन्फॉर्मेशन कमीशन) का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में बड़ी संख्या में लोगों को बिना किसी घटतौली और देरी के खाद्यान्न मिल रहा है। इससे सरकार को प्रति वर्ष 1200 करोड़ रुपए की बचत हो रही है। सीएम ने कहा कि तकनीकी किसी व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम बन सकती है। इस ऑनलाइन पोर्टल और मोबाइल ऐप के शुरू होने से किसी भी व्यक्ति को अपनी शिकायतों के लिए राज्य सूचना आयोग के कार्यालय भौतिक रूप से नहीं आना पड़ेगा। उन्होंने खुशी जताई कि आज उत्तर प्रदेश, देश का पहला राज्य बन गया है, जिसके सूचना आयोग के पास शिकायतों के निस्तारण के लिए अपना साफ्टवेयर और ऐप है। कार्यक्रम में राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त भावेश कुमार सिंह, प्रदेश के सूचना आयुक्त आदि उपस्थित थे।



### ई-सुनवाई आज की जरूरत, बाबू इसमें रोड़ा

सीएम ने कहा कि ई-हियरिंग (सुनवाई) आज समय की मांग है, लेकिन बाबू (क्लर्क) लोग इसे होने नहीं देंगे। क्योंकि वह इन्हीं चीजों का दुरुपयोग करते हैं। हमें पूरी शक्ति के साथ इस दिशा में आगे बढ़ना होगा, तभी लोगों का लोकतंत्र में विश्वास मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि तीन साल के अंदर राज्य सूचना आयोग ने 110000 से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। 85 हजार नए मामले आए हैं। अगर तकनीकी का सही प्रयोग करते हुए बेहतर टीम वर्क के साथ काम किया गया तो आने वाले समय में सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण होगा।

### सीएम हेल्पलाइन से एक साल में 22 लाख मामलों का निस्तारण

सीएम योगी ने कहा कि 2017 में जब हमारी सरकार बनी तो राजस्व विभाग में वरासत, नामांतरण और पैमाइश के 12 लाख मामले लंबित थे। हमने इस दिशा में मिशन मोड में काम शुरू किया। अगले दो महीने में लाखों मामलों का निस्तारण किया गया। हमने आईजीआरएस पोर्टल विकसित किया, इससे राजस्व विभाग से जुड़े मामलों के निस्तारण में तेजी आई। आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सरकार ने सीएम हेल्प लाइन 1076 शुरू की। सिर्फ आईजीआरएस पोर्टल और सीएम हेल्प लाइन के माध्यम से 2017-18 में 22 लाख से अधिक मामलों का निस्तारण किया गया। इससे प्रदेश के लोगों की संतुष्टि का स्तर बढ़ा है। इसी से ईज ऑफ लिविंग का रास्ता भी शुरू होता है।

### भाषा विवि का आठवां दीक्षांत समारोह 13 को

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन 13 जनवरी को होगा। विदित है कि विश्वविद्यालय के डिग्री वितरण कार्यक्रम को दीक्षांत समारोह कहते हैं। इस वर्ष के दीक्षांत समारोह का आयोजन जनवरी 13 को होना सुनिश्चित हुआ है। इसके लिए विश्वविद्यालय के द्वारा विद्यार्थियों को सूचित किया गया है 10 से 12 जनवरी के मध्य 11 बजे से 02 बजे के मध्य 600 रूपये शुल्क जमा करके अपना अंगवस्त्र परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। समापन के पश्चात 15-16 जनवरी को अंगवस्त्र जमा कर 500 रूपये के सुरक्षा शुल्क को परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से वापिस प्राप्त कर सकते हैं। सम्बन्धित विद्यार्थी और अधिक जानकारी के लिए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# 5000 महिलाएं एक साथ करेंगी सुंदरकांड का पाठ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सत्य सनातन नारी शक्ति द्वारा सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल पूरे भारत में महिलाओं को सनातन धर्म के ज्ञान का पाठ सीखा रही है,पूरे भारत में अब तक कई प्रदेश कई जिलों में महिलाओं का संगठन गठित कर जिलों के एक- एक मंदिर में सुंदरकांड का पाठ कराती है। इसी क्रम में आज सावित्री प्लाजा भूतनाथ मार्केट इंदिरा नगर लखनऊ में 51 शक्तिपीठ महिलाओं के साथ मिलकर आगामी 22 जनवरी राम लला के मंदिर में आगमन की खुशी में आज से ही सभी जिलों में गरीबों को कंबल वितरत किया जाने एवम् 10 मार्च को झूलेलाल वाटिका गोमती तट हसनगंज में एक साथ 5000 महिलाएं सुंदरकांड का पाठ करेंगी का संकल्प लिया। साथ ही जनता से यह अपील की वह ज्यादा से ज्यादा इस धर्म के कार्य में उपस्थित हो और प्रत्येक मंगलवार को अपने निकट मंदिर में पहुंचकर सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें एवं अपने आसपास के लोगों को भी जागृत करें जिससे हमारा सनातन धर्म आगे बढ़ सके।साथ ही सरकार से यह प्रार्थना की लखनऊ को अधिकारिक नाम लक्ष्मणपुरी का दर्जा दिया जाए।



### राहुल गांधी के नेतृत्व में 20 जिलों से होकर निकलेगी भारत जोड़ो यात्रा

**लखनऊ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रदेश के 20 जिलों से होकर 11 दिनों में 1074 किलोमीटर का सफर तय करेगी। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से होकर गुजरने वाली यात्रा से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को व्यापक तौर पर फायदा होगा। श्री अवस्थी ने कहा कि देश में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक असमानता से न्याय दिलाने और भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बढ़ती गैर बराबरी के खिलाफ, आम आदमी की उम्मीदों के लिए यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। श्री अवस्थी ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रदेश में वाराणसी से प्रवेश कर प्रयागराज, प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ, सीतपुर, बरेली, मुरादाबाद, ज्योतिबाफुले नगर, बदायूं, अलीगढ़, मथुरा, आगरा होते हुए लगभग 20 जनपदों से गुजरेगी।

अयोध्या धाम में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर परिवहन आयुक्त ने दिये आवश्यक निर्देश

# चालक-परिचालक श्रद्धालुओं से करेंगे सभ्य आचरण: परिवहन आयुक्त

धूम्रपान का न करें सेवन, निर्धारित रेट से अधिक किराया न वसूला जाये

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने जनपद अयोध्या एवं लखनऊ के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने जनपद से सम्बन्धित ट्रेवेल एजेन्सियों के प्रतिनिधियों एवं निजी बस संचालकों के साथ बैठक कर उन्होंने चालकों एवं परिचालकों को सभ्य आचरण करने, धूम्रपान/गुटखा आदि का सेवन न करने, वर्दी में होने, आगन्तुकों से निर्धारित रेट से अधिक किराया न वसूल करने के संबंध में प्रशिक्षित करें। साथ ही उन्होंने वाहनों में किराया सूची तथा डैशबोर्ड पर ड्राइवर का फोटो सहित नाम व ड्राइविंग लाइसेंस नम्बर आदि रखने के भी निर्देश दिये है। उन्होंने लखनऊ के अधिकारियों को ओला एवं उबर के संचालकों के साथ भी बैठक कर उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। यह भी निर्देश दिए कि निजी बस वाहन संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें इस बात से अवगत कराया जाय कि अयोध्या में प्रस्तावित उक्त महत्वपूर्ण भक्तिमय कार्यक्रम के लिए श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने वाली बसों में साफ-सफाई के साथ-साथ फूल मालाओं से सुसज्जित रखने तथा भक्ति गीत बजाये जाने हेतु चालकों/परिचालकों से वार्ता कर अमल में लाए। परिवहन आयुक्त ने जनपद अयोध्या को जाने वाले समस्त हाईवेज के प्रत्येक टोल प्लाजा पर परिवहन विभाग का संयुक्त हेल्पडेस्क रोडवेज के अधिकारियों के साथ बनाया जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक टोल प्लाजा पर लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन किये जाने हेतु प्रसारण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा/ यातायात नियमों की होर्डिंग भी लगायी जाय तथा परिवहन विभाग का टोल-फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-1800-151 एवं जनपद स्तरीय विभागीय कंट्रोल रूम एवं मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम का नम्बर भी प्रदर्शित किया जाये।

# उ.प्र. निवेश की अपार संभावनाओं वाला प्रदेश: राकेश सचान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशमउद्योग, वस्त्रोद्योग, हथकरघा मंत्री राकेश सचान से आज कनाडा हिन्दू चैंबर आफ कामर्स, टोरंटो के 23 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भेंटकर महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया। इण्डो अमेरिकन बिजनेस चैंबर आफ एमएसएमई, उ0प्र0 के तत्वधान में तिलक मार्ग स्थित खादी भवन के सभागार में आयोजित बैठक में एमएसएमई मंत्री और कनाडा के प्रतिनिधिमंडल के मध्य एमएसएमई सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में आद्योगिक एवं व्यापारिक संबंधों को और अधिक मज़बूत करने पर चर्चा हुई।

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने इस अवसर पर प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश की अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है। आपसी सहयोग से भारत एवं कनाडा दोनों देशों के व्यापारिक रिश्ते मज़बूत होंगे तथा व्यापारियों को लाभ मिलेगा। एमएसएमई मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार व्यापार के लिए अनुकूल सभी क्षेत्रों में सुधार हेतु बेहतर कार्य कर रही है। प्रदेश की क़ानून व्यवस्था देश में सबसे अच्छी है। सड़क, रेल और वायु परिवहन के नेटवर्क को मज़बूत किया जा रहा है। परिवहन नेटवर्क अच्छा होने से निर्यात में आसानी होगी। प्रदेश में विद्युत उत्पादन को बढ़ाकर सभी क्षेत्रों में 24 घंटे की विद्युत आपूर्ति की तरफ़ प्रदेश सरकार बढ़ रही है।

### कल्याण सिंह एक जुझारू एवं संघर्षशील जनप्रतिनिधि थे: केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने कैंप कार्यालय सात- कालिदास मार्ग पर ,राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह (बाबू जी) की जन्म जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कल्याण सिंह (बाबू जी) संघर्षशील एवं जुझारू जनप्रतिनिधि थे। उन्हें राष्ट्रवादी राजनेता के रूप में जाना जाता है। उनका राजनीतिक जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया । मौर्य ने स्वर्गीय कल्याण सिंह की जन्म तिथि के अवसर पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि समाज और राष्ट्र की निःस्वार्थ सेवा के लिए श्रद्धेय बाबू जी हमेशा याद किये जाएंगे।

# शहीदों की बरसी पर मजलिस आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

कुरान ने शहीद की अबदी जिंदगी का ऐलान किया है और कहा कि वह अपने रब के पास से रिज्क पाते हैं: मौलाना रजा हैदर जैदी

**लखनऊ।** शहीद कासिम सुलेमानी, शहीद अबू मेहदी अल मोहंदिस और शेख बाकिर अल निम्र की बरसी पर मजलिसे उलमा-ए-हिन्द की ओर से जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में मजलिस आयोजित हुई। मजलिस को हौजए इल्मिया हजरत दिलदार अली गुफरानमआब के प्रिंसिपल मौलाना रजा हैदर जैदी ने खिताब किया। मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि कुरान ने शहीद की अबदी जिंदगी का ऐलान किया है और कहा कि वह अपने रब के पास से रिज्क पाते हैं। इसलिए शहीद को मुर्दा मानना कुरान के हुक्म के खिलाफ है। जनरल सुलेमानी ने आईएसआईएस और औपनिवेशिक ताकतों को मात दी थी, इसीलिए अमेरिका ने कायरतापूर्ण हमले में उन्हें शहीद कर दिया। उन्होंने कहा कि जंग जज्बात से नहीं बल्कि जज्बे से जीती जाती है, इसलिए जब भी प्रतिरोध मोर्चे की ओर से कोई कदम उठाया जाए तो समझ लें कि इसमें जज्बात शामिल नहीं हैं, बल्कि जज्बे के आधार पर फैसला लिया गया है। इस्राईल ने जज्बे में आकर गाजा को खत्म करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन सफल नहीं हो सका, लेकिन जो रणनीति के अनुसार लड़ रहे हैं आज जंग उनके पाले में है। मौलाना ने शहीद सुलेमानी की बरसी के मौके पर ईरान के शहर किरमान में हुए आतंकी हमले को हारी हुई मानसिकता का परिणाम बताया। मौलाना ने हजरत अबुल फजलिल अब्बास की शहादत का जिक्र किया तो अकीदतमंद बेकरार हो उठे। मजलिस में शहीदों के ईसाले सवाब के लिए फातिहा पढ़ कर ईसाल किया गया।



# रेलवे मल्हौर से बाराबंकी तक दो और नई लाइनें बिछाने का काम शुरू




### स्पेशल ट्रेनों के संचलन अवधि में विस्तार

**लखनऊ।** रेलवे ने यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व से चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों का संचलन अवधि के विस्तार में संशोधन किया है। संशोधित तिथि के अनुसार 01027 दादर गोरखपुर स्पेशल ट्रेन 9 जनवरी से 31 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार, शनिवार एवं रविवार को दादर से तथा 01028 गोरखपुर दादर स्पेशल ट्रेन 11 जनवरी से 2 अप्रैल तक प्रत्येक बृहस्पतिवार, शनिवार, सोमवार एवं मंगलवार को गोरखपुर से चलाई जायेगी।

### अस्थाई ठहराव 6 माह के लिए बढ़ाया

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने यात्री सुविधा के लिए 19037 व 19038 बांद्रा टर्मिनस बरौनी बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का रामगंज मण्डी स्टेशन पर पूर्व से 1 फरवरी तक दिया जा रहा अस्थाई ठहराव 30 जुलाई तक अगले 6 माह के लिए बढ़ाया जा रहा है। इस ट्रेन का रामगंज मण्डी स्टेशन पर ठहराव वर्तमान समयनुसार प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह ने दी।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रेलवे मल्हौर से बाराबंकी तक दो और नई लाइनें बिछाने का काम शुरू हो गया है। इसे पूरा होने में डेढ़ वर्ष लगेगा। करीब 450 करोड़ इसकी लागत आयेगी। बाराबंकी से लखनऊ के रूट पर अभी तक दो ही लाइन हैं। जबकि ट्रेनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अयोध्या में राम मंदिर के बाद ट्रेनों की संख्या और बढ़ेगी। ऐसे में वर्तमान व्यवस्था के मुताबिक ट्रेनों की लेटलतीफी और बढ़ेगी। इसे देखते हुए रेलवे ने मल्हौर से बाराबंकी तक करीब 16.42 किमी लम्बी डबल लेन लाइन बिछाई जा रही है। डबल होने की वजह से इसकी दूरी 32.84 किमी हो जायेगी। इसका काम भी शुरू कर दिया गया है। उत्तर रेलवे के मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश कुमार सपरा ने बताया कि काम शुरू कर दिया गया है। इन दो नई लाइनों के बन जाने से बाराबंकी में ट्रेनों को इंतजार करने से काफी राहत मिल जायेगी। गोंडा और अयोध्या की ओर से लखनऊ आने वाली ट्रेनों को रूट व्यस्त होने से बाराबंकी में ट्रेनों को रोकना पड़ रहा है। ट्रेन लखनऊ पहुंचने वाली ट्रेनें अक्सर लेट पहुंचती है इससे यात्रियों को परेशानी हो रही है।

# अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड ने किया जोड़ो यात्रा का जोरदार स्वागत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस द्वारा यू.पी. जोड़ो यात्रा के अंतर्गत आज लखनऊ में यह यात्रा दाखिल हुई जिसका गर्भ जोशी के साथ जोर-जोर तरीके से स्वागत किया गया यह यात्रा उत्तर प्रदेश के अधिकतर जिलों से होती हुई आज लखनऊ पहुंची इस यात्रा का नेतृत्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ऊर्जावान अध्यक्ष अजय राय ने किया ने किया अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मेहंदी हसन बबलू ने बताया यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजमतउल्लाह शहर अध्यक्ष मोनू व सैकड़ो की तादाद में पदाधिकारी स्वागत करने वालों में शामिल थे। मेहंदी हसन ने बताया लखनऊ के कांग्रेसी जन एवं आम जनता स्वागत करने वालों में हजारों की तादाद में फूलों की माला एवं फूल लेकर सड़क के किनारे खड़े थे राहुल गांधी जिंदाबाद अजय राय जिंदाबाद के तारों से लखनऊ की सड़के गूंजने लगी।



# दस्तरखान का त्योहार बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अमीर उल मोमेनीन हजरत अली अलैहिस्सलाम के बेटे और दूसरे इमाम, हजरत इमाम हसन (अ.स.) के नाम से मशहूर दस्तरखान का त्योहार शुक्रवार को बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। इमाम (अ.स.) की याद में घर घर दस्तरखान सजाये गये। इस मौके पर मगरिब की नमाज के बाद लोगों ने अपने घरों में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों,फलों, मेवों और मिठाइयों पर हजरत इमाम हसन (अ.स) की नज्र दी। नज्र के बाद लोगों ने अपने रिश्तेदारों, अजीजों और दोस्तों के घर जाकर नज्र चखी और मन्नत मांगी। इस खुशी के मौके पर पुराने शहर के इलाकों में काफी रौनक रही, विशेषकर नज्र चखने में जहां बच्चों में काफी उत्साह नजर आ रहा था वहीं पुरुष और महिलायें भी नज्र चखने के लिए एक-दूसरे के यहां जाने में मशगूल थे। लोगों ने नज्र चखने के साथ-साथ गत वर्ष पूरी हुई मन्नते भी बढ़ायी। दस्तरखान के सिलसिले में उलमा ने बताया कि हजरत इमाम हसन (अ.स.) के घर में पूरे साल दस्तरखान का इंतजाम किया जाता था जो सबके लिए खुला रहता था। कोई मुसाफिर,जायर,भूखा, मुफलिस, फकीर, असीर जो चाहे आकर उस दस्तरखान पर खा सकता था। उन्होंने कहा कि इस्लाम की नजर में दूसरों, खास कर गरीब और जरूरतमंद लोगों को खाना खिलाना बहुत अज्र और सवाब है।

### डिब्रूगढ़ लालगढ़ एक्सप्रेस के आगमन व प्रस्थान में परिवर्तन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने ट्रेन नम्बर 15909 डिब्रूगढ़ लालगढ़ एक्सप्रेस के लखनऊ स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान के समय में परिवर्तिन किया गया है। डिब्रूगढ़ से 4 जनवरी से चलाई जा रही 15909 डिब्रूगढ़ लालगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित समय के अनुसार लखनऊ के उत्तर रेलवे स्टेशन पर तड़के 5:10 बजे पहुंचकर 5:20 बजे रवाना हुई। गरीब रथ के भी समय में हुआ बदलाव लखनऊ (सं)। वंदे भारत ट्रेन के संचालन समय को ध्यान में रखते हुए सहरसा से चलाई जा रही 12203 सहरसा अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। सीपीआरओ पंकज सिंह ने बताया कि सहरसा से चलाई जा रही 12203 सहरसा अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस परिवर्तित समयानुसार गोविन्दगढ़ से शाम 6:10 बजे, लुधियाना से 7:25 बजे, फगवाड़ा से 7:56 बजे, जलन्धर सिटी से 8:35 बजे तथा व्यास से रात्रि 9:07 बजे छूटकर अमृतसर 10:05 बजे पहुंचेगी।

# मुमताज पी.जी. कॉलेज में छात्र-छात्राओं को वितरित किये गये स्मार्टफोन



छात्रों को विभिन्न विभागों की विकासशील योजनाओं की दी जानकारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुमताज पी.जी. कॉलेज के मौलाना अली मियां हॉल में स्वामी विवेका नंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत कॉलेज के सभी संकायों के छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क स्मार्टफोन वितरित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के मनेजर सय्यद अतहर नबी एडवोकेट ने की उन्होंने उत्तर प्रदेश में डिजी शक्ति द्वारा चलायी जा रही योजना की सराहना की और कहा कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना यूपी की शुरुआत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की है। उन्होंने इस अवसर सरकार द्वारा चलाइ जा रही विभिन्न योजनाओं का ज़िक्र करते हुए कहा इससे युवाओं को बड़ा लाभ मिलेगा। मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा एमएलसी, बी. जेपी लखनऊ महानगर से विधान परिषद सदस्य हैं और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बहुत करीबी हैं। मविशिष्ट अतिथि अंबर फाउंडेशन के अध्यक्ष वफा अब्बास, जो कई वर्षों से शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में बहुत उपयोगी और प्रभावी कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज प्रॉक्टर डॉ. मुहम्मद सलमान खान नदवी ने किया और डॉ. शाज़िया सिद्दीकी ने डीजे शक्ति प्रोजेक्ट पेश किया। प्रोफेसर नसीम अहमद खान ने मेहमानों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में अंजुमन इस्लाह अल-मुस्लिमीन के प्रभारी एवं कॉलेज प्रशासक के सदस्य सैयद बिलाल नूरानी और प्रशासनिक परिषद के सदस्य, नोडल अधिकारी डॉ. अब्दुल मुईद सिद्दीकी, वाणिज्य और कला संकाय के सभी शिक्षक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारी और साढ़े तीन सौ से अधिक छात्र डिजी शक्ति के तहत स्मार्टफोन प्राप्त करने वालों ने भाग लिया।

### सरवर मलिक बने बसपा के महानगर अध्यक्ष

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सरवर मलिक को लखनऊ महानगर की ज़िम्मेदारी देते हुए महानगर अध्यक्ष बनाया है। शैलेंद्र कुमार गौतम जिला अध्यक्ष लखनऊ ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सरवर मलिक को लखनऊ महानगर अध्यक्ष और दुर्गेश वाल्मीकि को महासचिव लखनऊ महानगर के पद की ज़िम्मेदारी दी गई है। ज्ञात रहे इससे पूर्व सरवर मलिक लखनऊ उत्तर से विधान सभा और उनकी पत्नी शाहीन बानो मेयर के पद का चुनाव लड़ चुकी हैं।

# ट्रेन नं. 19716 व 19715 का दो मिनट प्रायोगिक ठहराव



**लखनऊ।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने ट्रेन नम्बर 19716 व 19715 गोमतीनगर जयपुर गोमतीनगर एक्सप्रेस का कायमगंज स्टेशन पर 6 जनवरी से प्रायोगिक आधार पर 2 मिनट का ठहराव अगले आदेश तक प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी देते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि जिसके बाद गोमतीनगर से 6 जनवरी से प्रस्थान करने वाली 19716 गोमतीनगर जयपुर एक्सप्रेस रात्रि 10:34 बजे कायमगंज स्टेशन पहुंचकर 10:36 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार जयपुर से 7 जनवरी से प्रस्थान करने वाली 19715 जयपुर गोमतीनगर एक्सप्रेस तड़के 4:58 बजे कायमगंज स्टेशन पहुंचकर 5 बजे प्रस्थान करेगी।

### अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध चला औचक जांच अभियान

**लखनऊ।** मंडल के वाणिज्य विभाग की कैटरिंग, रेल सुरक्षा बल, वाणिज्य निरीक्षक एवं टिकट चेकिंग टीम ने संयुक्त रूप से अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध औचक जांच अभियान चलाया। इस जांच के दौरान टीम ने ट्रेन नम्बर 13308 फिरोजपुर धनबाद गंगा सतलज एक्सप्रेस के लखनऊ स्टेशन पहुंचने पर सघन जांच की। इस जांच के दौरान चार वेंडरों को गाड़ी पर अनाधिकृत रूप से खाने पीने के पैकेट बेचते हुए पकड़ा गया। पूछताछ करने पर इन वेंडरों के पास से किसी भी प्रकार का कोई वैध प्राधिकार पत्र नहीं पाया गया। इन अनाधिकृत वेंडरों को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए रेल सुरक्षा बल के सुपुर्द कर दिया गया। यात्री किसी भी प्रकार की सहायता अथवा शिकायत के लिए रेलवे हेल्पलाइन संख्या 139 पर अथवा रेल मदद ऐप पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### कोलकाता आजमगढ़ साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन बहाल

**लखनऊ।** पूर्व में निरस्त कोलकाता से 8 जनवरी से चलने वाली 13137 कोलकाता आजमगढ़ साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन बहाल कर दिया गया है। यह ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग पर पूर्ववत चलायी जायेगी। इसके अलावा आजमगढ़ से 9 जनवरी से चलने वाली 13138 आजमगढ़ कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन बहाल कर अपने निर्धारित मार्ग मऊ, रसड़ा, बलिया व छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पर मऊ, भटनी व छपरा के रास्ते चलायी जायेगी।